सूर्योदय 5:51 सूर्यास्त 6:49

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.6 न्यू | 26.3 अधि |
| धर्मशाला | 16.1 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78553.20 |
| निफ्टी | 23851.65 |
| सोना 97,900 | चांदी 99,900 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 20 अप्रैल 2025 | 8 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 111, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




चहल आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक: श्रेयस अय्यर

पृष्ठ 14 पर

## आज के मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs पंजाब किंग्स

समयः दोपहर 3:30 बजे (मुल्लांपुर)

मुंबई इंडियंस vs चेन्नई सुपर किंग्स

समयः रात 7:30 बजे (वानखेड़े)

# ठेकेदारों के पेंडिंग बिलों का भुगतान 30 तक : सुक्खू

## सीएम ने वित्त विभाग के साथ की बैठक, हिमकेयर की राशि भी जारी करने को कहा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग सहित अन्य विभागों के ठेकेदारों के सभी बकाया भुगतानों को 30 अप्रैल तक निपटाया जाए। लंबे समय से ठेकेदारों के बिल अटके पड़े थे और वह लगातार पेंडिंग बिलों के भुगतान करने की गुहार लगा रहे थे।

**'सहारा योजना' के लाभार्थियों को समय पर किस्तें जारी करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने हिमकेयर योजना के तहत आईजीएमसी शिमला, पीजीआई चंडीगढ़ और टांडा मेडिकल कॉलेज के लंबित बिलों के शीघ्र भुगतान करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने 'सहारा योजना' के लाभार्थियों को समय पर किस्तें जारी करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उठाए गए कारगर कदमों के चलते प्रदेश की वित्तीय स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। वहीं, भाजपा लगातार बीते विधानसभा सत्र के अंदर और बाहर इस मुद्दे को उठा रही थी। इस मौके पर प्रधान सचिव वित्त दिवेश कुमार, विशेष सचिव वित्त सौरभ जस्सल उपस्थित थे।

## शिपकी-ला के रास्ते शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, केंद्र से करेंगे आग्रह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**हिमाचल** के किन्नौर जिले से शिपकी-ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का मामला केंद्र सरकार के समक्ष रखा जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री सुक्खू ने मध्य कमान, लखनऊ के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हिंदू, जैन, बौद्ध धर्म के लोगों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा का धार्मिक महत्व है। हर साल आध्यात्मिक विरासत का निर्वहन करते हुए हजारों तीर्थ यात्री कैलाश की यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्री शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से तिब्बत में प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र से सिक्किम, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश की तर्ज पर हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना करने का आग्रह करेगी, जिसमें राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय लोगों के लिए विशेष कोटा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एलएसी तक बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना और अन्य अर्धसैनिक बलों के साथ सहयोग और सहभागिता आवश्यक है। राज्य सरकार केंद्र से विभिन्न सैन्य और अर्धसैनिक बलों की इनर लाइन चेक पोस्टों को समाप्त करने का भी आग्रह करेगी, जिससे वर्तमान में पर्यटकों के लिए परमिट संबंधी बाधा उत्पन्न होती है।

# दिल्ली में बहुमंजिला आवासीय इमारत ढही, 11 लोगों की मौत

## रेस्क्यू टीम ने कई लोगों को जिंदा निकाला, मुस्तफाबाद इलाके में हुआ हादसा



एजेंसी, नई दिल्ली

**उत्तर**-पूर्वी दिल्ली के शक्ति विहार इलाके में शनिवार तड़के एक बहुमंजिला आवासीय इमारत के ढहने से 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोगों को जिंदा बाहर निकाला। वहीं, 5 लोगों की गंभीर स्थिति बनी हुई है।

**दुकानों के निर्माण कार्य के चलते हुआ हादसा**

एनडीआरएफ, अग्निशमन सेवा, पुलिस और अन्य बचावकर्मियों की टीम ने राष्ट्रीय राजधानी के मुस्तफाबाद इलाके में तड़के करीब तीन बजे ढही 20 साल पुरानी चार मंजिला इमारत के घटनास्थल पर 12 घंटे से अधिक समय तक बचाव कार्य चलाया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भूतल पर 'दो-तीन दुकानों' में हो रहे निर्माण कार्य के कारण इमारत ढह गई। वहीं, स्थानीय लोगों ने कहा कि नई दुकान पर निर्माण कार्य के कारण यह इमारत ढह गई। उन्होंने चार से पांच अन्य इमारतों की गंभीर स्थिति पर भी चिंता जताई। सीवर का गंदा पानी वर्षों से इमारतों की दीवारों में रिस रहा है। समय के साथ नमी के कारण ढांचा कमजोर होने से दीवारों में दरारें आ गई हैं। एनडीआरएफ के अधिकारी ने कहा कि मलबे में दबे लोगों के जिंदा बचने की संभावना बहुत कम है। इलाके में जगह की कमी की वजह से भारी मशीनों का उपयोग पूरी तरह से नहीं हो पा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन के सामने भी चुनौती खड़ी हो गई है।

### मुख्यमंत्री रेखा ने जताया दुख

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इमारत ढहने की घटना की जांच के आदेश दिए हैं और घटना पर दुख जताया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक बयान में कहा कि यह इमारत लगभग 20 साल पुरानी थी।


## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी 22 अप्रैल से सऊदी अरब यात्रा पर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 और 23 अप्रैल को सऊदी अरब के दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी को इस यात्रा का निमंत्रण सऊदी के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने दिया है। 2016 और 2019 के बाद यह पीएम मोदी की सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी। 2023 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस नई दिल्ली की राजकीय यात्रा पर आए थे। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया था और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता की थी।

### जम्मू-कश्मीर, अफगानिस्तान में लगे भूकंप के झटके



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर 12:17 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं, भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर और पाकिस्तान तक महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र श्रीनगर से 396 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। हालांकि, अब तक जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र 71.20 डिग्री पूर्वी देशांतर और 36.10 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर 130 किलोमीटर की गहराई में था।

### हिमाचल में दोगुना हुआ बसों का न्यूनतम किराया

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने प्रदेश में चल रही सभी स्टेज कैरिज बस सेवाओं के न्यूनतम किराए को दोगुना कर दिया है। बसों का न्यूनतम किराया 5 रुपए से बढ़ाकर 10 रुपए किया है। परिवहन विभाग की ओर से शनिवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, अब राज्य में बसों की न्यूनतम चार किलोमीटर की दूरी के लिए यात्री को 10 रुपए किराया देना होगा। यह निर्णय मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 67 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बाद लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि पहले पहले दो किलोमीटर की दूरी पर 5 रुपये किराया निर्धारित था, जिसे अब संशोधित कर 10 रुपए कर दिया गया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- रंगरिक में बनेगी हवाई पट्टी : सीएम सुक्खू -पेज 3
- रामपुर में तूफान से एक करोड़ रुपए का नुकसान -पेज 6
- पंडोह के घ्राण पुल के पास रात को हो रही अवैध माइनिंग -पेज 9
- खुद को नेता के रूप में नहीं देखता सत्य का साधक हूं: राहुल -पेज 13

# अस्तित्व में नहीं आई सुरंग, तो संकट में होगा बंगाणा शहर

## पूर्व सीएम धूमल के सपने को साकार करे कौन?

राजेश शर्मा, ऊना

अनंत ज्ञान खास खबर

**कुटलैहड़** की सियासत के केंद्र रहे बंगाणा शहर के अस्तित्व पर संकट पैदा हो गया है। मंदली से लठियानी के बीच प्रस्तावित पुल के निर्माण को हरी झंडी मिल चुकी है। इससे 12 महीने बंगाणा बाजार से होकर जाने वाला ट्रैफिक उस पुल से शुरू हो जाएगा। इस पुल के चालू होने के बाद बंगाणा बाजार के व्यापारियों पर संकट आ जाएगा। बता दें कि बंगाणा शहर और आसपास के क्षेत्र के अस्तित्व को बचाने के लिए बंगाणा से धनेटा के बीच सुरंग के निर्माण का सपना पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने बंगाणा के लोगों को दिखाया था।

इसके पीछे एक सोच थी कि कुटलैहड़ को दो भागों में बांटने वाली गोबिंदसागर झील पर पुल बनने से बंगाणा का थानाकलां से मलांगड़ तनोह तक दर्जनों पंचायतों के लोगों को यातायात सुविधा और कई तरह की कमियों का सामना करना पड़ेगा। बिलासपुर में ऐसे ही पुल के कारण यातायात उस पुल से डाइवर्ट हो चुका है। ऐसे ही स्थिति यहां लागू होगी और कई बस रूट अथवा प्रमुख तीर्थ स्थलों के जाने वाले वाहन भी उस मार्ग से जाएंगे। ऐसे में स्थिति से निपटने के लिए यह सुरंग का प्रस्ताव था, ताकि जो यातायात हमीरपुर अथवा ज्वालाजी तक जाना चाहे, वह इस सुरंग का इस्तेमाल कर सके, बहरहाल यह सपना भी फलीभूत नहीं हो पाया है। उपमंडल मुख्यालय समस्त उपमंडल स्तर के सरकारी कार्यों का केंद्र तो होगा, लेकिन मंदली से लठियानी के बीच प्रस्तावित पुल के निर्माण से बंगाणा बाजार का और इस क्षेत्र के कई गांवों का व्यापार भी प्रभावित होगा। वर्तमान की बात करें तो लाखों की तादाद में सालभर इस शहर से सैलानी मनाली और बाबा बालक नाथ जाते हैं, जिनके दम पर इस क्षेत्र में व्यापार चलता है। (अनंत ज्ञान)

### सुरंग से बचा रहेगा शहर का अस्तित्व : महेंद्र



**बंगाणा** के महेंद्र पाल शर्मा का कहना है कि ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में बंगाणा उपमंडल मुख्यालय भले ही बन गया है, लेकिन इस शहर के फलने-फूलने से पहले ही एक संकट पैदा हो गया है। सुरंग के निर्माण से बंगाणा शहर का अस्तित्व बचा रहेगा।

### विकास की दृष्टि में सुरंग अच्छा विकल्प : किशोरी



**डोहगी** के किशोरी लाल का कहना है कि बंगाणा शहर के अस्तित्व को बचाने के लिए कोई प्रयास होने चाहिए। औद्योगिक विकास अथवा पर्यटन की बड़ी योजना के अलावा सुरंग निर्माण अच्छा विकल्प है। अन्यथा इस शहर के उजड़ने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है।

### बंगाणा के अस्तित्व पर चिंता : अजय



**धुंदला** के अजय वर्मा का कहना कि पूर्व सरकारों ने हिमाचल के कई जिलों को आपस में जोड़ने के लिए पुल और सुरंग के निर्माण की घोषणा की थी। लोगों को ऐसे सपने भी दिखाए थे, इनमें से कुछ तो फलीभूत हो चुके हैं, लेकिन कुछ योजनाएं गुमनामी के अंधेरे में खो चुकी हैं। ऐसे ही हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में बंगाणा उपमंडल मुख्यालय के अस्तित्व को लेकर भी अब चिंतन होने लगा है।



'ऐसी कोई योजना अभी धरातल पर नहीं है। बंगाणा के विकास के लिए इसे नगर पंचायत का दर्जा दिलाया जा रहा है।

-विवेक शर्मा, विधायक।

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की हत्या

## बाइक सवारों ने घर से किया था किडनैप

एजेंसी, ढाका

**बांग्लादेश** में अज्ञात लोगों ने हिंदू नेता की हत्या कर दी। भाबेश चंद्र रॉय (58) को वीरवार दोपहर को घर से किडनैप किया था, जिसकी पीट-पीटकर कर हत्या कर दी गई। वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे।

हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से 330 किलोमीटर दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। भाबेश चंद्र रॉय की पत्नी शांतना ने बताया कि वीरवार को शाम 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आए और भाबेश को जबरदस्ती उठाकर ले गए। चश्मदीदों के मुताबिक, उन्हें पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। पहले नजदीकी अस्पताल पहुंचा और वहां से दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बीराल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अब्दुस सबूर ने बताया कि पुलिस संदिग्धों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए काम कर रही है।

### भारत बोला- बांग्लादेश करे सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा

**भारतीय** विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय की किडनैपिंग और हत्या के बारे में जानकारी मिली है। यह हत्या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का एक पैटर्न दिखती है। पहले भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनमें आरोपी बिना सजा पाए आजादी से घूमते हैं। हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना कोई बहाना बनाए या भेदभाव किए हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी निभाए।

## सेना ने सियाचिन ग्लेशियर और गलवान तक पहुंचाया 5जी मोबाइल नेटवर्क

**लद्दाख।** गलवान घाटी और सियाचिन ग्लेशियर जैसे दुनिया के सबसे और ऊंचे और दुर्गम रणक्षेत्र में अब 5जी कनेक्टिविटी मिलनी शुरू हो गई है। भारतीय सेना ने दूरस्थ सीमा गांवों को सशक्त बनाने के लिए ये सुविधा प्रदान पूर्वी लद्दाख, पश्चिमी लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर के फॉरवर्ड लोकेशन में मुहैया कराई है। भारतीय सेना के मुताबिक, पहली बार दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों जैसे दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ), गलवान, डेमचोक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों के पास 4जी और 5जी मोबाइल कनेक्टिविटी तक पहुंच है।

## 19 साल बाद एक साथ आ सकते हैं राज-उद्धव

**मुंबई।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक बार फिर साथ आ सकते हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को इस बात का संकेत दिया। राज ठाकरे ने कहा कि हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज है। महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है। राज ठाकरे ने एक यू-ट्यूब चैनल पर कहा कि किसी बड़े मकसद के आगे हमारे बीच की लड़ाइयां छोटी हैं। इधर, उद्धव का भी रिएक्शन आया है, उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था।

# संजौली मस्जिद मामला : आठ मई से पहले आएगा अंतिम फैसला

## नगर निगम आयुक्त कोर्ट ने वक्फ बोर्ड को तीन मई तक दस्तावेज पेश करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** की संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर चल रहे विवाद में अब अंतिम फैसला आठ मई से पहले सुनाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त की अदालत में शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की ओर से जवाब दाखिल किया गया।

मस्जिद की निचली दो मंजिलों पर मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए तीन मई तक का समय मांगा गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि तीन मई को भी अंतिम निर्णय नहीं हो पाता तो इसके बाद वह प्रतिदिन अपने कार्यालय में मामले की सुनवाई करेंगे, ताकि आठ मई की समयसीमा से पहले अंतिम आदेश सुनाया जा सके। अदालत ने मस्जिद कमेटी को निर्देश दिया कि ऊपरी दो मंजिलों से जल्द से जल्द अवैध दीवारें हटाई जाएं।

### वक्फ बोर्ड ने दाखिल किया जवाब

**संजौली** मस्जिद कमेटी के प्रधान मोहम्मद लतीफ ने बताया कि वक्फ बोर्ड की ओर से जवाब दाखिल कर दिया है और अब तीन मई तक दस्तावेज पेश किए जाएंगे। अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और दीवारें हटाई जा रही हैं। स्थानीय निवासियों की ओर से पक्ष रख रहे वकील जगत पाल ने कहा कि हाईकोर्ट ने नगर निगम आयुक्त को छह हफ्तों में मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया था, जिसकी अंतिम तारीख आठ मई है। वक्फ बोर्ड के पास मस्जिद की जमीन से जुड़ा कोई वैध राजस्व रिकॉर्ड नहीं है और अब पहली बार बोर्ड ने कहा है कि रिकॉर्ड अपडेट करने की प्रक्रिया चल रही है।

**तैयारी** हिमाचल में ठगों को सलाखों के पीछे पहुंचाएंगे साइबर कमांडो, हर पैमाने की पड़ताल कर फ्रॉड करने वालों पर कसेंगे शिकंजा

# साइबर अपराध को रोकेंगे नए प्रशिक्षित साइबर कमांडो

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला




**हिमाचल** में साइबर अपराध का दायरा बढ़ने लगा है। साइबर ठग नए-नए तरीके ढूंढ कर ठगी कर रहे हैं। उन्नत तकनीक का सहारा लेकर करोड़ों की राशि पर हाथ साफ कर रहे हैं।

हर रोज सैकड़ों शिकायतें मिल रही हैं। शिकायतों की संख्या बढ़ने पर साइबर सेल ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने को प्रशिक्षित कमांडो रखने का निर्णय लिया है। पुलिस विभाग प्रदेशभर में नए प्रशिक्षित साइबर कमांडो तैनात करेगा। प्रशिक्षित कमांडो साइबर ठगी के हर पैमाने की पड़ताल करेंगे और उसके समाधान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर उनकी नजर रहेगी। एक निश्चित समयसीमा के अंदर ये साइबर ठगों को सलाखों के पीछे पहुंचाएंगे। बाकायदा नए साइबर कमांडो केंद्रीय गृह मंत्रालय और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किए हैं। मौजूदा समय में दो महिला कर्मियों सहित चार साइबर कमांडो गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में छह महीने का साइबर कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद वापस आ गए हैं। साइबर कमांडो में मनु और मधु शर्मा नाम की दो महिला कर्मी और आकाश ठाकुर और राम शर्मा नाम के दो पुरुष शामिल हैं। इस साल की शुरुआत में गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में राज्य भर से 3,093 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया था। साइबर कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम साइबर से संबंधित अपराध से निपटने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। इस कार्यक्रम के तहत, पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों से निपटने के लिए साइबर कमांडो के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेंगे साइबर कमांडो : मोहित चावला

**प्रदेश** के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सीआईडी साइबर अपराध मोहित चावला ने बताया कि ये साइबर कमांडो साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और उन्हें रोकने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेंगे और साथ ही एथिकल हैकिंग और डाटा की सुरक्षा में भी लगे रहेंगे।

### 29 कर्मियों ने साइबर कमांडो टेस्ट किया पास

**डीआईजी** ने कहा कि हिमाचल पुलिस के 29 कर्मियों ने साइबर कमांडो टेस्ट उत्तीर्ण किया है। एक परीक्षा, जिसके माध्यम से साइबर कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पुलिस कर्मियों का चयन किया जाता है।

### 10 साइबर कमांडो का एट बैच शिमला में करेगा रिपोर्ट

**सबसे** पहले 10 साइबर कमांडो का एक बैच शिमला में रिपोर्ट करेगा, जिन्हें पूरे राज्य में भेजा जाएगा, जो साइबर अपराध से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई करेंगे। भविष्य में 29 साइबर कमांडो का एक और बैच रिपोर्ट करेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### उचित पोषण के लिए दैनिक आहार में विविधता जरूरी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नाश्ता या ब्रेकफास्ट हमारी दिनचर्या का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आहार है। अतः हमारी नाश्ते की थाली सतरंगे आहार से सजी होनी चाहिए। ऐसा आहार हमारे शरीर के लिए आवश्यक सभी तत्वों की पूर्ति करते हुए शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। भारतीय समाज की सदा से यह परंपरा रही है कि हम सुबह जब भी घर से किसी कार्य पर निकलते हैं तो खाना खाकर ही निकलते हैं ताकि शरीर में ऊर्जा तथा मन में आवश्यक उत्साह बना रहे। उक्त विचार सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने भटेरा में पोषण पखवाड़े के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यदि हम भोजन के पोषक (पोषण करने वाले), निवारक (रोगों से बचाने वाले) एवं उपचारात्मक (रोगों का उपचार करने वाले) गुणों को अच्छे से समझ लें तो हमें रोग अपनी गिरफ्त में नहीं ले सकेंगे और हम स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान अनिल शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### विधायक के प्रयासों से हुआ सड़क निर्माण : उदय



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कांग्रेस युवा नेता उदय कुमार ने कहा कि सुजानपुर विधायक के प्रयासों से डूहक से गाहरा तक सड़क का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि जब डूहक गांव के लोगों ने अपनी सड़क समस्या विधायक कैप्टन रणजीत सिंह के समक्ष रखी तो विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया और जल्द कार्य को शुरू करवाने का वादा किया। उनकी सड़क समस्या में कुछ जगह को लेकर लोगों में आपसी मतभेद थे। जिन्हें सुलझाया गया और लगभग 5 से 6 महीनों में 90 प्रतिशत सड़क का निर्माण करवाया गया। उन्होंने कहा कि विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया है।

### भोटा में अठखेलियां करता नजर आया सांपों का जोड़ा

**अनंत ज्ञान, भोटा।** राधा स्वामी चौक भोटा के समीप पुल के नीचे सफेद सांपों का एक जोड़ा अठखेलियां करता नजर आया। स्थानीय लोगों ने यह अद्भुत दृश्य देखकर तुरंत वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सांपों की लंबाई लगभग 8 से 10 फुट के बीच बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के चलते यह सांप पानी के किनारे या पानी पीने के लिए पुल के नीचे आ पहुंचे होंगे। लोगों का मानना है कि ये सफेद सांप दुर्लभ प्रजाति के हो सकते हैं और धार्मिक दृष्टिकोण से इसे भगवान शिव से भी जोड़ा जा रहा है।

### भोरंज में बद्दी की कंपनी के लिए साक्षात्कार 23 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की औरो टेक्सटाइल कंपनी (वर्धमान टेक्सटाइल की एक इकाई) में अप्रेंटिस और ऑपरेटर के 100 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 23 अप्रैल को सुबह दस बजे उप-रोजगार कार्यालय भोरंज, जिला हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता दसवीं, 10+2 पास तथा उसकी आयु 18 से 26 वर्ष होनी चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार 25 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला बिलासपुर की एसआईएस इंडिया कंपनी में सुरक्षा गार्ड तथा सुपरवाइजर के 100 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उप-रोजगार कार्यालय नादौन, जिला हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए दसवीं पास व फेल तथा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी की आयु 19 से 40 वर्ष तथा ऊंचाई 168 सेंटीमीटर व उससे अधिक तथा वजन 54 किलोग्राम से 95 किलोग्राम होना चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 80 छात्रों का हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज हमीरपुर में शनिवार को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, एमबीए एवं बी.फार्मेसी पाठ्यक्रमों के लगभग 350 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर कई नामी कंपनियों जैसे रिकल लैब, छोला फाइनेंस, इंडसलैंड बैंक, बजाज फिनसरव, एचडीबी फाइनेंसियल सर्विस, एटीएस और टीसीवाई हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों का इंटरव्यू लिया और उनकी क्षमताओं का मूल्यांकन किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान लगभग 80 छात्रों का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है, जिन्हें जल्द ही अपॉइंटमेंट लेटर प्रदान किए जाएंगे। कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर जगदीश गौतम एवं सचिव रजनीश गौतम ने सभी कंपनी प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत किया।

### बच्चों को वर्षा जल संचयन की तकनीक से किया रू-ब-रू



**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेशभर में जल संकट की बढ़ती समस्या को देखते हुए हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद व स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जल संरक्षण कार्यक्रम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कमल किशोर उप निदेशक स्कूल शिक्षा विभाग हमीरपुर ने बच्चों एवं शिक्षकों को जल संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। जल शक्ति विभाग हमीरपुर की तरफ से समन्वयक सुनील कुमार व ममता शर्मा ने पीने के पानी की जांच करने की विधियों से बच्चों को अवगत करवाया। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जाहू में पोषण पखवाड़े से लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना भोरंज के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां में पोषण पखवाड़े के तहत साइकिल रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय महिलाएं व बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा ने महिलाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को स्वस्थ और कुपोषण रहित बनाने के लिए जागरूकता के साथ सजगता बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां से हौड़ की ओर जाने वाली सड़क पर साइकिल रैली निकाली गई। इस अवसर सरोज वाला, स्वंयलता, शीतल देवी, रीता देवी, शशि कुमारी, सपना, शर्मिला देवी, शगुन, आयुष, आयान, माही, सहायिका माया देवी उपस्थित रही।

### सुप्रिया श्रीनेत की बौखलाहट स्वाभाविक : उषा बिरला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा नेत्री उषा बिरला ने कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के हालिया बयान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि श्रीनेत की बौखलाहट समझ में आती है क्योंकि अब उनके शीर्ष नेताओं को नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के सामने मनी लॉन्ड्रिंग के सवालों का जवाब देना होगा। इसी बौखलाहट में वे भूल गई कि अनुराग ठाकुर न केवल पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, बल्कि वे हमीरपुर से पांचवीं बार सांसद भी हैं। उषा बिरला ने अनुराग ठाकुर के उस बयान का समर्थन किया जिसमें उन्होंने कांग्रेस को 'फैमिली फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट और नेशन लास्ट' कहकर घेरा था। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर के नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस को बेनकाब करने के बाद से कांग्रेस के नेताओं में बेचैनी साफ झलक रही है। उनके बयानों में तिलमिलाहट और असहायता दिखाई देती है, जो बताता है कि सच सामने आने से वे घबराए हुए हैं। उषा बिरला ने प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस आए दिन वित्तीय संकट का रोना रोती है, जबकि बीते दो वर्षों में दो करोड़ रुपये से अधिक उन अखबारों को विज्ञापन में खर्च किए गए हैं, जो न हिमाचल में छपते हैं, न ही वहां पढ़ते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार बीते तीन वर्षों में एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है। सुप्रिया श्रीनेत को हिमाचल की जमीनी हकीकत और जनता की पीड़ा का अंदाजा नहीं है।

# नवजीवन पार्क में लगी सीएम की पट्टिका को शरारती तत्वों ने तोड़ा

## पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

नादौन विधानसभा क्षेत्र के गलोड़ कस्बे के हरेटा पंचायत में 4 करोड़ की लागत से बन रहे नवजीवन पार्क का 11 जनवरी 2025 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधिवत उद्घाटन किया था।

इस नवजीवन पार्क का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। वहीं नवजीवन पार्क में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम की पट्टिका को कुछ शरारती तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाया है। पट्टिका स्टील की बनी हुई है और इस पट्टिका पर सबसे ऊपर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का फोटो भी लगा हुआ था। शरारती तत्वों द्वारा इस फोटो को तोड़ दिया गया है।

इस नवजीवन पार्क में निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है और 30 से 40 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है। पार्क के बन जाने से क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के लोगों को




**11 जनवरी, 2025 को सीएम ने किया था उद्घाटन**

रोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे इस पार्क में चिल्ड्रन पार्क योगा प्वाइंट कैफेटेरिया छोटी-छोटी कॉटेज वाकिंग ट्रेल बाथ टावर व अन्य कई सुविधाएं लोगों को मिलेंगी। मगर इस खराब मानसिकता के शिकार शरारती लोगों को यह सब सुविधाएं शायद पसंद नहीं हैं। मुख्यमंत्री के नाम की शिलान्यास पट्टिका से छेड़छाड़ की इस घटना पर क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग में गहरा रोष व्यापक है।

### शरारती तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा : थाना प्रभारी

**स्थानीय** पंचायत के उपप्रधान संजय शर्मा, प्रधान तृप्ता देवी, कपिल कुमार, राजीव ठाकुर, प्रधान संजीव शर्मा खास गलोड़, निकाराम शर्मा इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार, कैप्टन कमलेश चंद शर्मा, सुरजीत कुमार अन्य कई लोगों ने पुलिस से शीघ्र इन शरारती लोगों को पकड़ने की अपील की है। स्थानीय पंचायत के प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि स्थानीय जनता में इस पर गहरा रोष है और इन शरारती लोगों कि धरपकड़ के लिए पुलिस का सहयोग करने के लिए भी टीम बनाई गई है ताकि इस तरह की विकृत मानसिकता के शिकार लोगों को जनता के सामने लाया जा सके। इस मामले पर थाना प्रभारी बड़सर गुरवक्ष ने बताया कि इस मामले पर अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इन शरारती लोगों को पकड़ने के लिए पुलिस जांच में जुट गई है सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी शरारती तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा।

# विमल नेगी मामले में सच छिपाने वालों को अंजाम भुगतना होगा : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में बहुचर्चित इंजीनियर विमल नेगी आत्महत्या प्रकरण एक बार फिर सियासी गरमाहट में है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इस संवेदनशील मामले को लेकर प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली और मंशा पर गहरे सवाल खड़े किए हैं। राजेंद्र राणा ने कहा कि यह बेहद चैंकाने वाला है कि विमल नेगी की डेड बॉडी बिलासपुर जिले में मिली, लेकिन वहीं एक महत्वपूर्ण पेन ड्राइव भी बरामद हुई जिसे शिमला से आए एक एएसआई ने कथित रूप से तीन हफ्ते तक अपने पास रखा। यह एएसआई तीन हफ्ते तक पुलिस के किस आलाधिकारी या राजनेता के संपर्क में रहा और उनके बीच क्या बातचीत होती रही।

राणा ने पूछा कि बिलासपुर जिले की जूरिडिक्शन में शिमला का एएसआई क्या कर रहा था। उसे वहां किसने भेजा और उसने तीन हफ्ते तक वह पेन ड्राइव क्यों अपने पास रखी। उन्होंने आशंका जताई कि पेन ड्राइव से छेड़छाड़ की गई हो सकती है, और यह जांच के साथ खुला खिलवाड़ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब एसआईटी ने पेन ड्राइव मांगी, तो क्या वही मूल



**कहा-सुक्खू सरकार इस मामले की जांच तुरंत सीबीआई को सौंपे**

ड्राइव उन्हें सौंपी गई या उसमें कुछ बदला गया। राणा ने आरोप लगाया कि इस मामले में एसआईटी पर भी गहरा दबाव है, तभी तो गठित टीम के अधिकांश सदस्य या तो खुद हट गए या उन्हें हटा दिया गया।

उन्होंने कहा कि जो एकमात्र अधिकारी एसआईटी में बचा है, वह भी इससे पीछा छुड़ाने की कोशिश में है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गठित की गई एसआईटी में शामिल अधिकारी व कर्मचारी यह समझ चुके हैं कि जिस तरह शिमला के गुड़िया कांड में सबूत मिटाने वालों को जेल की हवा खानी पड़ी, वैसे ही विमल नेगी मामले में भी सच छिपाने की कोशिश करने वालों को अंजाम भुगतना होगा, इसलिए जाकर लोग एसआईटी छोड़ कर चले गए हैं या उन्हें चेंज कर दिया गया है। राजेंद्र राणा ने सवाल उठाया कि आखिर सरकार दोषियों को बचाने में क्यों जुटी है। उन्होंने कहा कि ऐसा क्या राज है, जिसके उजागर होते ही सरकार में बैठे बड़े नेताओं के होश उड़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार के पास छिपाने को कुछ नहीं है तो वह इस मामले की जांच तुरंत सीबीआई को सौंपे। वरना यह जनता के साथ विश्वासघात और न्याय व्यवस्था के साथ खिलवाड़ होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रकरण अब सिर्फ एक आत्महत्या नहीं, बल्कि सियासी और प्रशासनिक सच्चाई की परीक्षा बन चुका है।

# विद्यार्थियों ने भाषण और लेखन प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

डीएवी विद्यालय आलमपुर के छात्रों द्वारा डीएवी संस्था के प्रथम मुख्याध्यापक महात्मा हंसराज जी की 161वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में छात्रों ने महात्मा हंसराज की जीवनी से संबंधित भाषण प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता व नारा-लेखन में भाग लिया।

साथ ही भव्य रैली का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएवी विद्यालय के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने महात्मा हंसराज के जीवन पर प्रकाश डाला।



# चिकित्सा शिविर में मरीजों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

माता जानकी नर्सिंग कॉलेज के सहयोग से पार्क अस्पताल द्वारा शनिवार को यहां आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच की गई। न्यूरोसर्जरी के डॉ. अनिल सोफत और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के डॉ. राहुल कक्कड़ सहित दो चिकित्सा विशेषज्ञों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मरीजों की जांच की।

डॉ. अनिल सोफत ने कहा कि यह देखा गया कि क्षेत्र में कोई न्यूरोसर्जन नहीं है, इसलिए पार्क अस्पताल प्रबंधन ने न्यूरोलॉजी से संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे लोगों को उनके घर पर परामर्श प्रदान करने में मदद करने का निर्णय

**स्वास्थ्य के लिए खान-पान की आदतों में सुधार करना बेहद जरूरी**

**माता जानकी नर्सिंग कॉलेज के सहयोग से लगाया कैंप**

लिया। उन्होंने कहा कि पार्क अस्पताल में सर्वोत्तम न्यूरोसर्जरी सुविधाएं उपलब्ध हैं और अल्जाइमर जैसी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि अल्जाइमर रोग एक प्रगतिशील न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार है जो मुख्य रूप से स्मृति, सोच और तर्क कौशल को प्रभावित करता है और यह मनोभ्रंश का सबसे आम कारण है।

डॉ. राहुल कक्कड़ ने कहा कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए लोगों को अपनी खान-पान की आदतों में सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां जांचे गए मरीजों को उनकी अस्वास्थ्यकर खान-पान की आदतों के कारण समस्याएं थीं।

पार्क अस्पताल के मुख्य महाप्रबंधक समर्थ देब ने कहा कि पार्क अस्पताल उत्तर भारत में दूसरी सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है। उन्होंने कहा कि पार्क समूह 13 एनएबीएच मान्यता प्राप्त मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का नेटवर्क संचालित करता है।

### युवा पीढ़ी को दी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार (अपना विद्यालय) कार्यक्रम के तहत शिक्षा के स्तर में गुणवता लाने, नशा-खोरी को रोकने के तहत राजकीय विद्यालय को गोद लेने के संदर्भ में शनिवार को पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ा, नादौन जिला हमीरपुर में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया तथा बच्चों से इस विषय पर वार्तालाप करके महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करके जागरुक किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर के द्वारा इस जिला में मादक पदार्थों के गैर कानूनी प्रवाह पर चर्चा की गई।

# युक्तिकरण में ज्वाइन शिक्षकों को करें 'रैफर बैक'

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय टीजीटी कला संघ ने सरकार से मांग की है कि टीजीटी युक्तिकरण के इस माह जारी समस्त युक्तिकरण आदेशों को रद्द किया जाए। होल्ड रखे आदेशों को रद्द किया जाए और 1 अप्रैल, 2025 की यथास्थिति लागू करने के आदेश दिए जाएं जिसके तहत युक्तिकरण के बाद अगले स्कूल में ज्वाइन कर चुके शिक्षक अब रैफर बैक किए जाएं।

संघ ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजा था, जिसे मुख्य सचिव ने शिक्षा सचिव को अग्रेषित कर उचित कार्यवाही के आदेश जारी किए हैं। यह जानकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि निदेशक स्कूल शिक्षा को अब इस बारे में अगले आदेश शीघ्र जारी करने चाहिए ताकि ज्वाइन हो चुके शिक्षक राहत अनुभव कर सकें। कोई भी आदेश या पूरी तरह लागू होते हैं या रद्द, मगर इन युक्तिकरण आदेशों की स्थिति ये है कि जिन्होंने अगले स्कूल में ज्वाइन नहीं किया, उनको पिछले स्कूल भेजा गया।

मगर ज्वाइन कर चुके शिक्षकों को रैफर बैक नहीं किया गया है। ऐसे में सभी युक्तिकरण आदेशों को रद्द करते हुए उन शिक्षकों को भी पिछले स्कूलों में ज्वाइन करने के आदेश दिए जाएं, जिन्होंने इन आदेशों की अनुपालना की थी और समायोजन का प्रयास तक नहीं किया था। युक्तिकरण का कार्य अगले सत्र में किया जाए और इस सत्र में उन सरप्लस पदों को समाप्त किया जाए जो टीजीटी शिक्षकों की सेवानिवृत्ति से रिक्त होंगे।

टीजीटी कला संघ ने निदेशक स्कूल शिक्षा से अपील की है कि अनुबंध टीजीटी शिक्षकों के नियमितीकरण के आदेश 21अप्रैल को जारी किए जाएं। शिक्षकों का सारा डाटा मार्च माह में मिल जाने के बाद नियमितीकरण में विलंब निराशाजनक है।

### जोगिंद्र सिंह राणा बने चौथी बार प्रधान

**अनंत ज्ञान, जाहू।** दी लदरोर कृषि सेवा सहकारी सभा समिति डाकघर लदरोर तहसील भोरज जिला हमीरपुर की प्रबंधक कमेटी का चुनाव दिनांक 16 अप्रैल, 2025 को सभा कार्यलय में निरीक्षक शगुन चम्बयाल की अध्यक्षता में हुआ।

इस दौरान सबकी सहम्मति के बाद उम्मीदवार जोगिंद्र सिंह राणा को चौथी बार सर्वसहमति से प्रधान चुना गया। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी द्वारा रतन चंद उपप्रधान, सुरजीत सिंह, उतम चंद, अजय कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया। जोगिंद्र राणा ने कहा कि कमेटी में बेहतरीन कार्य किया जाएगा।

# डीएवी भड़ोली स्कूल में मनाई महात्मा हंसराज की जयंती



**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी स्कूल भड़ोली में महात्मा हंसराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा महात्मा हंसराज पर आधारित समूह गायन, भाषण प्रस्तुत किए गए। प्रिंसिपल सुरजीत ने महात्मा हंसराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा हंसराज आर्य समाज के एक पथ-प्रदर्शक थे, उन्होंने तन-मन और धन से डीएवी की निस्वार्थ भाव से सेवा की।

# माथुर धीमान ने कलूर गांव में किया कोबरा का रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नादौन के साथ लगते कलूर पंचायत के वार्ड नंबर दो में कलूर गांव के बनवारी लाल के घर में एक खतरनाक कोबरा रेस्क्यू रेस्क्यू किया गया है।



बनवारी लाल ने बताया कि कोबरा कई बार रात को किचन में आ जाता और कई बार मकान के साथ रखी ईंटों में घुस जाता था। इस कारण पूरा गांव इस कोबरा की दहशत से परेशान था। लोगों ने बताया कि कई बार लोग इस कोबरा के दंश से बाल बाल बच्चे हैं। इस कोबरा की सूचना स्नेक सेवर, स्नेक मैन माथुर धीमान को दी गई।

माथुर धीमान ने अपनी बेटी खुशी दिमाग के साथ गांव में पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने ईंटों के देर में छिपे इस सांप को पकड़ा। उन्होंने कोबरा को काबू किया। माथुर धीमान ने बताया कि यह एक स्पेक्टेकल कोबरा प्रजाति का 6 फूट लंबा सांप था।

### हिम-आंचल पेंशनर्स संघ का चुनाव 22 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम-आंचल पेंशनर्स संघ, सुजानपुर खंड इकाई प्रधान पृथ्वी राज शर्मा ने कहा कि सुजानपुर खंड इकाई का सत्र 2025-27 का द्विवार्षिक चुनाव 22 अप्रैल को संकटमोचन मंदिर परिसर, भलेठ में पर्यवेक्षक जैशी राम विमल व रमेश धीमान की देखरेख में संपन्न होंगे।

खंड प्रधान द्वारा सुजानपुर खंड के समस्त पेंशनरों से अपील की है कि दो वर्ष के कार्यकाल के लिए कार्यकारिणी में योग्य पदाधिकारियों के चयन हेतु अधिक से अधिक संख्या में चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेकर नई कार्यकारिणी के गठन में अपना पूरा सहयोग दें।

# खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग द्वारा आयोजित संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को विद्यालय प्राचार्य सुनील चौहान द्वारा सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्राचार्य ने समस्त विजेताओं व खेलकूद शिक्षक अनिल कुमार को बधाई दी और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी यह उपलब्धि विद्यालय व विजेताओं के लिए सम्मान का विषय है और इससे विद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। विद्यालय प्राचार्य ने 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के अवसर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेट्स को भी सम्मानित किया।

**समस्या** | स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण जनता त्रस्त

# भोरंज अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल का क्षेत्रीय अस्पताल, जहां प्रतिदिन औसतन 450 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं, आज एक बुनियादी स्वास्थ्य सेवा के अभाव से जूझ रहा है। अस्पताल की एक्सरे मशीन पिछले एक वर्ष से खराब पड़ी है और अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी मरम्मत नहीं करवाई गई है।

स्थिति यह है कि किसी भी दुर्घटना या सड़क हादसे की स्थिति में घायलों को जब इस अस्पताल में लाया जाता है, तो डॉक्टर एक्सरे की आवश्यकता होने पर मरीजों को हमीरपुर रैफर कर देते हैं या उन्हें महंगे दामों पर निजी लैब में जांच करवानी पड़ती है। इससे न केवल मरीजों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है, बल्कि समय पर इलाज न मिलने से उनकी जान भी खतरे में पड़ सकती है।

**निजी लैबों को मिल रहा फायदा**



### निजी लैबों को लाभ पहुंचाने की साजिश

**लोगों** का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के पीछे निजी लैबों को लाभ पहुंचाने की साजिश नजर आती है। एक तरफ नेता भोरंज अस्पताल को फाइव स्टार सुविधा वाला बताते हैं, वहीं दूसरी ओर यहां बुनियादी सेवाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

### समस्या का समाधान न होने पर करेंगे आंदोलन

**क्षेत्रवासियों** ने स्वास्थ्य विभाग और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार से मांग की है कि जल्द से जल्द एक्सरे मशीन को ठीक करवाया जाए और अस्पताल में जरूरी संसाधन सुनिश्चित किए जाएं। जनता ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

# बेसहारा पशुओं से परेशान लोगों ने एसडीएम को सौंपी शिकायत

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

ऑरेंज उपमंडल में लावारिस हिंसक पशुओं से परेशान होकर ग्राम पंचायत धीरड़ के गांव सौटा गांव भोगा व गांव खुराल के निवासियों ने लावारिस पशुओं से छुटकारा पाने के लिए उपमंडल अधिकारी भोरंज को हस्ताक्षर करके शिकायत पत्र सौंपा है। इन गांवों के लोगों अशोक कुमार, नरेंद्र पाल, नरेश कुमार, रतन चंद, सुभाष चंद्र प्रीतम चंद, रमेश चंद, किशोर चंद, सुरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि इस समय लगभग 400 से अधिक लावारिस पशु घूम रहे हैं। इन लावारिस पशुओं की वजह से अधिकतर लोगों ने अपने खेतों में फसल बीजना छोड़ दिया है तथा जिन लोगों के द्वारा फसल बिजी गई है उनकी फसल को पूरी तरह से लावारिस पशुओं ने बर्बाद कर दिया है। लोगों ने उपमंडल अधिकारी को दी गई शिकायत पत्र में लिखा है कि इन लावारिस पशुओं को किसी आश्रय स्थल पर भेजने की मांग की है। लोगों ने बताया कि इन आवारा पशुओं की वजह से लगभग 400 से अधिक कनाल जमीन बंजर पड़ी हुई है।

सरकार समस्या को सुलझाने के लिए केवल आश्वासन ही देती है जिसका खामियाजा किसानों को अपनी फसल बर्बाद होने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार को प्रत्येक पंचायत में गौशाला बनाने पर गंभीरता से विचार-विमर्श करना चाहिए।

# ईडी दफ्तर पर युकां का धावा

## गुस्साए कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का पुतला फूंका




**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

प्रदेश युवा कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड मामले में झूठा केस दायर करने को लेकर छोटा शिमला स्थित ईडी दफ्तर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस धरना-प्रदर्शन के दौरान गुस्साए कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त नरेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी तक का पुतला फूंक डाला और परिवर्तन निदेशालय (ईडी) दफ्तर के बाहर भाजपा कार्यालय का बैनर भी चिपकाया गया। प्रदेशाध्यक्ष छतर ठाकुर ने ईडी की आलोचना करते हुए कहा कि जिस मामले में उन्होंने आरोप पत्र दायर किया है, वह समझ से परे है।

उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड कांग्रेस के स्वामित्व का समाचार पत्र है और इसमें किसी भी प्रकार का कोई भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा सरकार की कठपुतली बन कर रह गई है और भाजपा जब चाहे अपने विरोधियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई ईडी के माध्यम से करवा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष को निशाना बना रही है, जो लोकतंत्र के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल गांधी भाजपा और पीएम मोदी को बिना किसी डर के हर मुद्दे पर घेरते हैं, इसलिए बदले की भावना से उनपर करवाई की जा रही है, लेकिन कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है और देश की जनता सब देख रही है। (अनंत ज्ञान)

### आवाज दबाने का किया जा रहा प्रयास

**उन्होंने** कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ राहुल गांधी बोलने की हिम्मत रखते हैं और यही कारण है कि केंद्र सरकार उनकी इस आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पद तक को त्याग कर पार्टी की सेवा करने को ज्यादा महत्व दिया।

### सहन नहीं होगा सोनिया गांधी का अपमान

**यूथ** कांग्रेस ने कहा कि सोनिया गांधी देश की प्रतिष्ठित नेता है और उनका अपमान सहन नही होगा। ईडी ने 12 साल बाद नेशनल हेराल्ड मामले में झूठे आरोप लगा कर गांधी परिवार को बदनाम करने की कोशिश की है इसमें उसे कोई सफलता नही मिलेगी। गांधी परिवार का देश की आजादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। कांग्रेस ईडी की इस कार्रवाई की निंदा करती है और कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ गांधी परिवार के साथ खड़ी है।

# प्रतिबंधित लकड़ी लेकर पंजाब जा रहे पांच वाहन किए जब्त

**सन्नी पुरी, गगरेट**

वन माफिया ने हिमाचली वन संपदा की तस्करी कर लकड़ी पंजाब पहुंचाने के लिए 'पुष्पा' फिल्म का तरीका आजमाया है। हिमाचल की सीमा तक अलग वाहन में रैकी कर एक साथ पांच वाहनों को बार्डर पार करवाने के चक्कर में लकड़ी तस्कर वन विभाग के हत्थे चढ़े हैं।

हिमाचल-पंजाब सीमा से कुछ किलोमीटर पहले रात के अंधेरे में झाड़ियों में छुपकर बैठी वन विभाग की टीम ने लकड़ी से लदे पांच वाहनों को एक साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। इन वाहनों में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी पाई गई है, जिसे काटना और इसकी सप्लाई करना वर्जित है। वन विभाग की टीम ने इन वाहनों को लकड़ी सहित जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

वन विभाग की टीम को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि देहरा क्षेत्र से वन तस्कर पुष्पा फिल्म की तर्ज पर एक साथ कई गाड़ियों को लेकर बार्डर पार कर रहे हैं। इन वाहनों में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी पंजाब जा रही है। इस सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने वन तस्करों को पकड़ने के लिए शुक्रवार रात्रि ट्रैप लगाया था। जैसे ही ये गाड़ियां बुच्चां वाला टोब्बा के पास पहुंची तो वन विभाग के कर्मी इन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी थी। इस पर विभाग की टीम ने पांचों वाहन लकड़ी सहित जब्त कर लिए। लकड़ी कहां से काटी गई अब इसकी भी जांच की जाएगी।

वन मंडल अधिकारी सुशील राणा ने बताया कि देहरा क्षेत्र से संबंधित पांच गाड़ियां प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी लेकर पंजाब में दाखिल होने से पहले ही पकड़ ली गई हैं। इन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# कलखर-जाहू हाईवे पर पलटी दूल्हा-दुल्हन की गाड़ी

**रितेश, सरकाघाट**



कलखर-जाहू सुपर हाईवे पर उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब दूल्हा दुल्हन की कार अनियंत्रित होकर अचानक सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आईं। यह घटना ढलवान के पास मसयाणी की है।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 9 बजे कलखर-जाहू सुपर हाईवे पर दुल्ला-दुल्हन की गाड़ी एचपी 22ई 5053 भोटा की ओर जा रही थी। इस गाड़ी में दूल्हा-दुल्हन सहित 4 लोग सवार थे। जैसे ही इनकी गांड़ी मसयाणाी के पास पहुंची तो अंनियंत्रित होकर अचानक सड़क में ही पलट गई। लोगों को जैसे ही हादसे के पता चला तो सभी लोग दूल्हा-दुल्हन की गाड़ी की ओर दौड़े और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी को खड़ा किया और घटना के दस मिनट बाद सभी फिर से भोटा की ओर रवाना हो गए।

बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा पेश आया है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में घायल सभी लोग सुरक्षित हैं और दूल्हा-दुल्हन सहित सभी को हल्की फुल्की चोटें ही आई हैं। फिलहाल पुलिस के पास किसी ने भी इस हादसे का मामला दर्ज नहीं करवाया है। (अनंत ज्ञान)

# नेशनल हेराल्ड केवल एक ही परिवार का समाचार पत्र : नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केवल मात्र एक परिवार का समाचार पत्र है, जो कि गांधी परिवार द्वारा संचालित किया जाता है। दूसरी ओर कांग्रेस के मीडिया सलाहकार द्वारा जितनी भी मैगजीन के नाम लिए गए, उन सब की लाखों की तादाद में हिमाचल प्रदेश में प्रतिलिपि आती है, जिसको जनता पढ़ती भी है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने ढाई साल के कार्यकाल में दो करोड़ से अधिक का ज्ञापन नेशनल हेराल्ड को दे दिया है, पर पूर्व की सरकारों ने सलाहकार द्वारा नामित मैगजीन को 80 लाख का विज्ञापन ही दिया, जो कि कांग्रेस के घरेलू समाचार पत्र के सामने कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घर की समाचार पत्र पर एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट के केस चल रहा है, साथ ही भ्रष्टाचार एवं घोटाले के आरोप भी है, पर हिमाचल प्रदेश में आ रही मैगजीन पर इस प्रकार के कोई भी आरोप नहीं है। एक भ्रष्ट्र परिवार को कांग्रेस की सरकार करोड़ों रुपए पहुंचने का कार्य कर रही है।

### जनता को देना ही होगा घोटालों का जवाब

**उन्होंने** कहा कि मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार ने नेशनल हेराल्ड अखबार की एक कॉपी प्रिंट करवा कर फोटो खिंचवाने का काम किया और जनता से झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हिमाचल प्रदेश सरकार घोटाले में लिप्त है और सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर रही है, इसका जवाब तो इनको जनता को देना ही होगा।

### जनता के समक्ष झोंकी जा रही धूल

**नंदा** ने कहा कि अगर आप ध्यान से देखेंगे, तो नेशनल हेराल्ड का अखबार संडे यानी रविवार को प्रकाशित होने जा रहा है और इसकी कॉपी एक दिन पहले ही प्रिंट करवा ली गई है, इससे स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है की वर्तमान कांग्रेस सरकार के मीडिया सलाहकार केवल मात्र जनता के समक्ष धूल झोंकना चाहते हैं।

## बसों का न्यूनतम किराया दोगुना करने की जयराम ने की कड़ी निंदा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बसों के न्यूनतम किराए को दोगुना करने के सरकार के फैसले की निंदा करते हुए आमजन विरोधी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मध्यम और गरीब परिवार के यात्रा का एकमात्र साधन ही सरकारी और निजी क्षेत्र की बसें हैं। उनके न्यूनतम किराए में दुगना की वृद्धि करने से हर परिवार पर हर महीनें कम से कम हजार रुपए से ज्यादा का बोझ आएगा।

सरकार की नाकामियों की वजह से पहले ही आम आदमी का जीना मुश्किल हुआ है ऐसे में सरकार का या फैसला प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग पर किसी आफत से कम नहीं है। सरकार को अपना फैसला वापस लेना चाहिए। यह फैसला हिमाचल के आम गरीब व्यक्ति के खिलाफ है। सुख की सरकार प्रदेश में विकास के सारे काम बंद कर चुकी है रोजगार के सारे रास्ते छीन रही है और महंगाई बढ़ाकर लोगों का जीना मुश्किल कर रही है।

सीरीज-1

अनंत ज्ञान ग्राउंड रिपोर्ट

*दैनिक अनंत ज्ञान उन मुद्दों को सामने ला रहा है, जो आमजन की जिंदगी से सीधे जुड़े हैं। कई बार प्रशासनिक उदासीनता के चलते ऐसे विषय दबकर रह जाते हैं। घोषणाएं तो होती हैं, मगर हकीकत में अमल नहीं हो पाता। राहत के नाम पर खोखले वादे किए जाते हैं, जबकि जमीनी स्थिति कुछ और ही बयां करती है। पत्रकारिता के मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता केवल समस्याओं को उजागर करने तक सीमित नहीं, बल्कि उनके समाधान की पहल करना भी हमारा उद्देश्य है। आज पढ़िए हमीरपुर के वार्ड नंबर 11 दोसड़का क्षेत्र की 6,000 आबादी के लिए पेयजल उपलब्धता पर विशेष गाउंड रिपोर्ट-*

# दोसड़का की सीधी सप्लाई में 700 मीटर लाइन का अड़ंगा

**योजना का स्रोत तैयार** लेकिन तीन महीने से नहीं मिल रही पाइपें

अणु से हीरानगर तक लटका है काम **ठेकेदार परेशान**

ग्राउंड रिपोर्ट
**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**25** करोड़ रुपए योजना लागत

**26** किलोमीटर दूर सुजानपुर के पलाही से लिफ्ट होगा पानी

**3** साल पहले शुरू हुआ काम

**6** हजार की आबादी अभी प्यासी





**हमीरपुर** शहर के वार्ड नंबर 11 दोसड़का इलाके की 6,000 आबादी की प्यास इन गर्मियों में भी नहीं बुझाने वाली। कारण, सुजानपुर के पलाही में ब्यास नदी से तैयार हो रही नई पेयजल उठाऊ योजना के लिए पाइपें ही नहीं मिल रहीं। योजना का स्रोत तैयार है, लेकिन पाइपों की शॉर्टेज ने तीन महीने से काम रोक रखा है। केवल 700 मीटर पाइपलाइन की यह कमी योजना शुरू होने में सबसे बड़ा अड़ंगा है। ठेकेदार काम करने को तैयार है, लेकिन पाइपों की उपलब्धता के बिना वह भी असहाय है। कारण क्या है इस पर सभी ने चुप्पी साध रखी है।

**अनंत ज्ञान** ने जब ग्राउंड रिपोर्ट खंगाली तो पता चला कि कुल 26 किलोमीटर लंबी इसकी राइजिंग मेन पाइपलाइन का 24,400 मीटर हिस्सा बिछा दिया गया है। यह पाइपलाइन हमीरपुर टाउन की पहले की ब्यास नदी से आ रही पुरानी योजना की मुख्य पाइपलाइन के साथ ही अलग से बिछाई गई है। इस पेयजल लाइन से दोसड़का के लिए सीधी वाटर सप्लाई होनी है। अब सिर्फ अणु डिग्री कॉलेज से लेकर हीरानगर तक इस पाइपलाइन को बिछाने का काम शेष बचा है। बस इसके कंप्लीट होने में देरी पाइपलाइन के उपलब्ध होने में है।

### 2 साल पहले हीरानगर में बन चुका है वाटर टैंक

**हीरानगर** में जिस वाटर टैंक में इस राइजिंग मेन का पानी डाला जाना है वह करीब दो साल पहले बन चुका है। काम केवल राइजिंग मेन का बचा है। इस बचे हुए तकरीबन 700 मीटर हिस्से में पहले नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने सड़क को खोदने से मना कर दिया था, क्योंकि बगैर स्वीकृति के इस पर काम शुरू हो गया था। हालांकि, अब यह विवाद हल हो गया है, क्योंकि जल शक्ति विभाग ने कुछ हिस्से का पैसा जमा करवा दिया है जिससे होकर यह पाइपलाइन डाली जानी है।

### 6 इंच मोटे डाय की राइजिंग मेन

**सुजानपुर** से आगे ब्यास नदी पर पलाही में योजना स्रोत का सारा काम मुकम्मल है। पंप हाउस, पर्कूलेशन बेल और कनेक्शन टैंक से लेकर हमीरपुर के अणु तक 6 इंच के मोटे डाय वाली राइजिंग मेन मुकम्मल हो गई है। केवल पाइप शॉर्टेज मुसीबत बनी है।

### 24 लाख लीटर रोजाना मिलेगा पानी

**25 करोड़** की लागत से तैयार हो रही इस पेजयल योजना से रोजाना 24 लाख लीटर पानी हमीरपुर पहुंचेगा और वार्ड नंबर 11 के इलाके को जहां पहले से हथली खड्ड से पेयजल आपूर्ति होती है, को इस इलाके के लोगों की प्यास बुझाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। उसी के नाम पर यह योजना तैयार हो रही है।

### हथली खड्ड योजना को भी मिलेगा लाभ

**पलाही** से पहले ही तकरीबन 65 करोड़ की योजना हमीरपुर के मुख्य टाउन के लिए काम कर रही है। अब इस नई योजना के मुकम्मल होने से फायदा यह होगा कि यदि हमीरपुर टाउन में भी कभी पुरानी योजना में कोई खराबी आ जाए, तो इस योजना का पानी इस्तेमाल किया जा सकेगा। हथली खड्ड की उठाऊ पेयजल योजना को भी इससे लाभ मिलेगा। वह भी वैकल्पिक योजना के रूप में काम करती रहेगी।

### हथली खड्ड वाले टैंक काई से लबालब

**दरअसल,** जिस हथली खड्ड के किनारे स्थित उठाऊ पेयजल योजना से वार्ड नंबर 11 को पानी की सप्लाई हो रही है, उसकी हालत भी खराब है। योजना स्थल पर टैंकों में काई लबालब भरी हुई है। इसकी साफ-सफाई और रखरखाव बराबर नहीं हो रहा। टैंक देखकर ऐसा लगता है कि इस पानी की यदि ट्रीटमेंट भी हो रही होगी, तो भी कितनी? यदि टैंकों की साफ-सफाई नहीं होगी, तो फिर गुणवत्ता रामभरोसे हो जाएगी।

### इन्हीं गर्मियों में चालू होगी योजना : एसडीओ

**हमीरपुर** के जलशक्ति विभाग के एसडीओ राकेश सोनी बताते हैं कि पाइपलाइन का काम शीघ्र ही मुकम्मल होगा। 700 मीटर पाइप की शॉर्टेज आई थी, उसे मंगवाया जा रहा है। बहुत जल्दी योजना बनकर तैयार होगी, क्योंकि इसका बाकी का सारा काम मुकम्मल हो चुका है। अब केवल हीरानगर वाटर टैंक तक इस पाइपलाइन को जोड़ने का काम बचा है। एनएच को भी अब लाइन बिछाने के लिए पैसा जमा करवा दिया गया है। थोड़ा इंतजार करने की जरूरत है। इन्हीं गर्मियों में चालू हो जाएगी।

### एक बार हो रही सप्लाई नाकाफी : देवीदास



**शहरी** कांग्रेस के अध्यक्ष और वार्ड नंबर 11 के पूर्व पार्षद देवीदास शहंशाह का कहना है कि हमारे इलाके में पानी की दिक्कत रहती है और एक मर्तबा जो पानी की सप्लाई होती है वह नाकाफी है इसीलिए इस योजना के पानी की इंतजार है। आश्वासन दिया जा रहा है कि बहुत जल्दी यह योजना शुरू हो जाएगी, लेकिन जब तक शुरू नहीं होती कुछ कहा नहीं जा सकता। फिलहाल हथली खड्ड से पानी की सप्लाई उन्हें इलाके में दी जाती है। उनका कहना है कि मौजूदा सरकार ने इस योजना को शीघ्र तैयार करने का बीड़ा उठाया हुआ है।

### यहां एक और वाटर टैंक सालों से खाली : यशवंत



**अणु** में स्थित एक दुकानदार यशवंत सिंह का कहना था कि तीन महीनों से पाइपलाइन दबाने का काम बंद पड़ा हुआ है। यहां एक और वाटर टैंक भी है, जिसमें कई सालों से पानी नहीं डाला गया। इसी पाइपलाइन के डाले जाने के बाद उम्मीद उन्हें भी है कि पानी की सप्लाई उन्हें बेहतर हो जाएगी, लेकिन इसमें बहुत ही देरी हो रही है।

### अगले हफ्ते तक आ जाएंगी पाइपें : जेई



**हमीरपुर** सदर के जेई पंकज कटोच का कहना है कि काम अंतिम चरण में है। पाइप की शॉर्टेज की वजह से राइजिंग मेन का काम रुका है, लेकिन अगले हफ्ते तक पाइपें उपलब्ध हो जाने की उम्मीद है। इस योजना के चालू होने से वार्ड नंबर 11 के अलावा कुछ और क्षेत्रों को भी काफी फायदा होगा।

# रंगरिक में बनेगी हवाई पट्टी : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को मध्य कमान, लखनऊ के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता के साथ बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सेना से स्पीति घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेना से रंगरिक में एक हवाई पट्टी स्थापित करने के लिए कहा, ताकि यहां बड़े विमान उतरने में सक्षम हो सके। उन्होंने सांगला, नेसंग, ठंगी आदि में हेलीपोर्ट बनाने के लिए सर्वेक्षण करने के लिए भी कहा।

उन्होंने सेना से क्षेत्र में सैन्य स्कूल स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती क्षेत्र में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करेगी और भारतीय सेना को उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों का रख-रखाव रक्षा मंत्रालय द्वारा किया जाना चाहिए, क्योंकि सड़कें राज्य की जीवन रेखा का कार्य करती है। इनमें किआटो-तकलिंग ला-नूरबो सुमदो, वांगतू-काफनू-मुद-अटरगू, लियो-चांगो, गिउ-पांग, खानादुमती-निथल थाच, हरसिल, ज्योरी-वांगतू से शिपकी-ला तक की सड़कें शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री ने सेना से किया स्पीति घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने का आग्रह

वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना काजा में सभी मौसम के अनुकूल आइस स्केटिंग रिंक और एक इनडोर स्टेडियम का निर्माण करेगी। इसके अतिरिक्त सेना द्वारा काजा में नेत्र स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सुविधाएं रहेंगी।

**पत्रकार वार्ता**

## पूर्व भाजपा सरकार ने अपनी कई पत्रिकाओं को दिए 2 करोड़ से ज्यादा के विज्ञापन

# नेशनल हेराल्ड अखबार को सरकार ने एक करोड़ के दिए विज्ञापन : नरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा नेताओं के इन आरोपों को सिरे से नकारा है कि प्रदेश सरकार ने अपने अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल के दौरान नेशनल हेराल्ड अखबार को 2.34 करोड़ रुपए के विज्ञापन जारी किए हैं।

**भाजपा कर रही लगातार गुमराह**



उन्होंने भाजपा नेताओं के आरोपों को निराधार और तथ्यों के विपरीत बताते हुए कहा कि मनघड़ंत आंकड़े पेश कर मीडिया और देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।

चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में नेशनल हेराल्ड साप्ताहिक समाचार पत्र को लगभग एक करोड़ रुपए के विज्ञापन जारी किए है। वहीं, प्रदेश की पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में भाजपा और संघ से जुड़े पत्र-पत्रिकाओं को करोड़ों रुपए के विज्ञापन जारी किए गए थे। संघ व भाजपा के मुखपत्र ऑबसर्वर, पांचजन्य और मातृवंदना को 2 करोड़ रुपए से अधिक के विज्ञापन दिए गए।

इसके अतिरिक्त पूर्व सरकार ने अपने कार्यकाल में भाजपा की दीपकमल संदेश, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छात्र उद्घोष पत्रिका व विद्यार्थी निधि ट्रस्ट मुंबई इकाई की।

### तरुण भारत को दिए 74 लाख रुपए से अधिक के विज्ञापन

**आरएसएस** की नागपुर से प्रकाशित पत्रिका तरुण भारत आदि को 74 लाख रुपए से अधिक के विज्ञापन जारी किए। इस प्रकार, पूर्व भाजपा सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में भाजपा व संघ के प्रकाशनों को लगभग 2 करोड़ 93 लाख रुपए के विज्ञापन जारी किए गए। इसके अलावा भी कई अन्य पत्र-पत्रिकाओं को विज्ञापन जारी किए जाते रहे।

### नेशनल हेराल्ड अखबार साप्ताहिक रूप से कार्यरत

**नरेश** चौहान ने इस बात पर हैरानी जताई कि भाजपा नेता कह रहे हैं कि नेशनल हेराल्ड अखबार कई साल पहले बंद हो चुका है, इसलिए इसे विज्ञापन कैसे जारी किए जा सकते हैं। न तो भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं को यह जानकारी है और न ही हिमाचल के भाजपा नेता जानते हैं कि नेशनल हरोल्ड लगातार साप्ताहिक समाचार पत्र के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। दिल्ली से इसका संस्करण नेशनल हेराल्ड के नाम से अंग्रेजी भाषा और संडे नवजीवन हिंदी भाषा में नियमित रूप से प्रकाशित किया जा रहा है। इसके अलावा, इसका मुंबई संस्करण भी प्रकाशित किया जाता है।

# अधिवक्ता प्रणव शर्मा पर हुए हमले की हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल ने की निंदा

**पुष्पेंद्र, शिमला**

हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल ने शनिवार आयोजित एक आपातकालीन बैठक में शिमला के नवबहार में हुए अधिवक्ता प्रणव शर्मा पर हुए क्रूर हमले की कड़ी निंदा की है। काउंसिल ने इस मामले की तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित किया। बार काउंसिल ने इस हिंसक घटना पर दुख व्यक्त किया तथा इस दुखद समय में अधिवक्ता प्रणव शर्मा और उनके परिवार के साथ अपनी एकजुटता प्रकट की।

काउंसिल की बैठक में कहा गया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि इस जघन्य हमले में एक पुलिस अधिकारी शामिल था। हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया तथा इस बात पर जोर दिया कि कानून को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों द्वारा इस तरह की कार्रवाई अस्वीकार्य है तथा इससे न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास कम होगा। अपने प्रस्ताव के माध्यम से हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल ने अधिवक्ता प्रणव शर्मा पर हुए क्रूर हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की। निष्पक्ष जांच होने तक घटना में शामिल पुलिस कर्मी को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।

यह भी मांग की गई है कि इस हमले की जांच पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर के अधिकारी या उच्च पदस्थ स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच अधिकारी द्वारा की जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और अन्य संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया गया कि वे राज्य में वकालत करने वाले सभी अधिवक्ताओं की सुरक्षा की गारंटी के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाएं। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल बार काउंसिल ने की निष्पक्ष कार्रवाई की मांग, पुलिस अधिकारी के शामिल होने पर रोष

### प्रणव को कानूनी सहायता देने का लिया संकल्प

**प्रणव** शर्मा को सभी आवश्यक कानूनी और अन्य सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया गया है। कानूनी बिरादरी और जनता से हिंसा के ऐसे कृत्यों के खिलाफ एकजुट होने और कानूनी पेशे की गरिमा को बनाए रखने की अपील की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### शनि सेवा सदन पालमपुर को भेंट की एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर की समाजसेवी चंचला सूद की याद में उनके बेटे राजा सूद जो कि दुबई में रहते हैं ने अपनी माता की यादगार में पालमपुर की संस्था शनि सेवा सदन को एंबुलेंस दान की। नगर निगम पालमपुर के कमिश्नर आशीष कुमार ने एम्बुलेंस शनि सेवा सदन के सपुर्द की। बताते चलें कि शनि सेवा सदन संस्था कई वर्षों से मानव कल्याण के कार्य करती आ रही है, चाहे सड़क में घायल पड़े बेसहारा जानवरों का इलाज करवाना हो, किसी गरीब बेटी की शादी में धाम का प्रबंध करना हो या किसी गरीब बीमार व्यक्ति की सहायता करनी हो शनि सेवा सदन संस्था हमेशा आगे रहती है। करोना काल में भी रात दिन एक करके लोगों की सहायता की थी। शनि सेवा सदन के अध्यक्ष परविंदर भाटिया ने बताया कि चंचला सूद बहुत वर्ष शनि सेवा सदन से जुड़ी रही। समाज सेवा करना वो अपना धर्म मानती थी। उन्होंने यही संस्कार अपने बच्चों को भी दिए। राजा सूद ने जो एंबुलेंस गरीब लोगों की सहायता के लिए शनि सेवा सदन को दी है इसके लिए है उनका तहदिल से आभार व्यक्त करते है। भाटिया ने कहा कि शुरू में है इस एंबुलेंस की सुविधा हम पालमपुर के आसपास के क्षेत्र के लोगों को ही देंगे। किसी भी गरीब व्यक्ति से कोई किराया नहीं लिया जाएगा।

### डीएवी नगरोटा में मनाई हंसराज की जयंती




**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में महात्मा हंसराज जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों को करवाई गई जिसमें हवन, मंत्र उच्चारण ,भाषण, पेंटिंग, रैली आदि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि महात्मा हंसराज एक प्रसिद्ध आर्य समाज की नेता, समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे। उनके महत्वपूर्ण योगदान और प्रयासों से देश भर में डी ए वी के नाम से 975 से भी अधिक विद्यालय और महाविद्यालय गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। 1885 में जब वे लाहौर में अपने बड़े भाई मुल्क राज के यहां रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। इस दौरान स्वामी दयानंद सरस्वती के प्रवचन का बहुत प्रभाव पड़ा उन्होंने समाज सेवा को जीवन का लक्ष्य बना लिया। 1886 में डीएवी का पहला स्कूल लाहौर में खोला गया था। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने उपस्थित बच्चों को अध्यापकों को महात्मा हंसराज के जीवन से शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया व उनके योगदान को याद किया।

### भोडा स्कूल में बताए आग बुझाने के तरीके

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा स्कूल में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति व सड़क सुरक्षा क्लब भोडा के तत्वावधान में अग्निशमन विभाग धीरा द्वारा आपदा प्रबंधन तथा दावानल शमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों को आग, भूकंप, बाढ़ व अन्य प्रकार की आपदाओं तथा प्रथम उपचार पर विस्तृत जानकारी दी गई ।आग लगने के कारणों व आग पर काबू पान, इससे घायल व्यक्तियों के बचाव की जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग धीरा के प्रभारी प्रशामक रंजु जग्गी, तिलक राज, व उनकी टीम द्वारा बच्चों को आग कितने प्रकार की होती है, कैसे लगती है और उसको कैसे बुझाने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। अग्निशमन यंत्र का व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। रंजू जग्गी ने भूकंप जैसी आपदा आने पर व आपातकालीन स्थिति में अपना बचाव करने तथा लोगों को बचाने के बारे में विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आपदा तथा सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्रथम उपचार तथा सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाने के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल ने आपदा के समय शांत दिमाग के साथ बचाव कार्य को करने पर बल दिया गया। स्कूल आपदा प्रबंधन के प्रभारी राकेश कुमार द्वारा भी बच्चों को संबोधित किया गया।

## पहले चरण में धर्मशाला को मिलीं 15 इलेक्ट्रिक बसें, वोल्वो बसें खरीदने की तैयारी: अजय वर्मा

# एचआरटीसी को बनाएंगे आत्मनिर्भर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि एचआरटीसी को आत्मनिर्भर एवं व्यवहार्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी को मजबूती देने के उद्देश्य से ही कार्य किया जा रहा है। निगम के बेड़े में समय-समय पर नई बसें शामिल कर लाभ अर्जित करने वाले रूट आरंभ किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को ग्रीन स्टेट बनाने की दिशा में सरकार ने कार्य शुरू कर दिया है। बीते दिनों में सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे। अब बसों को भी इलेक्ट्रिक में बदला जा रहा है। सरकार बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक बसों को निगम के बेड़े में शामिल करने जा रही है। इसकी शुरुआत हो गई है। हाल में 15 इलेक्ट्रिक बसें धर्मशाला पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी नई वोल्वो बसें भी खरीदने जा रही है, ताकि एचआरटीसी के राजस्व में बढ़ोतरी हो सके। शनिवार को धर्मशाला में



परिधि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से एचआरटीसी की बसें यात्रियों के लिए आरामदायक सफर और विश्वास का पर्याय बन गई हैं। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी की असली ताकत इसके कर्मचारियों की निपुण कार्यशैली और समर्पण भाव में निहित है, जो दिन-रात अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी ने ही दो वर्ष का अनुबंध काल पूर्ण करने वालों सबसे पहले नियमित किया है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला मंडल में 601 रूट्स चलाए जा रहे हैं जिनमें से 378 लोकल तथा 223 लॉन्ग रूट संचालित हो रही हैं। इस मंडल 2485 कर्मचारी अपने सेवाएं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एचआरटीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्मार्ट कार्ड, ग्रीन कार्ड तथा सम्मान कार्ड भी दिए जा रहे हैं इस सुविधा का लाभ करीब 65214 लोग उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा मंडल के अधीन 16 बस अड्डों का संचालन भी किया जा रहा है तथा आधुनिक सुविधा से लैस अड्डों के निर्माण के लिए भी सरकार कदम उठा रही है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### बसों में कैशलेस भुगतान की सुविधा

**अजय** वर्मा ने कहा कि एचआरटीसी ने अपनी बसों में कैशलेस भुगतान विकल्प भी शुरू किया है, हिमाचल प्रदेश परिवहन क्षेत्र में ऐसी सुविधाएं प्रदान करने वाला पहला राज्य बन गया है। कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में प्रदेश पथ परिवहन निगम की बसें जनमानस को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने का सर्वश्रेष्ठ साधन हैं। प्रदेश सरकार परिवहन निगम को और बेहतर बनाकर लोगों को श्रेष्ठ सुविधाएं प्रदान करने और निगम को देश की बेहतरीन इकाइयों में से एक बनाने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाली बसों पर निगम की ओर से जल्द ही शिकंजा कसा जाएगा। वहीं जगह-जगह नाका और टीमों के माध्यम से अवैध रूप वोल्वो बसों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लिवासा हॉस्पिटल ने पालमपुर में लगाया ऑर्थोपेडिक शिविर

**अजय पाल, पालमपुर**

लिवासा हॉस्पिटल ने रोटरी क्लब के सहयोग से पालमपुर में विशेष आर्थोपेडिक शिविर का आयोजन किया। पैंतीस वर्ष पीजीआई चंडीगढ़ में सेवाएं देने के बाद लिवासा हॉस्पिटल मोहाली के ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. आदित्य अग्रवाल ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में ओस्टियोआर्थराइटिस के मामले 22 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जिसका मुख्य कारण जीवन शैली में परिवर्तन, मोटापे की बढ़ती प्रवृति व पहाड़ी इलाकों में चलने फिरने से जोड़ों पर पड़ने वाला अतिरिक्त दवाब है।

यह बीमारी ओस्टियोआर्थराइटिस से ग्रसित मरीजों में दिव्यागता का प्रमुख कारण बनती जा रही। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का समय पर निदान और उपचार बेहद आवश्यक है जिससे बीमारी की प्रगति को



रोका जा सके। इस दिशा में एक अत्याधुनिक इलाज है 'फास्ट ट्रैक टोटल नी रिप्लेसमेंट'। इस इलाज से कम दर्द, छोटी चीर व बहुत जल्द रिकवरी हो जाती है। इस इलाज से मरीज सर्जरी के दिन ही चलने में सक्षम हो जाता है व हॉस्पिटल में भी कम समय रहना पड़ता है। इस इलाज में रोबोटिक सहायता व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली जाती है, जिससे सर्जरी की सटीकता बढ़ती है, जिससे खून चढ़ाने व स्टेपल्स की आवश्यकता नहीं पड़ती। हॉस्पिटल के निदेशक एवं सीईओ डॉ. पवन कुमार ने कहा कि एफटी टीकेआर सी की तकनीकों से मरीजों को जल्दी फायदा मिलता है व बहुत तेजी से सामान्य जीवन की और लौट आते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मंडी के दो युवकों से 1.302 किलो चरस की बरामद

**अनंत ज्ञान, गगल।** नारकोटिक्स टीम ने मंडी जिले के दो युवकों से एक किलो 302 ग्राम चरस पकड़ी है। जानकारी देते हुए एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि कांगड़ा हवाई अड्डे के पुराने गेट के पास बाद दोपहर कार में सवार दो युवकों गणपत (30), निवासी उरला तहसील पधर और लक्की (25) तहसील पधर, मंडी से कांगड़ा हवाई अड्डे के पुराने गेट के पास एक खड़ी टैक्सी को टक्कर मार कर सड़क से नीचे गिरा दियाऔर वहां से भागने की कोशिश की। एसएसपी ने बताया कि इन दोनों युवकों की कार की तलाशी ली गई तो कार से नारकोटिक्स टीम ने 1 किलो 302 ग्राम चरस पकड़ी। दोनों युवकों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत पुलिस थाना गगल में मामला दर्ज किया गया है।

# प. बंगाल में लगाया जाए राष्ट्रपति शासन : पवन

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी ने राष्ट्रपति को प्रेषित किया ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, देहरा**

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति सहित सभी आयामों के स्वयंसेवक बंधुओं द्वारा संगठनात्मक जिला देहरा के तहत उपमंडलाधिकारी देहरा के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपा गया है। प्रांत सह सत्संग प्रमुख व जिला पालक अधिकारी पवन बजरंगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में केवल हिंदू समुदाय पर हो रहे घोर अत्याचार के कारण लोग अपने घरों को छोड़ने पर मजबूत हो गए हैं। इस सारे सुनियोजित घटनाक्रम के लिए बंगाल सरकार सीधे तौर पर जिम्मेदार है। लगता नहीं कि बंगाल में कोई सरकार नाम की चीजहै। बंगाल में हो रहे हिंदुओं के विरुद्ध अत्याचार पर राष्ट्रपति बंगाल सरकार को तुरंत बर्खास्त करे और वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि दोषियों को सलाखों के पीछे धकेल कर उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और उनसे नुकसान की भरपाई की जानी चाहिए। इस मौके पर जिला संरक्षक व मठ-मंदिर प्रमुख मनोज भारद्वाज जिलाध्यक्ष तरलोक चंद, जिला मंत्री मनीष सूद,जिला उपाध्यक्ष ठाकुर महेंद्र सिंह, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख सत्यव्रत शर्मा, बिशेष संपर्क प्रमुख सुशील कुमार शर्मा, जिला मातृशक्ति संयोजिका शिमला देवी, परागपुर प्राखंड अध्यक्ष पंडित कालीदास, बलदेव सिंह, बजरंग दल सह संयोजक राजकुमार शर्मा बजरंग दल प्राखंड संयोजक शुभम कश्यप, बजरंग दल देहरियां प्राखंड

### ममता बनर्जी के रवैये के चलते पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रही हिंसा: राजेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विश्व हिंदू परिषद ने शनिवार को धर्मशाला में डीसी कार्यालय परिसर में पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग रखी। संगठन के प्रांत अध्यक्ष राजेंद्र ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है जो गलत है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सीएम ममता बनर्जी के रवैये के कारण पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हिंसा हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी सरकार की हिंसक तत्वों के प्रति मूक समर्थन के कारण पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हिंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी मुर्शिदाबाद में घटी हिंसक घटनाओं के पीछे बांग्लादेशी तत्वों को जिम्मेदार तो मानती हैं, लेकिन इस घटना की जांच एनआईए से कराने की मांग नहीं करतीं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में हिंसक घटनाओं में जिन हिंदू परिवारों की घर-संपत्तियां जलाई गई हैं, उनकी तत्काल भरपाई की जानी चाहिए।

### कोहाला में 6000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत कोहाला में जय प्रकाश निवासी वार्ड नं. 2 कोहाला के पास से 6000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)। हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

### बीयर व शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान, भवारना।** पुलिस थाना भवारना के तहत भेड़ी में सरबजीत सिंह निवासी भेड़ी डाकघर कुरल तहसील पालमपुर के घर से 6000 मिलीलीटर देशी शराब व 2600 मिलीलीटर बीयर बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)। हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

# जाली बिल बनाकर रेत-बजरी की सप्लाई करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पठानकोट पुलिस द्वारा 28 सितंबर, 2024 को चेकिंग के दौरान कथलोर पुल पर तीन टिप्परों को रोका गया तथा लोड की गई सामग्री से संबंधित बिलों की जांच की गई, मौके पर सभी बिल फर्जी पाये गए थे, जिस पर प्रकरण संख्या 82 दिनांक 28.09.2024 को अपराध 21(1) खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, 318(4), 336(3), 340(2) भादंसं अतिरिक्त अपराध 61(2), 111 भादंसं थाना तारागढ़ पर पंजीबद्ध किया गया था। चूंकि उक्त मामला तकनीकी था, इसलिए उक्त मामले की जांच पठानकोट साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन द्वारा की गई। जांच के दौरान 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान सनम महाजन पुत्र शतीस महाजन निवासी नरोट जयमल सिंह, जिला पठानकोट, कंस राज पुत्र देव राज निवासी रामपुरा, पुलिस स्टेशन बेहरामपुर, जिला गुरदासपुर, मनप्रीत सिंह उर्फ राजा पुत्र अवतार सिंह निवासी हराकलां, जिला अमृतसर, तुशाल कुमार पुत्र राज कुमार निवासी नरोट जयमल सिंह, जिला पठानकोट, लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा पुत्र स्वर्गीय बावा सिंह निवासी दल्लुवाना के रूप में हुई है। जिला गुरदासपुर, संजीव कुमार उर्फ सिद्धू पुत्र तिलक राज निवासी गांव रजी, जिला पठानकोट, रूप सिंह पुत्र जनक सिंह निवासी सहारनपुर, थाना तारागढ़, जिला पठानकोट, गगनदीप शर्मा उर्फ प्रिंस पुत्र जोगिंदर पाल निवासी कोटली, थाना सदर, पठानकोट और सोरव सैनी पुत्र कुलदीप सिंह निवासी हयातीचक, थाना तारागढ़। जिला पठानकोट। दिनांक 17.04.2025 को मुख्य अधिकारी, पुलिस स्टेशन साइबर क्राइम पठानकोट ने गौरव खजूरिया उर्फ गोरू पुत्र नंद किशोर, निवासी बेगोवाल, तारागढ़, जिला पठानकोट और विक्रम शर्मा उर्फ विकास पुत्र किशोर कुमार शर्मा निवासी जिला कठुआ, को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी विक्रम शर्मा ने बताया कि उसने असली पंजाब सरकार की वेबसाइट जैसी तीन फर्जी वेबसाइटें बनाई थीं। वह विभिन्न स्टोन क्रशरों के नकली बिल (क्यू फॉर्म) संपादित करता था, प्रिंटआउट निकालता था और उन्हें गिरफ्तार किए गए आरोपी गौरव खजूरिया को देता था। आरोपियों को न्यायालय में पेश करके 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## ग्रामीण बैंक ने नामित को दी दो लाख की बीमा राशि



डरोह। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की भवारना शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उपभोक्ता की मौत होने पर उसकी माता शशि को दो लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक चिराग शर्मा ने बताया कि बड़घवार निवासी स्वर्गीय अंकित का वचत खाता उनकी शाखा में है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा करवाया था। इस दौरान अंकित की कुछ माह पूर्व मौत हो गई थी गत दिवस शाखा प्रबंधक चिराग शर्मा ने मृतक अंकित की माता को दो लाख रुपए की राशि का चैक सौंपा। इस अवसर पर बैंक के सहायक प्रबंधक मृदुल शर्मा, कैशियर मोहित कपूर, बड़घवार पंचायत से उप प्रधान शिवालिक नरयाल उपस्थित रहे। उन्होंने सभी खाताधारकों से अनुरोध किया कि वे इन सरकारी योजनाओं से जुड़ें और नया खाता खुलवाते समय प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अवश्य करवाएं। (अनंत ज्ञान)

# चनौर में शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा करने पर चार पुलिस हिरासत में

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

पुलिस थाना डाडासीबा के अंतर्गत आने वाले गांव चनौर, कनोल खड्डु क्षेत्र में शुक्रवार रात को शराब के नशे में धुत कुछ लोगों के बीच हुई गाली-गलौज और मारपीट के मामले में पुलिस ने चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई उस समय की गई जब पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही डाडासीबा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

वहां पर मौजूद स्थानीय निवासी सुभाष चंद, देशराज तथा दो प्रवासी श्रमिक शरीफ पाल और उसका भतीजा मनीष कुमार आपस में बहसबाजी कर रहे थे, जो धीरे-धीरे मारपीट में बदल गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि सभी व्यक्ति दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं और पैसों के लेन-देन को लेकर आपसी झगड़ा हो गया था। पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर डाडासीबा थाना लाया और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया। वहीं, डाडासीबा थाने के सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार ने बताया कि चारों व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126/ 170 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि चारों आरोपियों को शनिवार को एसडीएम कोर्ट देहरा में पेश किया गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को भी खंगाला जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस प्रकार की घटनाओं को लेकर चिंता जताई है और पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# समतेन चोएडोन को दिलाई तिब्बती संसद सदस्य की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज**

अनुसार निर्वासित तिब्बती संसद के अध्यक्ष खेंपो सोनम तेनफेल ने सांसद दावा फुनकी की जगह यू-त्सांग प्रांत से नए संसद सदस्य समतेन चोएडोन को पद की शपथ दिलाई। पूर्व सांसद दावा फुनकी को केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के तिब्बती सर्वोच्च न्याय आयोग के न्याय आयुक्त के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद, अनुच्छेद 57 खंड के अनुसार, सांसद का प्रतिस्थापन संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के लिए केंद्रीय तिब्बती चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए आरक्षित प्रतीक्षा सूची से किया गया था, जो उन उम्मीदवारों द्वारा जीते गए आवश्यक न्यूनतम मतों के आधार पर था।

2021 में पिछले आम चुनाव के दौरान संसद में नहीं पहुंच पाए थे और जिनके पास मौजूदा आरक्षित सूची में सबसे अधिक मत थे। 17वीं निर्वासित तिब्बती संसद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्थायी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सांसद के लिए संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत दलाई लामा के चित्र पर तिब्बती पारंपरिक स्कार्फ चढ़ाने से हुई, जिसके बाद शपथ दिलाई गई ।बायलाकुप्पे तिब्बती बस्ती की निवासी समतेन चोडन ने 1992 में टेरेसियन कॉलेज, मैसूर से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में तिब्बती समुदाय की सेवा के लिए 23 वर्षों से अधिक समय समर्पित किया है।

1993 से 1994 तक, उन्होंने वित्त विभाग, बायलाकुप्पे शाखा में सहायक लेखाकार सह सचिव के रूप में काम किया, इससे पहले 1995 से 1997 तक ब्ज। के महालेखा परीक्षक कार्यालय में लेखा परीक्षक के रूप में कार्य किया। 1998 में, वह एक लेखाकार के रूप में लुगसुंग सामदुप्लिंग तिब्बती सहकारी समिति में शामिल हुईं, जहाँ बाद में उन्हें सहायक प्रबंधक और अंततः प्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया। तिब्बती महिलाओं की वकालत में सक्रिय रूप से शामिल, वह 1990 में तिब्बती महिला संघ में शामिल हुईं और 2003 से 2006 तक एक कार्यकारी सदस्य के रूप में चुनी गईं, बाद में 2006 से 2009 तक इसकी अध्यक्ष रहीं। उन्होंने 2008 में धर्मशाला से तिब्बत तक शांति मार्च के दौरान मुख्य लेखाकार के रूप में काम किया।

### थुरल स्कूल के बच्चों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थुरल के बच्चों को सड़क सुरक्षा , साइबर सुरक्षा व नशे से दूर रहने के लिए पुलिस चौकी प्रभारी थुरल सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार द्वारा जागरूक किया । इस मौके पर सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार द्वारा विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित किया व सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के अतिरिक्त साइबर सिक्योरिटी व सुरक्षा के ऊपर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यातयात के नियमों को कड़ाई से पालन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया ताकि बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों व उससे दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही सहायक उप निरीक्षक द्वारा विद्यार्थियों को मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग न करने व बढ़ते हुए साइबर क्राइम से बचने के लिए उससे अपने आप को व परिवार को कैसे सुरक्षित करना है के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य अनुपम बाला ने इस नेक कार्य के लिए थुरल पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार सहित समस्त पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया।

# आईटीआई दाड़ी में 22 अप्रैल को होंगे कैंपस साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय आद्यौगिक संस्थानदाड़ी में दिनांक 22 अप्रैल 2025 को वर्धमान टेक्टाइल्स लिमिटेड, बद्दी, हिप्र द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। इस साक्षात्कार में आईटीआई प्रशिक्षित युवक (फिटर, इलैक्ट्रोनिक्स मेकैनिक तथा सीओपीए) व युवतियों( सीओपीए) जिन्होंने उक्त व्यवसायों में प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, वे इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसके लिए 18 से 26 साल तक की आयु के उम्मीदवार तथा युवक का वजन 50 किलो और युवती का वजन 45 किलो हो भाग ले सकते हैं। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पुरी ने कहा कि इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 22 अप्रैल 2025 सुबह 10:00 बजे तक संस्थान में आकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये संबंधित कंपनी के अधिकारी रूप सिंह हरटा (9816021174) व अमन कुमार (8894723508) के मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**चिकित्सा** ऋषि डोगरा पंजाहडा में चला रहे हैं पंचगव्य चिकित्सा सेवा केंद्र, बोले-

# पंचगव्य में गंभीर रोगों को ठीक करने की क्षमता

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

जिला कांगडा पंचगव्य चिकित्सा सेवा केंद्र पंजाहड़ा एक ऐसी जगह है, जहां पंचगव्य (गाय के पांच उत्पाद दूध, घी, दही, गोबर और मूत्र) का उपयोग करके प्राकृतिक चिकित्सा प्रदान की जाती है। यह चिकित्सा प्रणाली शरीर को स्वस्थ रखने और रोगों को दूर करने के लिए प्राकृतिक तत्वों का उपयोग करती है। इनकी अपनी गौशाला भी है, जहां गाय के पंचगव्य से उत्पाद बनाकर शरीर के गंभीर रोगों को ठीक करते है।

चिकित्सक ऋषि डोगरा नूरपुर उपमंडल के एक छोटे से गांव पंजाहड़ा (गनोह) में पंचगव्य चिकित्सा सेवा केंद्र चला रहे हैं और अस्वस्थ लोगों के लिए सहारा बने



हुए है। इसी से क्षेत्र में एक अलग मिसाल भी बन रहे है। पंचगव्य चिकित्सा सेवा केंद्र पंजाहडा चिकित्सक ऋषि डोगरा ने वताया कि जैसे कि गाय के गोबर और मूत्र जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि पंचगव्य चिकित्सा का उपयोग कई प्रकार के रोगों के उपचार में किया जाता है, जैसे कि कैंसर, माइग्रेन, और मस्तिष्क रक्तस्त्राव रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है।

पंचगव्य में मौजूद तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

### मानसिक-आध्यात्मिक स्वास्थ्य में सुधार

**पंचगव्य** चिकित्सा शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ती है, जिससे मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। उन्होंने वताया कि पंचगव्य चिकित्सा एक प्राकृतिक और सुरक्षित चिकित्सा प्रणाली है, जिसमें किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाता है। पंचगव्य चिकित्सा का उद्देश्य सिर्फ रोगों का उपचार करना ही नहीं है बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा भी है।

### प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नगरोटा के पूर्व विधायक अरुण कूका तथा नगरोटा की नशा विरोधी संस्था एडऑन के संस्थापक मनोज मेहता ने पालमपुर में पत्रकार वार्ता में हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। एडऑन संस्था नगरोटा ने नशे की गिरफ्त में आए बच्चों के जीवन को पुन: संवारा है तथा उन्हें नशे की गिरफ्त से बाहर किया है, जिन्होंने अब एंटी ड्रग ऑर्गेनाइजेशन संस्थाएं बनाकर पुलिस की मदद करने को पूरी तरह से तैयार है, लेकिन अब उनके ऊपर ही नशे के कारोबारी तेज हथियारों से हमले कर रहे हैं, जिसका उदाहरण अभी-अभी पालमपुर में देखने को मिला है। जहां तीन बच्चों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल 2025 को पालमपुर कैफे पुल के ऊपर एन्टी ड्रग ऑर्गनाइजेशन के सदस्यों पर जानलेवा हमला किया गया जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना में भी लिखवाई गई, लेकिन अभी तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों का यह केवल कसूर था कि इन बच्चों ने नशे के खिलाफ जो एक एंटी ड्रग संस्था है जो क्षेत्र में पेट्रोलिंग का काम भी करते हैं ताकि अन्य बच्चे ड्रग्स की चपेट में न आएं।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीणों के सहयोग से दरगिया में 4 दिन बाद बहाल हुई तूफान से बाधित बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** हाल ही में आए तूफान के चलते बहुत सारे क्षेत्रों में काफी तबाही और नुकसान हुआ था। नगरोटा सूरियां के आसपास के क्षेत्र में भी कई जगह बिजली के खंभे और तारों पर पेड़ों के गिरने से कई जगह बिजली के खंभे और तारे भी टूट गए थे और अनेकों जगहों पर अंधेरा छा गया था और दोबारा से बिजली बहाल करने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दिन-रात कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है ऐसा ही दृश्य नगरोटा सूरियां के साथ लगती पंचायत सकरी के दरगिया गांव में देखने को मिला यहां पर हालात को देखते हुए मौके पर खुद पहुंचे गांव के बुजुर्ग नौजवान और बच्चों ने मोर्चा संभाला और विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर कड़ी मेहनत करके पेड़ों की टहनियों को हटाया और जहां-जहां भी तारें टूटी थी वहां पर कड़ी मशक्कत करके उनको ठीक करवाने के लिए भरपूर सहयोग दिया और तकरीबन पिछले 4 दिन से अंधेरे में डूबे गांव में फिर बिजली की बहाली करवा दी। गांव वालों ने एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की, जिसकी हर कोई इलाके में तारीफ कर रहा है। अगर इन सबका सहयोग न रहता तो शायद गांव में बिजली बहाल होने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ता। गांववासियों में मनजीत सिंह गुलेरिया, रशपाल सिंह,रमेश सिंह, सुरेश चंद्र, दीपक राणा, आरब गुलेरिया,गुरबचन सिंह, मनोज राणा, करण सिंह राणा, रमेश राणा आदि का इस कार्य को पूरा करवाने के लिए विशेष योगदान रहा।

### ढुगियारी के 14 लोगों ने थामा भाजपा का दामन




**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** ग्राम पंचायत तियारा गांव ढुगियारी के चौदह लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। शनिवार को विधायक पवन काजल के समक्ष इन सभी लोगों ने पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई। विधायक पवन काजल ने इन सबको भाजपा में शामिल होने पर शुभकामनाएं। भाजपा में अपने साथियों के साथ शामिल हुए पूर्व अराजपत्रित महासंघ के पदाधिकारी चमेल सिंह ने कहा कि विधायक पवन काजल की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई। और अब वे संगठन को मज़बूत करने के लिए जुट जाएंगे। विधायक काजल ने कहा कि वर्तमान स्थिती में जनता कांग्रेस से आहत है। लोग भाजपा में शामिल होने के लिए गौरव महसूस करते हैं। यही वजह है कि भाजपा पूरे देश में सबसे ज़्यादा सदस्यों वाली पार्टी है। इस मौके पर विधायक काजल ने भाजपा में शामिल होने वाले चमेल सिंह, मदन लाल, बाल कृषण , ढुनी चंद , बलदेव राज, विशाल, अंकुर चौधरी, सुजल, निशांत, चैन सिंह, प्रवीण कुमारी, निम्मी देवी, ज्योति, हरजीत को शुभकामनाएं दीं।

### कोतवाली के फव्वारा चौक का होगा सौंदर्यीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कोतवाली बाजार के फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण के कार्य ने गति पकड़ ली है। चौक पर पुराने भवनों को गिराने का कार्य पूर्ण हो गया है। रामलीला मंच को गिराने के बाद अब विभाग ने यहां उद्यान विभाग की सरकारी दुकान (विक्रय केंद्र) को भी गिरा दिया है। यहां पर अब नया फव्वारा बनेगा। इसके साथ ही सर्दियों के दिनों में धूप सेंकने और लोगों के बैठने के लिए उचित जगह बनाई जाएगी, जहां पर कुर्सियां और बैंच भी लगेंगे। साथ ही इस चौक के चारों तरफ स्टील की रैलिंग भी लगेगी। नगर निगम ने सौंदर्यीकरण के कार्य की डीपीआर तैयार की है। इस पर 70 लाख रुपए खर्च होंगे। फव्वारा चौक कोतवाली बाजार का प्रमुख स्थल है। इस चौक पर कई वर्षों से रामलीला का मंचन भी होता है। हालांकि कुछ समय पहले भी यहां पर नया फव्वारा बनाया गया था, लेकिन इसे शहर के लोगों ने नकार दिया। अब नगर निगम धर्मशाला ने फिर से इस फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण का जिम्मा उठाया है।

# बस और बाइक में टक्कर, युवक की मौत, परिजनों ने किया चक्का जाम

## बोले, चालक-परिचालक ने इंसानियत नहीं दिखाई, अस्पताल नहीं पहुंचाया

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



मंडी-पठानकोट एनएन-154 पर शनिवार को एक निजी बस और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उक्त हादसा सुबह करीब 11 बजे के आसपास पेश आया। जानकारी के अनुसार निजी बस पठानकोट से मनाली की तरफ जा रही थी, जबकि बाइक सवार नगरोटा बगवां की तरफ आ रहा था। इस दौरान मैंझा पुल से करीब 30 मीटर की दूरी पर बस और बाइक में टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर के दौरान बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 24 वर्षीय अरुण सिंह पुत्र शेर सिंह निवासी अरला, पालमपुर के रूप में हुई है। हादसे के दौरान एनएच पर वाहनों का जाम लग गया।

हादसे में मौत का ग्रास बने अरुण के गुस्साए परिजनों ने बस के शीशे भी तोड़ दिए। वे बस के चालक को सामने लाने की मांग पर अड़े हुए थे। परिजनों का आरोप था कि हादसे के बाद बस के चालक-परिचालक ने इंसानियत नहीं दिखाई। उन्हें युवक को अस्पताल लेकर जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया। वहीं जाम के चलते एनएच पर दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। पुलिस टीम परिजनों से जाम को खुलवाने का आग्रह करती रही, लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़े हुए थे। इसी दौरान मौके पर पहुंचे भवारना पुलिस थाना के एसएचओ गुरदेव सिंह ने मृतक युवक के परिजनों से बातचीत कर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया तब जाकर माहौल कुछ शांत हुआ, जिसके बाद एनएच को यातायात के लिए बहाल कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हादसे में शामिल दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पालमपुर अस्पताल भेज दिया है।

### धर्मशाला के कई क्षेत्रों में कल पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता रमन भरमौरिया ने बताया कि 21 अप्रैल को 33/11 केवी यार्ड और धर्मशाला शहर के इससे जुड़े 11केवी फीडरों के सामान्य रख रखाव हेतु कोतवाली बाजार, आईपीएच कॉम्प्लेक्स, एमसी ऑफिस, यात्री निवास, जोनल होस्पिटल, आयुर्वेदिक अस्पताल, न्यायिक परिसर, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी कार्यालय, डीसी कार्यालय, डिपो बाज़ार, सिविल लाइन्स, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लिनिक शामनगर, पुलिस लाइन्स, एक जोत कॉलोनी, चिलगाढ़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, एआईआर, सरकारी कॉलेज, बीएड कॉलेज, सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर, सिविल लाइंस सिविल बाज़ार, फोरेंसिक लैब, माइक्रोवेव, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट पेट्रोल पंप (मान फिलिंग) गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चिलगाढ़ी, कालापुल, मैकलोडगंज मुख्य चैराहा, परम पावन दलाई लामा मंदिर, जोगविरा गांव, हेरू गांव, दुलसन, टिप्पा रोड, संजय मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 तक या कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### नई जोड़ी



साहिल गुलेरिया व नताशा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



पपरोला की रंजना कपूर व मनदीप खन्ना को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### हैप्पी बर्थडे



पधर की आरवी ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



योल कैंट की शालू धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा के पंडित परमेश्वरी दास को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## शॉर्ट सर्किट से 40 कनाल में गेहूं राख

### मंड में जमीन से मात्र 7 से 8 फुट की ऊंचाई पर हैं बिजली की लाइनें

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

गेहूं कटाई के साथ ही इंदौरा के तहत पड़ने वाले मंड क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं शुरू हो गई हैं। शनिवार को उपतहसील ठाकुरद्वारा के अंतर्गत मंड घंडरा में 3 किसानों की 40 कनाल से ऊपर भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग की भेंट चढ़ गई। इस घटना में सुरेश कुमार निवासी घडरां की 16 कनाल, सुरजीत व हरबंश निवासी घंडरा की 12-12 कनाल जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई है। प्रभावित किसानों ने बताया कि वे एक-दो दिन में गेहूं की कटाई का कार्य शुरू करने ही वाले थे कि आज दोपहर को यह घटना घट गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली की तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। किसानों के खड़ी फसल में ट्रैक्टर टिल्लर चलाकर और खेतों में लगी मोटरों व घरों से बाल्टियों व अन्य साधनों से पानी ले जाकर आग पर काबू पाया और आसपास खड़ी गेहूं की फसल को जलने से बचाया। सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत घंडरा के प्रधान युगल किशोर मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना प्रशासन को दी तथा पीड़ित किसानों को प्रशासन की तरफ से मिलने वाली हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने प्रशासन को फसल का आकलन करने के आदेश दे दिए हैं। एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि राजस्व अधिकारियों को मौके पर भेजकर किसानों के नुकसान का आकलन करवाकर उनको मुआवजा दिया जाएगा। जानकारी के अनुसारमंड क्षेत्र में गेहूं के सीजन में आग लगने का मुख्य कारण बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट होना है, क्योंकि मंड क्षेत्र में जमीन से मात्र 7 से 8 फुट की ऊंचाई पर ही बिजली की लाइनें हैं। कई जगह तो इससे भी नीचे हैं और विभाग द्वारा कंकरीट व लोहे के खंभों की जगह लकड़ियों से ही तारों को बांध कर लाइनें गुजारी गई हैं। किसान वर्षों से बिजली की लाइनों को सुधारने के लिए विभाग से अपील करते आ रहे हैं मगर विभाग पर कोई असर नहीं होता है और हर वर्ष बिजली लाइन के शॉर्ट सर्किट से कई एकड़ गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ जाती है।

> **विधायक राजन ने नुकसान का आकलन करने के दिए निर्देश**

## भाजपा ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने का किया प्रयास: सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

कांग्रेस के केंद्रीय नेता राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवाने के विफल प्रयास को लेकर प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने केंद्रीय भाजपा के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने केंद्रीय भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सासंद राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द करने का विफल प्रयास किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का सरकारी आवास खाली करवा कर भाजपा द्वारा खुले आम संविधान की धज्जियां उड़ाई हैं, लेकिन आखिर में सत्य की ही जीत हुई है। सुदर्शन शर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के दखल से बीजेपी की मनमानी पर अंकुश लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मनमानी से विश्वपटल पर भारत की साख को गहरा बट्टा लगा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो बीजेपी की और ,स्स के बीच आपसी होड़ उत्पन हो गई है, जिसमें एक दूसरे को निचा दिखाने की दौड़ चल रही है। सुदर्शन शर्मा ने जोर देकर कहा



कि बीजेपी 2014 से गांधी परिवार के पिछे पड़ी ह, लेकिन बीजेपी के नेता बताएं कि इस सब से आज तक देश को क्या मिला है।

कांग्रेस पार्टी के जाने-माने नेता व प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने कहा कि बीजेपी के इस कृत्य से देश की जनता में भारी रोष है तथा बहुत जल्द वह अपनी विधानसभा में केंद्रीय भाजपा के खिलाफ भारी कार्यकर्ताओं सहित प्रदर्शन कर बीजेपी के इस घिनौनेपन से आम जनता को अवगत करवाएंगे।

## सीएम सुक्खू की ओर से नेशनल हेराल्ड को हमारा अखबार कहना निंदनीय: सुधीर शर्मा

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर जगत प्रकाश नड्डा का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, गगल/कांगड़ा**



कांगड़ा एयरपोर्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते विधायक सुधीर शर्मा, त्रिलोक कपूर, विश्व चक्षु व अन्य।



कांगड़ा एयरपोर्ट पर जेपी नड्डा का स्वागत करते भाजपा नेता मनीष शर्मा।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शनिवार को अपने दो दिवसीय हिमाचल प्रवास के तहत कांगड़ा पहुंचे कांगड़ा एयरपोर्ट पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया कांगड़ा से नड्डा सड़क मार्ग द्वारा चंबा के लिए रवाना हुए, जहां वह अपने प्रवास के दौरान एक जनसभा को संबोधित करेंगे और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी विचार-विमर्श करेंगे। आगामी चुनावों के मद्देनजर उनके इस दौरे को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

इस अवसर पर धर्मशाला विधायक सुधीर शर्मा ने भी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की इसके पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड जैसे समाचार पत्र, जो प्रदेश में न तो बिकते हैं और न ही दिखाई देते हैं, उन्हें करोड़ों रुपए के विज्ञापन देना जनता के पैसे का दुरुपयोग है विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का इस अखबार को 'हमारा अखबार' बताना भी निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में न समय पर पेंशन मिल रही है और न ही कर्मचारियों को वेतन सरकार हर असफलता का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस मामले में जनता के समक्ष स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

### 56 ग्राम हेरोइन के साथ महिला को किया अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** सुजानपुर पुलिस ने 56 ग्राम हेरोइन के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है तथा इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएचओ सुजानपुर मोहित टाक ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ नाका लगाया हुआ था, जिस दौरान एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 56 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि यह महिला पहले भी नशा तस्करी में संलिप्त रही है तथा उसके बेटे व बेटी के खिलाफ सुजानपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में महिला की पहचान सुनीता पत्नी लाडी बस्सी प्रेम नगर सुजानपुर तथा उसके बेटों सूरज और रुखसाना के रूप में हुई है। एसएचओ मोहित टाक ने नशा कारोबारियों को चेतावनी दी है कि वे नशा बेचना बंद कर दें, अन्यथा उन्हें पकड़कर जेल भेज दिया जाएगा।

## ओएनजीसी सुपर 30 कांगड़ा के 28 स्टूडेंट्स ने पास की जेईई मेन्स परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ओएनजीसी कॉर्पोरेशन द्वारा सीएसआर मिशन के अंतर्गत और सीएसआरएल के सहयोग से संचालित ओएनजीसी सुपर 30 कांगड़ा के छात्रों ने एक बार फिर कामयाबी हासिल की है। जेईई मेन्स 2025 परीक्षा के परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई कहानी लिखी है। शनिवार को धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता में ओएनजीसी सुपर 30 के प्रोजेक्ट मैनेजर गरीश चंद्रा व राहुल कुमार सहित फेक्लटी गणेश चौधरी, अजय सिंह, सतविंद्र सिंह व अश्वनी कुमार ने बताया कि इस वर्ष केंद्र में नामांकित 30 छात्रों में से 28 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है, जिससे वे भारत के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों जैसे आईआईटी और एनआईटी में प्रवेश पाने के एक कदम और करीब पहुंच गए हैं। 2022 में स्थापित, ओएनजीसी सुपर 30 कांगड़ा केंद्र हिमाचल प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी लड़के और लड़कियों को 11 महीनों की पूर्णतः आवासीय और निशुल्क कोचिंग प्रदान करता है। अब तक यह कार्यक्रम 80 से अधिक छात्रों को उच्च शिक्षा की दिशा में मार्गदर्शन और सहयोग दे चुका है। यह पहल विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के उन छात्रों के लिए है जिनके परिवार की वार्षिक आय 4 लाख से कम है। चयन की प्रक्रिया कठोर और दो चरणों में होती है, जिसमें लिखित परीक्षा और शैक्षणिक साक्षात्कार शामिल हैं, ताकि सबसे योग्य और जरूरतमंद छात्रों को इस अवसर का लाभ मिल सके।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### महिलाओं को आईआरडीपी के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, गगल।** एकल नारी शक्ति संगठन की बैठक आज रैत में की गई जिसमें सात पंचायत की महिलाओं ने भाग लिया। जानकारी देते हुए एकल नारी शक्ति संगठन की सदस्य सिमलो देवी ने बताया के बैठक में राष्ट्रीय संगठन की राष्ट्रीय सदस्य राधा रघुवाल की अध्यक्षता में अठाईस महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में महिलाओं को आईआरडीपी और बीपीएल के बारे में जानकारियां दीं।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल के पांच छात्रों ने उत्तीर्ण की जेईई मेन्स परीक्षा

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट को गर्व है कि उसके पांच मेधावी छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई मेन्स परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है और अब वे जेईई एडवांस्ड में शामिल होने के पात्र बन गए हैं, जो कि देश के प्रतिष्ठित आईआईटी में प्रवेश का द्वार है। ये प्रतिभाशाली छात्र हैं -वजुहा, उन्नत, एरिक, हर्षित और निहारिका। इस उपलब्धि के साथ ही इन छात्रों ने एनआईटी (नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ टेक्नोलॉजी) तथा देश के अन्य शीर्ष संस्थानों में सीट सुनिश्चित कर ली है, और अब वे जेईई एडवांस्ड जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षा के लिए तैयार हैं।

इनमें वजुहा ने सबसे अधिक अंक प्राप्त करते हुए 97.75 परसेंटाइल हासिल की है, जो उनकी मेहनत और लगन का प्रतीक है। सनी महाजन, निदेशक, प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा, 'यह सफलता हमारे छात्रों और शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।' प्रताप वर्ल्ड स्कूल में हम प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षण वातावरण, संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। निदेशिका ओशिन महाजन ने भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'हमारे छात्रों ने अपने शानदार परिणामों से हमें गौरवान्वित किया है। यह सफलता हमारे शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का प्रतिफल है। हम उन्हें आगे भी हर संभव सहायता प्रदान करते रहेंगे। प्रधानाचार्या सुभ्रा रानी ने कहा, 'छात्रों द्वारा दिखाई गई मेहनत और समर्पण रंग लाया है। यह केवल एक शुरुआत है, और हमें पूरा विश्वास है कि वे जेईई एडवांस्ड और अपने आगामी करियर में भी हमारा नाम रोशन करेंगे।' प्रताप वर्ल्ड स्कूल परिवार वजुहा, उन्नत, एरिक, हर्षित और निहारिका को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई देता है

**मांग** प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने विधायक किशोरी लाल को सौंपा मांगों का ज्ञापन

## एरियर को शीघ्र-अतिशीघ्र देने की लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक बैजनाथ के पेंशनर्स ने शनिवार को ब्लॉक बैजनाथ के अध्यक्ष सुरेंद्र धीमान, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह, सलाहकार बमधीर सिंह राणा, कोषाध्यक्ष रमेश चंद एवं प्रेस सचिव अनुज आचार्य की अगुवाई में पेंशनर्स की मांगों को लेकर बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल से मुलाकात की और उन्हें हिप्र पेंशनर्स की सभी मांगों के बारे में विस्तार से अवगत करवाकर एक मांग पत्र दिया जिसमें जनवरी 2016 से लेकर दिसम्बर 2022 तक सेवानिवृत कर्मचारियों के रुके हुए ग्रेच्युटी, लीव इन्कैशमेन्ट तथा वेतन निर्धारण की मांगों को सरकार के समक्ष रखने की गुहार लगाई। इसके अलावा जनवरी 2016 से नए वेतनमान के अनुसार देय एरियर को शीघ्र अतिशीघ्र देने का पुरजोर आग्रह किया गया। पेंशनर्स ने सरकार से मंहगाई भत्ते की देय जुलाई 2023 से 4 फीसदी, जनवरी 2024 से 4 फीसदी तथा जुलाई 2024 से देय 3 फीसदी महंगाई भत्ते की किश्तों को चरणबद्ध तरीके से तथा महंगाई भत्ते का एरियर शीघ्र अति शीघ्र देने की मांग उठाई।

> **विधायक ने सरकार से बात करने का दिया आश्वासन**

विधायक ने पेंशनर्स द्वारा सौंपे गए ज्ञापन की मांगों को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विचार-विमर्श करके सुलझाने का और उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष सुरेंद्र धीमान ने विधायक किशोरी लाल को फूलों का गुलदस्ता दे कर सम्मानित किया। इस मौके पर मूलराज जोशी, संजीव सूद, रमेश, राजकुमार डोगरा, सरला ठाकुर, सलोचना कटोच, अनिल मेहरा, जोगिंद्र कपूर, अशोक आनंद, और अनुज आचार्य भी मौजूद रहे।



## सरकार 25 अप्रैल तक करे लंबित भुगतान

### झंडूता के ठेकेदारों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता उपमंडल के ठेकेदारों ने उपमंडलीय अधिकारी झंडूता कुनिका अर्ष के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा। इस ज्ञापन में ठेकेदारों ने लंबित पड़ी पैमेटो को करने की मांग की है। सुभाष मन्हास ने बताया कि आज झंडूता के पीडब्ल्यूडी के परिसर में यह वह ठेकेदार हैं जो मुशीबत के मारे हैं। चार सालों से इनके पैसे फंसे हैं ।वह नहीं मिल पा रहे हैं और सरकार समझती है कि यह ठेकेदारों के पैसे हैं, लेकिन यह पैसे ठेकेदारों के नहीं बल्कि उन गरीब मजदूरों के पैसे होते हैं, मशीनों के पैसे होते हैं। आज तक कोई भी अधिकारी जिम्मेदार नहीं मिलता है ना ही सरकार की तरफ से हमें कोई आश्वासन नहीं मिला।

उन्होंने बताया कि दो महीने बाद उनकी बेटी की शादी हैं। सरकार चाहे कांग्रेस की है या बीजेपी की हमने गरीब मजदूर बाहर से लगाए हैं। आज वे सड़कों पर बैठे हैं। उनके पास खाने के लिए पैसे नहीं है। आज हम उपमंडलीय अधिकारी झंडूता के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। झंडूता के ठेकेदार जरनैल चंदेल ने बताया कि जो भुगतान पेंडिंग है, उसे सरकार शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करें। वे 25 अप्रैल का समय देते हैं। 25 अप्रैल के बाद हम सरकार के विरुद्ध उग्र प्रदर्शन की हम तैयारी कर रहे हैं। इसलिए हमारा सरकार से अनुरोध है कि जो हमारी पैमेटे लंबित पड़ी है, सरकार उसका भुगतान कर दे।

## न्यूज ब्रीफ

### नए छात्रों का स्कूल में किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पीएम केंद्रीय विद्यालय जाखू हिल्स द्वारा कक्षा एक के नवप्रवेशित छात्रों के लिए विद्या प्रवेश व अभिभावकों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सभी नए छात्रों का विद्यालय प्रांगण में अति उत्साह और हर्ष के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नवागंतुक कक्षा प्रथम के छात्रों के स्वागत तिलक लगाकर से की गई । इसके बाद उप प्राचार्य व मुख्य अध्यापिका द्वारा कक्षा प्रथम के बच्चों को मुकुट पहनाया गया। स्कूल उप प्राचार्य शेरब दोरजे ने छात्रों को परिश्रम, अनुशासन और निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात कार्यक्रम में दी गई नृत्य प्रस्तुती के माध्यम से सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया गया। प्राथमिक शिक्षक पाबक सवाई द्वारा पीपीटी के माध्यम से अभिभावकों को विद्यालय की कार्यशैली से अवगत कराया गया ।

### भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा युवा मोर्चा जिला शिमला एवं महसू द्वारा नेशनल हेराल्ड को लेकर सीटीओ पर धरना, प्रदर्शन का आयोजन किया गया और राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। धरने को संबोधित करते हुए सुशील ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री नेशनल हेराल्ड को चंदा नहीं, बल्कि विज्ञापन के रूप में पैसा देते हैं। सवाल यह उठता है कि कांग्रेस सरकार ने आखिर ये विज्ञापन किस आधार पर दिए, जबकि अख़बार छप ही नहीं रहा हैं? कदशोली ने कहा कि कांग्रेस ने एजेएल के 1000 शेयरधारकों का ऋण माफ करने के बजाय एक नई कंपनी बनाई, जिसके शेयरधारक कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्ष थे और उस कंपनी ने मात्र 50 लाख रुपये देकर 90 करोड़ रुपए का ऋण माफ कर दिया गया।

### ढाई वर्षों में नहीं हुआ कोई नया विकास कार्य

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** शिक्षा मंत्री केंद्र प्रायोजित योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने में व्यस्त हैं। भाजपा मंडल जुब्बल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा एवं कोटखाई नावर मंडल के अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में निर्माणाधीन सभी सड़कों के लिए बजट केंद्र की भाजपा सरकार की देन है। डोगरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की बदौलत जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए लगभग 200 करोड़ रुपए खर्च हो रहा है। जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में निमार्णाधीन सड़कों का श्रेय सिर्फ व सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप को जाता है। उन्होंने कहा कि जुब्बल नावर कोटखाई में पिछले ढाई वर्षों में कोई नया विकास कार्य नहीं हुआ है। शिक्षा मंत्री पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू हुई केंद्र प्रायोजित योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन कर सिर्फ झूठी वाह-वाही लूट रहे है।

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की दुर्गंध बनी परेशानी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सुन्नी के कालीघाट में निर्मित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से आने वाली दुर्गंध से क्षेत्रवासी परेशान है। आलम यह है कि प्लांट के पास से गुजरने वाली सड़क पर राहगीरों को मुंह ढक कर गुजरना पड़ता है। प्लांट से रोजाना फैलती दुर्गंध के कारण रैन बसेरा और साथ लगते क्षेत्र में लोगों को रहना दूभर हो गया है। सुबह शाम प्लांट से तीखी दुर्गंध के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। समय रहते उक्त समस्या का समाधान नहीं किया गया तो दुर्गंध के कारण क्षेत्र में गंभीर बीमारी भी फैल सकती है। लोगों द्वारा उक्त समस्या बारे कई मर्तबा नगर परिषद सुन्नी को भी सूचित किया गया, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है और अभी तक लोगों को केवल आश्वासन ही मिल पाया है। बार-बार प्रशासन को सूचित करने के बाद भी लोगों की समस्या का निदान नहीं हो पाया। क्षेत्रवासियों की बार-बार शिकायत पर संज्ञान लेते हुए शनिवार को अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा द्वारा भी प्लांट का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्लांट में अनेकों खामियां पाई गईं। प्लांट की एक मोटर की शाफ्ट खराब होने के कारण बंद पड़ी है। इस मौके पर जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता को प्लांट की खामियों बारे पूछा गया। इस बारे में कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि प्लांट का कार्य ठेकेदार के माध्यम से संचालित हो रहा है और प्लांट में मौजूद बैक्टीरिया के कमजोर होने के कारण उक्त समस्या उत्पन्न हो रही है साथ ही प्लांट में लगी तीन मोटरों में से एक मोटर की शाफ्ट खराब होने के कारण मोटर ने काम करना बंद कर दिया है । कमजोर बैक्टीरिया को शक्ति प्रदान करने के लिए उन्हें गुड और गोबर दिया जा रहा है।

# मातलू-बघाल सड़क होगी स्तरोन्नत

## शिक्षा मंत्री बोले- 4.50 करोड़ से निर्मित होगा चमैन अग्निशमन चौकी का भवन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई उपमंडल के अंतर्गत उबादेश क्षेत्र विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास किए। उन्होंने विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत लगभग 2 करोड़ 65 लाख की लागत से स्तरोन्नत होने वाली मातलू सराह बघाल सड़क का भूमि पूजन किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस सड़क से न केवल बाघी पंचायत के लोगों को लाभ पहुंचेगा अपितु साथ लगती पंचायतें भी इस सड़क से लाभान्वित होंगी।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने चमैन में अग्निशमन चौकी के भवन की आधारशिला रखी। रोहित ठाकुर ने कहा कि अग्निशमन चौकी की मांग उबादेश क्षेत्र के लोग बहुत लम्बे समय से कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से यह महत्वपूर्ण कार्य शुरू हुआ है और इसके निर्माण मे 4 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि व्यय की जाएगी। निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है और शीघ्र ही इसका कार्य आरंभ हो जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कलबोग में आयोजित होने वाले बिशू मेले में शिरकत की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले और त्यौहार हमारी समृद्ध संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। पिछले 2 से अधिक वर्षों के कार्यकाल में वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा किये गए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि उबादेश क्षेत्र से उनका और दिवंगत नेता ठाकुर राम लाल का एक भावनात्मक सम्बन्ध रहा है और इस क्षेत्र से उन्हें भी सदैव आशीर्वाद मिलता रहा है।

उन्होंने कहा कि सड़कों के विकास और निर्माण कार्य में जुब्बल नावर कोटखाई इस समय पूरे प्रदेश में प्रथम पायदान पर है और अभी तक करीब 116 सड़कों की पासिंग भी हो चुकी है। जिसमे 15 सड़के कलबोग क्षेत्र की पास हुई है। विकास एक अनवरत प्रक्रिया है जिसके तहत अलग अलग क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)




### पीएचसी रामनगर पर खर्च हो रहे 2.20 करोड़

**निर्माणाधीन** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राम नगर के भवन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस पर 2 करोड़ 20 लाख की खर्च किए जा रहे हैं। इस के साथ क्षेत्र में बनने वाले पशु औषधालय का टेंडर भी लग चुका है। इसके अतिरिक्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बघाल का कार्य भी 1 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से प्रगति पर है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलबोग का निर्माण कार्य 4 करोड़ 35 लाख की लागत से प्रगति पर है। इस अवसर पर जुब्बल नावर कोटखाई कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोती लाल डेरटा सहित कई अन्य कांग्रेस पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## रोहड़ू मेले के लिए मेला समिति अध्यक्ष ने लोगों से की जबरन वसूली: शशि बाला



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

**राज्य** स्तरीय रोहड़ू मेले के लिए दुकानदारों एवं लोगों से मेला समिति अध्यक्ष ने जबरन वसूली की है। इसमें नियमों को ताक पर रखा गया है। मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम रोहड़ू ने आबकारी एवं कराधान विभाग, खनन विभाग, पुलिस विभाग एवं शिकड़ू देवता मंदिर कमेटी सहित कई विभागों की फौज लेकर पैसे की उगाही की गई है।

रोहड़ू में भाजपा नेत्री शशि बाला ने पत्रकारवार्ता करते हुए बताया कि रोहड़ू के दुकानदारों पर पैसे देने का दबाव बनाया गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा को जवाब देना होगा कि प्रॉटोकाल के हिसाब से एसडीएम के अधिकार ज्यादा है या विधायक के। ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं कि स्थानीय कलाकारों को सांस्कृतिक संध्या में मुफ्त में प्रस्तुतियां देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और उनसे लिखित में भी लिया गया है। रोहड़ू मेले में स्थानीय कलाकारों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने की एवज में भुगतान करना एक तरह की आजीविका का साधन है। मेला समिति के अध्यक्ष उन कलाकारों के साथ अन्याय कर रहे है। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल छौहारा अध्यक्ष आशा रिठवाण खाची, रोहड़ू मंडल अध्यक्ष विजय मेहता, प्रवक्ता सुमेश चौहान, महामंत्री रिंकू कुल्ला, अमन शुक्ला मौजूद रहे।

# रामपुर में तूफान से एक करोड़ का नुकसान

## कई क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से राजस्व की टीम आकलन करने में जुटी

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

**रामपुर** में बीते रोज देर रात आए आंधी तूफान ने भारी तबाही मचाई है। कई घरों की छतें उड़ गई, सड़कों पर पेड़ गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए और बगीचों में सेब सहित गुठली दार फलों को काफी नुकसान पहुंचा है। रामपुर उपमंडल के तकलेज, काशा पाट, 12/ 20, निरथ और रामपुर के आसपास के क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार करीब एक करोड़ के नुकसान का अनुमान है। कई क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से राजस्व की टीम आकलन करने में जुटी है। रामपुर उपमंडल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि से सेब की फ्लोरिंग प्रभावित हुई है। निचले क्षेत्रों में आंधी तूफान ने सेब की फसल को बर्बाद कर दिया है। 12/20 घाटी की कुहल और देवठी पंचायत में आंधी तूफान से सेब की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

नरैण पंचायत में कई घरों की छतें उड़ गई और कई स्थानों पर सेब की फसल बर्बाद हुई है। प्रभावित बागवान सुनील चौहान ने बताया कि कुहल पंचायत के मझौली गांव में ओलावृष्टि से सेब की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने प्रशासन से नुकसान का जायजा लेने और सरकार से मुआवजा दिलवाने की मांग उठाई है। बताते चलें कि कई क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से राजस्व की टीम आकलन करने के लिए भेजी गई है। रामपुर उप मंडल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि से सब को की फ्लोरिंग भी प्रभावित हुई है। (अनंत ज्ञान)



### फसलों व घरों को भारी नुकसान: तहसीलदार

**तहसीलदार** रामपुर परीक्षित भांडिया ने बताया कि इस क्षेत्र में आंधी तूफान से फसलों को व घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के लिए राजस्व कर्मी भेजे गए हैं। रामपुर उप मंडल में लगभग एक करोड़ का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है।

## एडीसी वर्मा ने पौड़िया में नवनिर्मित महासू मंदिर की सराय और पंचायत भवन के कार्य का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

**अतिरिक्त** जिलाधीश शिमला अभिषेक वर्मा ने चौपाल विकास खंड की पौड़िया पंचायत का दौरा कर विकास एवं जनसेवक के तहत 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित महासू मंदिर की सराय एवं पंचायत भवन के अपवर्धन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत द्वारा प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित स्वामी विवेकानंद पंचवटी पार्क का अवलोकन कर पंचायत की जमकर सराहना की।

बता दें कि प्लास्टिक वेस्ट से बना यह प्रदेश का अपनी किस्म का दूसरा पार्क है। इससे पूर्व विकासखंड मुख्यालय में एक ऐसा पार्क है। बीडीओ चौपाल विनीत शर्मा द्वारा तैयार किया गया था, जिसका उद्घाटन पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा किया गया था। चौपाल में बने पार्क की तर्ज पर ही विकासखंड की दूरदराज पंचायत पौड़िया में यह दूसरा पार्क तैयार हुआ है। यह पार्क महज 21 दिन में तैयार किया गया है। चौपाल विकास खंड में बने इन दो पार्कों की विशेषता यह है कि यह पूरी तरह प्लास्टिक की बोतलों एवं अन्य वेस्ट सामग्री से तैयार किए गए हैं। इन पार्कों के निर्माण से जहां प्लास्टिक को ठिकाने लगाने की समस्या हल हो गई।

एडीसी शिमला अभिषेक वर्मा ने प्लास्टिक वेस्ट के सफल निष्पादन द्वारा एक सुंदर पार्क निर्माण के लिए बीडीओ चौपाल विनीत ठाकुर, पौड़िया पंचायत के प्रधान तपेंद्र मोहन शर्मा एवं समस्त पंचायत वासियों को बधाई दी है।

इस मौके पर लोगों ने एसीसी को बताया कि पौड़िया को आने वाली परिवहन निगम की बस पिछले काफी समय से बंद पड़ी है। इसके आलावा पौड़िया को पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है, जिसकी शीघ्र मरम्मत करवाई जाए। एडीसी अभिषेक वर्मा ने लोगों को भरोसा दिलवाया कि उनकी शिकायते शीघ्र हल की जाएगी।



### चौपाल में दो प्लास्टिक वेस्ट पार्क निर्मित करने पर बीडीओ को दी बधाई

# घुमारवीं में विकास पर खर्च हो रहे करोड़ों रुपए

## तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कोट पंचायत में गिनाए काम, जनसमस्याएं सुनी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कोट पंचायत के अंतर्गत गांव कंजयाण, कोट टांडा, बल्ही (बाहल) और कोट पंचायत घर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे प्रत्येक गांव तक सुविधाएं पहुंचाई जा सकें, ताकि ग्रामीणों को जीवन की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार का अनुभव हो।

उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटवाड़ को राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल में परिवर्तित किया जा रहा है। इस परियोजना के प्रथम चरण के लिए 2.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है और भूमि चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति की समस्याओं को दूर करने हेतु बम्म क्षेत्र में 12 करोड़ रुपए की लागत से 33केवी का विद्युत सब-स्टेशन स्थापित किया जा रहा है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थायी रूप से राहत मिलेगी। इसके अलावा कोट पंचायत में सुचारु पेयजल व्यवस्था के लिए सतलुज नदी से लगभग 53 करोड़ रुपए से परगना अजमेरपुर पेयजल योजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। इस पेयजल योजना के निर्माण हो जाने से पानी की समस्या का स्थायी हल हो जाएगा। ग्राम पंचायत कोट में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने हेतु जल शक्ति विभाग द्वारा 13 लाख रुपए की लागत से विभिन्न कार्य संपन्न किए गए हैं। वहीं, गांव कोट टांडा में 35 लाख रुपय पाइपलाइन बिछाई गई। सड़क निर्माण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत कोट में लगभग 96 लाख रुपए की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।



घुमारवीं की कोट पंचायत में लोगों की समस्याएं सुनते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

**हटवाड़ स्कूल को बनाया जाएगा राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल**

## रोटरी क्लब घुमारवीं को जल्द मिलेगा रोटरी अवॉर्ड: ग्रोवर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

रोटरी क्लब घुमारवीं द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। इसमें रोटरी 3070 (हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू और लद्दाख) के गवर्नर डॉ. पीएस ग्रोवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. ग्रोवर ने हिमाचल को देवभूमि बताते हुए यहां की स्वच्छता, सेवा भावना और नागरिकों की पवित्र सोच की सराहना की। उन्होंने बताया कि अब तक चिन्हित 115 क्लबों में से 98 क्लबों का निरीक्षण पूर्ण हो चुका है और रोटरी क्लब घुमारवीं की कार्यप्रणाली अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि क्लब को रोटरी अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक गवर्नर कुशाल ठाकुर ने रोटरी इंटरनेशनल की वैश्विक उपलब्धियों और प्रभाव पर प्रकाश डाला। जोनल चेयरमैन राजीव शर्मा ने क्लब की सराहना करते हुए इसके प्रभावी संचालन की प्रशंसा की। क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट अनिल शर्मा ने वर्ष 2024-25 में क्लब द्वारा किए गए सामाजिक सेवा प्रोजेक्ट्स की जानकारी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को दी। क्लब के अध्यक्ष रमेश कैथ और सचिव देवराज चंदेल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्तमान में चल रही प्रमुख योजनाओं अन्नपूर्णा योजना, पौधारोपण अभियान, स्वास्थ्य शिविर, मेजर शल्य चिकित्सा सहायता और रक्तदान शिविरों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के 2025-26 के भावी अध्यक्ष मनमोहन लाल भट्टी के साथ वरिष्ठ रोटेरियन होशियार सिंह चंदेल, दलीप सिंह धूलिया, रूप लाल शर्मा, आशीष सोनी, कल्पना शर्मा, गर्वित शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

### संस्कार संस्था का साधारण अधिवेशन 27 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं की समाज सेवी संस्था संस्कार सोसायटी का साधारण अधिवेशन 27 अप्रैल रविवार को संतोषी माता मंदिर हारकुकार घुमारवीं में आयोजित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि इसमें संस्था द्वारा वर्ष भर की गई गतिविधियों की जानकारी व संस्था द्वारा वर्षभर किए गए आय-व्यय की पूर्ण जानकारी सभी सदस्यों के समक्ष रखी जाएगी।

### सेल्स मैनेजर के 6 पदों के लिए इंटरव्यू 25 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी बिलासपुर द्वारा सेल्स मैनेजर के 6 पदों हेतु 25 अप्रैल को जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। उक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक होना अनिवार्य है तथा चयनित अभ्यर्थियों को 25 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। साक्षात्कार महिला व पुरुष उमीदवार दोनों भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का रोजगार पोर्टल eemis.hp.nic.in पर पंजीकरण अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी बिलासपुर के प्रतिनिधि से 95012-882323 पर संपर्क कर सकते हैं

### झंडूता में भाजपा का जिलास्तरीय समारोह आज

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** भारतीय जनता पार्टी का जिलास्तरीय समारोह 20 अप्रैल को झंडूता विधानसभा क्षेत्र के समोह में आयोजित होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। समारोह में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। स्थानीय भाजपा नेताओं और मोर्चा कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। समोह में हजारों की संख्या में लोगों, स्थानीय निवासी, पंचायत प्रतिनिधि, और भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। जो इस समारोह को और यादगार बनाएंगे। यह आयोजन झंडूता क्षेत्र में सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह समुदाय के बीच जागरूकता बढ़ाने और उनकी आवाज को बुलंद करने का एक मंच प्रदान करेगा। स्थानीय लोगों में इस समारोह को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है, और क्षेत्र में तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है।

### सरकार कर रही एचआरटीसी पेंशनर्स की अनदेखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने गत मार्च माह की पेंशन के भुगतान के साथ ही उनकी लंबित समस्याओं के समाधान में हो रही देरी पर गहरा रोष जताया है। एचआरटीसी के पेंशनर्स का कहना है कि सरकार इस वर्ग की लगातार अनदेखी कर रही है। पेंशन का भुगतान नियमित करने के साथ ही उनकी अन्य जायज मांगें भी जल्द पूरी की जाएं, वरना निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।शनिवार को परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल ठाकुर की अध्यक्षता में बिलासपुर के निहाल में एचआरटीसी वर्कशॉप परिसर में स्थित मंदिर के प्रांगण में आयोजित बैठक में कहा गया कि रिटायरमेंट के बाद पेंशनर केवल पेंशन पर आश्रित होते हैं। अप्रैल माह आधे से अधिक बीत चुका है, लेकिन निगम के पेंशनर्स को अभी तक गत मार्च माह की पेंशन भी नहीं मिल पाई है। इससे वे अपने परिवार का सही ढंग से पालन-पोषण करने के साथ ही अन्य सामाजिक दायित्व निभाने में असमर्थ होने लगे हैं। मेडिकल बिलों और महंगाई भत्ते का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। वर्ष 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान और बकाया राशि आज तक नहीं मिल पाई है। बैठक में एक स्वर में आवाज बुलंद करते हुए सरकार से मांग की गई कि पेंशन का भुगतान निर्धारित समय पर सुनिश्चित करने के साथ ही उन्हें अन्य लाभ भी जल्द दिए जाएं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन का बिगुल बजा दिया जाएगा।

### कांग्रेस का मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व युंका जिलाध्यक्ष आशीष ठाकुर की अगुवाई में मोदी सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। इससे पूर्व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने परिधि गृह से लेकर शहीदी पार्क तक रोष रैली निकाली तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया। इस मौके पर पूर्व युकां जिलाध्यक्ष आशीष ठाकुर ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से लेकर आज तक केंद्र सरकार कांग्रेस की नेताओं को प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का लगातार दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि 1937 में अंग्रेजी हकूमत को देश से बाहर निकालने के लिए नेशनल हेराल्ड नाम से अखबार शुरू किया था। जब अंगेजी हकूमत को डर सताना शुरू हुआ तो उन्होंने 1942 में अखबार पर रोक लगा दी फिर 1945 में पुनः इस अखबार की शुरुआत हुई। वर्ष 2012 में सुब्रमण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड पर केस दर्ज करवाया जब इसमें कुछ नहीं पाया गया तो सुब्रमण्यम स्वामी ने मामला दिल्ली कोर्ट से वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिस तरह से आए दिन बिहार और गुजरात में संगठन को मजबूत कर रही है उसकी बोखलाहट में आकर उन्होंने सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा चार्जशीट दायर की गई है, जिसका कांग्रेस पार्टी पूर्ण रूप विरोध करती है।

# मिनर्वा घुमारवीं के 30 विद्यार्थी देंगे जेईई एडवांस की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



जेईई मेन के परीक्षा में मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं का शानदार परिणाम रहा। हर वर्ष की तरह इस बार भी संस्थान ने परीक्षा परिणाम में सफलता का परचम लहराया है। 35 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगी परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 30 छात्र जेईई एडवांस की परीक्षा भी देंगे। 13 छात्रों ने 95 परसेंटाइल व 29 छात्रों ने 90 परसेंटाइल प्राप्त किया। जिसमें संस्थान के होनहार छात्र आरव ठाकुर ने 99.29 परसेंटाइल के साथ संस्थान में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और तन्मय कौशल ने 98.83, प्रज्ञा सिंह 98.49, प्रांजल राणा 98.34, नमन शर्मा 98.01, अक्षित शर्मा 97.23, पियूष शर्मा 96.86, उत्कर्ष धमार्णी 96.52, अर्णव टण्डन 96.47, आदित्य 96.3, आर्यन वर्मा 95.69, अंशुल चैहान 95.68, नंदिनी शर्मा 95.40, अक्षित ठाकुर 94.97, तन्मय शर्मा 94.67, हर्षित वर्धन 94.35, उद्धव कुमार 94.03, अर्चित शर्मा 93.95, शिवांशी शर्मा 93.33, आदित्य शर्मा 93.1, समृधि 92.78, पिनाक चंदेल 92.48, आर्यन दुरानी 92.29, अंशुल धीमान 92.1, प्रियव्रत 92.01, मोहित सूद 91.32, जतिन कतना 91.21, शौर्य 90.42, जान्य 90.38 परसेंटाइल के साथ संस्थान का नाम रोशन किया। इस सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संस्थान के संस्थापक एवं संयोजक प्रवेश चन्देल और राकेश चंदेल ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कडी मेहनत और शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के प्रयासों का सम्मिलित परिणाम है।

**अव्यवस्था** पांच दिवसीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव को संपन्न हुए बीत चुके हैं दस दिन

# मेला मैदान में अभी भी लगे कूड़े के ढेर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं में 5 से 9 अप्रैल तक आयोजित हुए पांच दिवसीय ग्रीष्मोत्सव को संपन्न हुए दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन मेले के बाद यहां फैला कूड़ा शहर के लिए सिरदर्द बन गया है। बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों ने मेले में अपनी दुकानें तो समेट लीं, लेकिन बदले में मेला ग्राउंड पर कूड़े के बड़े-बड़े ढेर छोड़ गए। स्थिति यह है कि मेला ग्राउंड के साथ-साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) के मुख्य गेट के सामने की सड़क कूड़े के ढेर में तब्दील हो चुकी है।

घुमारवीं नगर परिषद जो पहले से ही शहर के कूड़े के निष्पादन के लिए किसी ठोस योजना के अभाव में जूझ रही है के लिए यह अतिरिक्त कूड़ा एक बड़ी समस्या बन गया है। शहर में कूड़ा प्रबंधन की स्थिति पहले से ही चिंताजनक है। नगर परिषद शहरवासियों से सूखा कूड़ा इकट्ठा करने में असमर्थ रही है और अब मेले के कूड़े ने इस समस्या को और गंभीर कर दिया है। शहर की मुख्य सड़कों पर कूड़े के ढेर आम हो गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। मेले में व्यापारियों द्वारा छोड़ा गया कूड़ा इस स्थिति को और बदतर बना रहा है, जो न केवल प्रशासन, बल्कि शहरवासियों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है। हालांकि स्थानीय लोग लंबे समय से घुमारवीं में कूड़ा संयंत्र की मांग करते आ रहे हैं। कई वर्षों से यह मांग बार-बार उठती रही है, लेकिन न तो सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया और न ही नगर परिषद के पदाधिकारी बीते 30 वर्षों में शहरवासियों की यह जरूरत पूरी कर पाए। कूड़ा संयंत्र के अभाव में कूड़ा निष्पादन की समस्या घुमारवीं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। स्थानीय लोगों की मांग है कि नगर परिषद इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाए। कूड़ा संयंत्र की स्थापना के साथ-साथ कूड़ा प्रबंधन के लिए एक प्रभावी योजना लागू की जाए, ताकि घुमारवीं स्वच्छ शहर बन सके। (अनंत ज्ञान)



### जल्द ही उठा लिया जाएगा कूड़ा: नप अध्यक्ष

**नगर** परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को मेला ग्राउंड की सफाई के आदेश जारी कर दिए गए हैं। धीरे-धीरे सफाई की जा रही ह। जल्द ही मेला ग्राउंड तथा सड़क किनारे पड़ा हुआ कूड़ा उठा लिया जाएगा।

# चंबा को विकास से जोड़ना प्राथमिकता: नड्डा

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का चंबा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत

आरके सहगल, चंबा

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा गगल एयरपोर्ट से सड़क के जरिये जिला मुख्यालय चंबा पहुंचे। मुख्यालय में स्थित सर्किट हाउस में पुलिस विभाग की टुकड़ी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, चंबा-कांगड़ा प्रभारी विपिन परमार, भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल, भरमौर विधायक डॉ. जनकराज, डलहौजी विधायक डीएस ठाकुर, पूर्व सदर विधायक विधायक पवन नैयर, भटियात पूर्व विधायक बिक्रम जरयाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह, दिनेश शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, महिला मंडल, युवा मोर्चा सदस्य और स्थानीय नागरिक ढोल-नगाड़ों, लोकगीतों और भारत माता की जयकारों के साथ सड़कों पर उमड़ पड़े। चंबा की संस्कृति की झलक उस स्वागत में साफ दिखी जब महिलाओं ने पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत किया और युवाओं ने हाथों में तिरंगा लिए 'नड्डा जी जिंदाबाद' के नारे लगाए।



**कहा-चंबा की धरती सिर्फ इतिहास व संस्कृति की नहीं, बल्कि विकास और आत्मबल की भी प्रतीक**

इस अवसर पर नड्डा ने चंबा की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि चंबा की धरती सिर्फ इतिहास और संस्कृति की नहीं, बल्कि विकास और आत्मबल की भी प्रतीक है। यहां की जनता का स्नेह और ऊर्जा अद्वितीय है। सरकार की प्राथमिकता चंबा को विकास की हर धारा से जोड़ना है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि चंबा जैसे पिछड़े और दुर्गम क्षेत्र के लिए केंद्र व राज्य मिलकर विशेष योजनाएं लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

# डुनाली-करैरी सुरंग के बनने से चंबा में व्यापार पर्यटन, स्वास्थ्य और रोजगार के खुलेंगे नए द्वार

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा** जैसे दुर्गम और भौगोलिक रूप से सीमित जिले के लिए, एक बार फिर 'डुनाली-करैरी सुरंग' का मुद्दा सुर्खियों में है। इस बार यह मांग राष्ट्रपति वीरता पदक विजेता व सामाजिक कार्यकर्ता नवनीत चौफला द्वारा पुरजोर ढंग से उठाई गई है। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी सुरंग परियोजना को लेकर राज्यसभा सांसद व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष महाजन को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने सुरंग को त्वरित प्राथमिकता पर लेकर इस पर अमल करने की मांग की है।

यह प्रस्तावित सुरंग चंबा जिले को कांगड़ा जिले से जोड़ने वाली एक जीवनदायिनी कड़ी साबित हो सकती है। सुरंग न केवल दुर्गम इलाकों में यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि गद्दी समुदाय को पारंपरिक पशु माइग्रेशन, स्थानीय व्यापार, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगी।



### केंद्र सरकार जल्द तैयार करे डीपीआर: नवनीत

**नवनीत** चौफला ने कहा कि यह सुरंग चंबा को आकांक्षी जिले की श्रेणी से प्रेरणास्रोत जिले में बदल सकती है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इस योजना को विशेष प्राथमिकता दे और जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर इस पर कार्य शुरू करे।

इस सुरंग के निर्माण से राष्ट्रीय राजमार्ग 154ए (पठानकोट-चंबा-भरमौर) का सीधा जुड़ाव शाहपुर-मंडी फोर लेन हाइवे से हो जाएगा, जिससे चंबा के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव है। इस मांग को अब भरमौर-पांगी क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज का भी समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 'डुनाली-करैरी सुरंग चंबा की दशा और दिशा बदलने वाली परियोजना है।

# चोरों ने बंद घर का तोड़ा ताला बाहर खड़ी कार चुराकर फरार

अनंत ज्ञान, शिमला

**शिमला** जिला के जुब्बल थाना क्षेत्र में चोरी की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। बेखौफ चोर एक बंद घर का ताला तोड़कर उसमें घुसे और अलमारी से कार की चाबी चुराकर घर के बाहर खड़ी कार को भी ले उड़े। पीड़ित के घर लौटने पर जब यह मामला सामने आया तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह मामला जुब्बल क्षेत्र के गांव केहराल का है। शिकायतकर्ता किशोर कुमार पुत्र परम आनंद ने बताया कि 16 अप्रैल की शाम लगभग 5 बजे उन्होंने अपनी कार घर के पास सड़क किनारे खड़ी की थी और उसकी चाबी घर के भीतर अलमारी में रख दी थी। इसके बाद वह किसी पारिवारिक कार्यक्रम के लिए गांव कोट चले गए थे। जब वह 18 अप्रैल की सुबह वापस लौटे तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ है। घर के अंदर जाने पर पाया कि अलमारी से कार की चाबी गायब थी और बाहर खड़ी कार भी वहां नहीं थी। किशोर कुमार ने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। छानबीन के दौरान पुलिस को चोरी की गई कार रोहड़ू क्षेत्र की पूजारली-टिक्कर संपर्क सड़क पर वीरान स्थान पर लावारिस हालत में खड़ी मिली। कार को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, ताकि कोई सुराग मिल सके। जुब्बल थाना प्रभारी ने बताया कि चोर कार को रोहड़ू की तरफ ले गए थे, लेकिन पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण उन्होंने उसे वहीं छोड़ दिया।

**पीड़ित ने पुलिस में करवाई शिकायत दर्ज**

**पुलिस ने रोहड़ू से बरामद की चोरी की गाड़ी**

# हिंदू विरोधी हिंसा के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद का प्रदर्शन

## पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद सहित अन्य क्षेत्रों में हुए जघन्य अपराध शर्मसार: विनोद शर्मा

अनंत ज्ञान, चंबा

**पश्चिम** बंगाल के मुर्शिदाबाद सहित अन्य क्षेत्रों में वक्फ बिल की आड़ में हिंदू समुदाय पर हो रहे हिंसात्मक हमलों और अत्याचारों को लेकर चंबा जिला में भी 19 अप्रैल को चौगान नंबर एक स्टेज के पास एकत्र होकर विश्व हिंदू परिषद से जुड़े कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन व आम नागरिक जिला उपायुक्त कार्यालय की ओर मार्च करेंगे। वहां पर उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रमुख विनोद शर्मा ने बताया कि मुर्शीदाबाद में जिस तरह हिंदू समाज को निशाना बनाकर लूटपाट, आगजनी, बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध किए गए हैं, वह न केवल मानवता को शर्मसार करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पश्चिम बंगाल की सरकार इन घटनाओं को रोकने में असफल रही है। कुछ घटनाओं में तो राज्य की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है, जो और भी चिंता का विषय है।



उन्होंने कहा कि हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम पश्चिम बंगाल के हिंदू भाइयों-बहनों के साथ खड़े हों और इस अत्याचार के खिलाफ एकजुट आवाज़ उठाएं। चंबा से उठी यह आवाज़ राष्ट्रपति जी तक पहुंचे और केंद्र सरकार इस पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करे। इस कार्यक्रम के माध्यम से चंबा जिला से यह संदेश जाएगा कि हिंदू समाज एकजुट है, और किसी भी कोने में यदि अत्याचार होगा, तो देशभर से समर्थन की आवाज़ गूंजेगी। विश्व हिंदू परिषद ने समस्त सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और नागरिकों से इस आंदोलन में भागीदारी की अपील की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतवर्ष में कहीं भी किसी भी धर्म, जाति या समुदाय के साथ अन्याय न हो — और यदि हो, तो उसके विरुद्ध समाज सजग और संगठित होकर खड़ा हो।

# सुही माता के बलिदान को किया नजरअंदाज

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा के नागरिकों पर फूटा भारी भरकम जल-सीवरेज बिलों का 'एटम बम'**

**जनहित संगठन ने उठाई विशेष श्रेणी में शामिल करने की मांग**

जब पूरा हिमाचल प्रदेश हिमाचल दिवस, बैसाखी और चंबा की आराध्य देवी सुही माता के पर्व की खुशियां मना रहा था, तब चंबा शहर के नागरिकों को उत्सव का उपहार नहीं, बल्कि 2200 से 2300 तक के भारी-भरकम जल एवं सीवरेज बिल मिले। यह स्थिति किसी 'एटम बम' के धमाके जैसी प्रतीत हो रही है, जिससे पूरे शहर में गहरा रोष और चिंता का माहौल बन गया है।

चंबा जनहित संगठन ने इसे सुही माता जैसे महान बलिदान का अपमान करार दिया है, जिन्होंने चंबा की प्रजा को पानी दिलाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। संगठन ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित कर ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग रखी कि चंबा जिले को 'विशेष श्रेणी' में रखा जाए और जल व सीवरेज बिलों को न्यायसंगत रूप से संशोधित किया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि चंबा जिला प्रतिदिन राज्य को हाइड्रो प्रोजेक्ट्स के माध्यम से करोड़ों रुपये की आमदनी देता है, फिर भी विकास और रॉयल्टी के मामले में उपेक्षित है। सिर्फ एक घंटे सुबह और एक घंटे शाम, महज आधे इंच की पाइप से आने वाला पानी, वो भी ग्रेविटी से, किसी पंपिंग खर्च के बिना ऐसे में इतने भारी बिल भेजना अर्थहीन और संवेदनहीन है।

## तीसा की देहग्रा पंचायत में वन विभाग की टीम ने जागरूकता शिविर का किया आयोजन

# तेंदुए की दहशत के बीच ग्रामीणों को दी जरूरी जानकारी

अनंत ज्ञान, चंबा

**तीसा** क्षेत्र हाल ही में ग्राम पंचायत देहग्रा और आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए की मौजूदगी से फैले खौफ के मद्देनज़र आज वन विभाग की टीम द्वारा एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को वन्य जीवों की सुरक्षा और उनसे बचाव के प्रति जागरूक किया गया।



वन परिक्षेत्र अधिकारी तीसा महेंद्र कुमार मियां ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वन्य जीव हमारी पारिस्थिति का अहम हिस्सा है। लेकिन उनकी गतिविधियों के प्रति सावधानी बरतना भी उतना ही जरूरी है। ग्रामीण ऐसे क्षेत्रों में जाने से परहेज करें जहां वन्य जीवों की संभावना हो। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत विभाग को सूचित करें। हमारी टीम हर समय सहयोग के लिए तत्पर है।

इस जागरूकता अभियान में स्थानीय उपप्रधान, ब्लॉक ऑफिसर कमलेश, फॉरेस्ट गार्ड दिनेश, नागपाल, खेमराज समेत अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों की उपस्थिति और सहयोग इस बात का प्रतीक था कि वे अपने क्षेत्र की सुरक्षा और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए सजग हैं। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इस तरह के जागरूकता अभियान होते रहेंगे, जिससे तेंदुए जैसे वन्य जीवों से जुड़ी दहशत को कम किया जा सके और मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सके। इस अभियान से ग्रामीणों में न केवल राहत की भावना बनी, बल्कि वन विभाग के प्रति विश्वास भी और अधिक गहरा हुआ।

# महिला मंडल 'लपास' की नाटी रही सर्वश्रेष्ठ

## किसान मेले में रस्साकसी में महिला मंडल बड़वाहन बना विजेता

अनंत ज्ञान, पधर

**जिला** स्तरीय किसान मेला पधर में महिला मंडलों के लिए आयोजित लोकनृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल लपास विजेता बना। महिला मंडल सरवाला दूसरे तथा महिला मंडल त्रेलु गहरी तीसरे स्थान पर रहा। इसी दौरान महिला मंडलों की समूह गान प्रतियोगिता में महिला मंडल कोटरोपी पहले, महिला मंडल भुभु दूसरे तथा महिला मंडल शिव पधर तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह आयोजित एकल गान में महादेव त्रेला प्रथम, महिला मंडल बड़वाहन दूसरा और महिला मंडल कोटरोपी तीसरे स्थान पर रहा।

नशा निवारण पर नाटक का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिला मंडल देव ऋषि पाईंदल पाली प्रथम व महिला मंडल कुन्नु दूसरे स्थान पर रहा। महिला मंडलों के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 27 महिला मंडलों ने भाग लिया महिला मंडल बड़वाहन विजेता रहा और कोटरोपी -2 उपविजेता रहा।



अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, लाहुली ( 65 )** पत्नी जय सिंह निवासी गांव काटली डाकघर जुगाहन तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लाहुली दर्ज है। लेकिन मेरा असली और चर्चित नाम निक्की देवी है। मैंने अपना नाम लाहुली से बदलकर निक्की देवी कर लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, लक्की थापा,** पत्नी नील मणि, निवासी बम्बूफ्लैट, फेररगंज, शोर पॉइंट, साउथ अंडमान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 744107, भारत, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम लक्की ठाकुर से बदलकर लक्की थापा कर दिया है। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

### सूडोकु नवताल- 7406 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7405 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

रविवार, 20 अप्रैल 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वावसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** सप्तमी (07:03): **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा (11:48), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : सिद्ध (00:11) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:54-12:46) **राहुकाल** (05:12-06:49)।

**विशेष दिन**

- 20 अप्रैल शीतलासप्तमी पूजा आज।
- 20 अप्रैल ईस्टरसंडे आज।

**मेषः** आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। मन प्रसन्न होगा।

**वृषभः** दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी।

**मिथुनः** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है।

**कर्कः** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा।

**सिंहः** कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी।

**कन्याः** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी।

**तुलाः** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिकः** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होंगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा।

**धनुः** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा। परिवारिक समस्याएं रहेंगी।

**मकरः** गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा। दैनिक कार्य में बाधाएं आयेंगी।

**कुंभः** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा।

**मीनः** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा।

# बकलोह में निकाली गुरु गोरखनाथ शोभायात्रा, भक्तिमय हुआ पूरा क्षेत्र



अनंत ज्ञान, बकलोह/चिलामा

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु गोरखनाथ यात्रा कमेटी बकलोह की ओर से परम पूजनीय गुरु गोरखनाथ महाराज जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन चिलामा हेलीपैड स्थित प्राचीन मंदिर से किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे हवन-पूजन के साथ हुआ, जिसके पश्चात पालकी यात्रा निकाली गई।

इस पावन यात्रा में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ चतुर्थ गोरखा राइफल्स के जवानों, जेसीओ, अधिकारीगण व विभिन्न धर्मगुरुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ भाग लिया। यात्रा मार्ग में कुमलाड़ी चौक, स्लोडका गांव, ककीरा, कालूगंज, बकलोह बाजार, घटासनी होते हुए पुनः चिलामा मंदिर परिसर तक शोभायात्रा निकाली गई।

यात्रा के दौरान प्रत्येक पड़ाव पर जलपान व प्रसाद की सुंदर व्यवस्था विभिन्न सामाजिक संगठनों व ग्रामवासियों द्वारा की गई। कुमलाड़ी में 5/4 गोरखा राइफल, स्लोडका में 4/4 गोरखा राइफल, ककीरा में गोपाल एंड पार्टी, कालूगंज नागेश्वर धाम में स्थानीय जनता, बकलोह बाजार, एमएम 1/4 यूनिट, घटासनी ज्वाला महिला मंडल, और चिलामा में 3/4 और 2/4 गोरखा राइफल्स ने श्रद्धालुओं के लिए भरपूर सेवा भावना का परिचय दिया।

महिलाओं की टोलियों द्वारा गूंजते भजन-कीर्तन, जै घोष और पारंपरिक लोक गीतों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया। रास्ते भर जलेबी, पकोड़े, हलवा, चने, आलू की चटनी, चाय और आइसक्रीम जैसी विविध प्रसाद सामग्रियों ने श्रद्धालुओं को आत्मिक आनंद प्रदान किया। अंत में चिलामा मंदिर परिसर में जय मां प्रेमियों द्वारा रोट व हलवा का प्रसाद वितरित किया गया और विनय मोहन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक भोजन ग्रहण किया।

# कार और बस की टक्कर, तीन घायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जाहू-नेरचौक मार्ग पर भोलूघाट के समीप एक सड़क हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुज प्राइवेट बस और कार के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए हैं, जिन्हें तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी।

फॉर्म संख्या 3 [देखें विनियमन-13 (1)(ए)]

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 1)**
**द्वितीय तल एससीओ 33-34-35 सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़**

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम के उप-नियम (2 ए) के नियम 5 साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अंतर्गत समन।

**प्रदर्श संख्याः- 26997** **समन** **केस संख्याः- OA/786/2024**

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड बनाम सौरभ चौहान**

**1. गौरव चौहान पुत्र केशव चौहान निवासी गांव कायना, तहसील जुब्बल, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश-171205**
**2. रुचिका चौहान पुत्री श्री केशव चौहान निवासी गाँव कायना, तहसील जाबली, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश-171205**
**3. जयंती पत्नी केशव चौहान निवासी गाँव कायना, तहसील जुब्बल, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश-171205**
**4. दिनेश पुत्र श्री परमेश्वर दास निवासी मकान नं. 123, गाँव काशानी, तहसील रोहड़ू, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश-171205**

चूँकि, **OA /786/2024** दिनांक **19.02.2025** को माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। चूँकि यह माननीय न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा 19(4) के तहत उक्त आवेदन पर समन/नोटिस जारी करने के लिए सक्षम है। (OA) आपके विरुद्ध **25,27,748/- रुपये** के ऋण की वसूली के लिए दायर किया गया है (दस्तावेजों आदि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)। अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुसार, आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है- (i) संदेह या समन की सेवा के तीस दिनों के भीतर यह कारण बताएं कि क्यों प्रार्थित राहत प्रदान नहीं की जानी चाहिए; (ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट संपत्तियों और संपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या सम्पत्तियों का विवरण प्रदान करने के लिए; (iii) आपको संपत्तियों की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई और निपटान लंबित रहने तक मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत प्रकट की गई सुरक्षित संपत्तियों या ऐसी अन्य संपत्तियों और संपदाओं से निपटने या उनका निपटान करने से रोका जाता है; (iv) आप ट्रिब्यूनल की पूर्व स्वीकृति के बिना मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत निर्दिष्ट या प्रकट की गई किसी भी संपत्ति और/या अन्य संपत्तियों और संपदाओं को, अपने व्यवसाय के सामान्य क्रम को छोड़कर, बिक्री, पट्टे या अन्यथा तरीके से हस्तांतरित नहीं करेंगे; (v) आप सामान्य व्यवसाय के क्रम में सुरक्षित संपत्तियों या अन्य संपत्तियों और संपदाओं की बिक्री से प्राप्त बिक्री आय का हिसाब रखने और ऐसी बिक्री आय को ऐसी संपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक या वित्तीय संस्थानों के साथ रखे गए खाते में जमा करने के लिए उत्तरदायी होंगे। आपको आवेदक को दी गई एक प्रति के साथ लिखित बयान दाखिल करने और **30/04/2025** को **सुबह 10:30 बजे** रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है। ऐसा न करने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। इस दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायाधिकरण की मुहर से जारीः **24/02/2025**

**ह/-समन जारी करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर।**

**अज कार्यालय, सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी औट, जिला मण्डी हि0प्र0 ।**

मिसल नं0 61/2024
आगामी पेशीः 19-05-2025

श्री परस राम उर्फ डुमणी पुत्र होड़ी पुत्र जीवानन्द, निवासी गांव भटवाडी, डाकघर कोट खमराधा, तहसील औट, जिला मण्डी, हि0प्र0 ।

...प्रार्थी

**बनाम** - देव श्री पडासर बजरिया ज्ञान चन्द उर्फ जीवानन्द पुत्र रतन दास पुत्र गंगू, स्थानीय निवासी पुरोहित, निवासी मोहाल भटवाड़ी, तहसील औट, जिला मण्डी, हि0प्र0 ।

**व**

**आम जनता** ....प्रत्यार्थीगण

**ईश्तहार**

**विषयः- राजस्व इन्द्राज दुरूस्ती बारे।**

प्रार्थी श्री परस राम उर्फ डुमणी पुत्र होड़ी पुत्र जीवानन्द, निवासी गांव भटवाड़ी, डाकघर कोट खमराधा, तहसील औट, जिला मण्डी, हि0प्र0 ने एक आवेदन पत्र इस आशय के साथ गुजारा है कि उसके द्वारा मोहाल भटवाड़ी, में स्थित भूमि खाता / खतौनी नम्बर 108 मिन / 160 खसरा नम्बर 146, 174, 176, 177, 194, 199, 202, 208, 210, 211, 214, 215, 218, 230 किता-14 रकवा तादादी 16-3-8 वीघा, अरसा 60 वर्ष पूर्व श्री ज्ञान चन्द उर्फ जीवानन्द पुत्र रतनदास पुत्र गंगू से बैय जबानी करके खरीद ली गई है। इसके अलावा प्रार्थी के अनुसार श्री ज्ञान चन्द उर्फ जीवानन्द अरसा 55 वर्ष पूर्व फौत हो चुकी है तथा उसके कोई भी बारसान नहीं है। अब प्रार्थी चाहता है कि उक्त भूमि में उसे दावेदार वै की जगह मालिक व काश्तकार दर्ज किया जाए।

अतः इस इश्तहार द्वारा प्रत्य देव श्री पडासर बजरिया ज्ञान चन्द उर्फ जीवानन्द पुत्र रतन दास पुत्र गंगू, स्थानीय निवासी पुरोहित को सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 19-05-2025 से पूर्व इस कार्यलय में हाजिर होवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई लाएगी। इसके अतिरिक्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि ज्ञान चन्द उर्फ जीवानन्द पुत्र रतन दास पुत्र गंगू, स्थानीय निवासी पुरोहित, निवासी गांव भटवाड़ी, डाकघर कोट खमराधा, तहसील औट, जिला मण्डी, हि0प्र0 के बारे में कोई अता-पता मालूम हो तो या किसी को उक्त पार्थी के उक्त भूमि पर मालिक दर्ज होने बारे एतराज हो तो तारीख पेशी 19-05-2025 को या इससे पूर्व इस अदालत में पेश होकर अपना पक्ष पेश कर सकता है। इसके पश्चात कोई भी एतराज काबिले समायत नहीं होगा तथा आवेदन पत्र पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 19-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी औट, जिला मण्डी हि0प्र0 ।**

हर मनुष्य को सबसे पहले खुद की बुराइयों और गलत आदतों पर विजय पाने की कोशिश करनी चाहिए। -गुरु नानक जी

## संपादकीय

# खतरनाक 'अनसेफ' इमारतें

दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में चार मंजिला बिल्डिंग ढहने से 11 लोगों की मौत वाकई झकझोर देने वाली है। 22 से ज्यादा लोग मलबे में दबे हैं, जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। दिल्ली में लगातार इमारतों के गिरने की घटनाएं चिंताजनक होती जा रही हैं। मुस्तफाबाद घटना ने एक बार फिर दिल्ली में जर्जर और 'अनसेफ' घोषित की गई इमारतों की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना केवल बारिश और आंधी तूफान की वजह से प्राकृतिक आपदा नहीं कही जा सकती, बल्कि एक प्रशासनिक विफलता और मानवीय लापरवाही का भी मामला है। बड़ा सवाल यह है कि इमारत पहले ही 'अनसेफ' घोषित की जा चुकी थी, बावजूद इसके इसे खाली नहीं कराया गया और लोग उसमें रह रहे थे। लोगों की लापरवाही भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने अपने जान की परवाह क्यों नहीं की और क्यों समय रहते दूसरी जगह शिफ्ट नहीं हुए? इस तरह की स्थिति दर्शाती है कि नगर निगम और प्रशासनिक तंत्र की ओर से समय रहते जरूरी कार्रवाई नहीं की गई। यदि पहले से चेतावनी दी गई थी, तो कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

लोगों की जान की कीमत पर लापरवाही क्यों बरती गई? आखिर इस हादसे के लिए जिम्मेदार कौन है? यदि कोई इमारत 'अनसेफ' घोषित की जाती है, तो उसे तत्काल खाली कराना प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। इसमें दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन की भूमिका होती है। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो यह उनकी सीधी लापरवाही है। यह भी देखा गया है कि कई बार अधिकारियों की मिलीभगत से जर्जर इमारतों की मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की जाती है और इमारत को दोबारा इस्तेमाल में लाया जाता है। ऐसा तो कभी नहीं होना चाहिए। कई बार मकान मालिक मरम्मत के नाम पर दिखावे की कार्रवाई करते हैं ताकि किराया मिलता रहे और इमारत से आय होती रहे। पैसों की भूख क्या लोगों की जान से बड़ी है, इस विषय पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। बिल्डरों की ओर से बिना योजना के घटिया सामग्री से और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करके इमारतें खड़ी की जाती हैं। इसके चलते उनका ढह जाना एक समय की बात बन जाता है। कई बार लोग जानते हुए भी ऐसी जर्जर इमारतों में रहने को मजबूर होते हैं, क्योंकि उन्हें सस्ते किराए पर रहने की जगह चाहिए होती है। खासकर प्रवासी मजदूर और गरीब तबके के लोग इन इमारतों में रहते हैं, क्योंकि उनके पास और कोई विकल्प नहीं होता। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की बेहद जरूरत है।

हर वर्ष नगर निगम को सभी पुरानी इमारतों का स्ट्रक्चरल ऑडिट करवाना चाहिए। विशेषकर 20 साल से अधिक पुरानी इमारतों का गहन निरीक्षण होना चाहिए। इसके आधार पर उन्हें सेफ, मिड-रिस्क और हाई-रिस्क श्रेणियों में बांटकर कार्रवाई करनी चाहिए। जब कोई इमारत 'अनसेफ' घोषित की जाती है, तो प्रशासन को उसमें रह रहे लोगों को हटाने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिएं। उन्हें वैकल्पिक निवास की व्यवस्था दी जानी चाहिए, ताकि वे मजबूरी में वहीं न रहें। जिन अधिकारियों या बिल्डरों की लापरवाही से जान जाती है, उनके खिलाफ हत्या जैसा गंभीर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। इसके साथ ही, जो भी व्यक्ति बिना अनुमति के निर्माण करता है या गलत रिपोर्ट देता है, उन पर जुर्माना और सजा होनी चाहिए। लोगों को भी यह बताया जाना चाहिए कि जर्जर इमारत में रहना कितना खतरनाक हो सकता है। टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया और स्थानीय माध्यमों से यह जानकारी फैलानी चाहिए, ताकि लोग खुद भी सचेत रहें। गरीब और निम्न वर्ग के लिए सरकार को सस्ते, सुरक्षित और टिकाऊ आवास की योजना लागू करनी चाहिए।

दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ियों या जर्जर इमारतों में रहना आम है। यदि सरकार वैकल्पिक सुरक्षित निवास देगी, तो लोग इन खतरनाक इमारतों से निकल सकेंगे। ऐसे हादसों के लिए दिल्ली सरकार को एनडीआरएफ, फायर डिपार्टमेंट और मेडिकल इमरजेंसी टीमों को हमेशा तैयार रखना चाहिए ताकि समय पर राहत और बचाव कार्य हो सके। मुस्तफाबाद का यह हादसा हमें एक बार फिर सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हमारे शहर की संरचनाएं, प्रशासन और नीतियां आम लोगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हैं? दिल्ली जैसे महानगर में, जहां हर साल हजारों लोग रोजगार और बेहतर जीवन की तलाश में आते हैं, वहां ऐसी घटनाएं केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि शासन और व्यवस्था की विफलता को दर्शाती हैं। यह समय है कि दिल्ली सरकार, नगर निगम और अन्य संबंधित एजेंसियां मिलकर एक ठोस योजना बनाएं, ताकि भविष्य में किसी को भी अपनी जान इन कमजोर इमारतों की वजह से न गंवानी पड़े। साथ ही, हमें एक समाज के रूप में भी अधिक जिम्मेदारी दिखानी होगी, क्योंकि जीवन से बढ़ कुछ नहीं होता। जिंदगी बहुत अनमोल होती है और यह बार-बार नहीं मिलती। सुरक्षा में ही सबकी भलाई है। लोगों को भी चाहिए कि वह इन अनसेफ मकानों में न रहें।


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध राजनेता और आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम


चंद्रबाबू नायडू
जन्म : 20 अप्रैल, 1950

चंद्रबाबू नायडू प्रसिद्ध राजनेता एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू ने 8 जून, 2014 को विजयवाड़ा से करीब 18 किलोमीटर दूर नागार्जुन नगर में आयोजित एक समारोह में तेलंगाना के अलग होने के बाद बने नए आंध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। वह संयुक्त आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर (1 सितंबर 1995 से 13 मई 2004 तक) आठ वर्ष, आठ महीने और 13 दिन मुख्यमंत्री रहे। यह आंध्र प्रदेश के किसी मुख्यमंत्री का सबसे लंबा कार्यकाल है। मंदिर नगर तिरुपति के पास नारावारिपल्ले में एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार में जन्मे चंद्रबाबू नायडू ने राजनीति में अपना करियर की शुरुआत श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करते हुए एक छात्र संघ नेता के तौर पर की। 1975 में युवा कांग्रेस में शामिल हुए और 1978 में पहली बार अपने पैतृक चंद्रगिरि सीट से पहली बार विधायक चुने गए। चंद्रबाबू नायडू को मंत्री बनने के बाद अर्थशास्त्र में अपनी पीएचडी बीच में ही छोड़नी पड़ी। चंद्रबाबू नायडू के नाम राज्य में सबसे कम आयु का विधायक और 28 वर्ष की आयु में सबसे कम आयु का मंत्री होने की विशिष्टता भी जुड़ी हुई है।

## कविता: स्कूल हमारा


राकेश डोगरा, गांव कोना हल्दा, पालमपुर।

*सबसे प्यारा सबसे न्यारा, सबसे अच्छा स्कूल हमारा।*
*इसमें लगभग नौ सौ बच्चे, सदा ही मन लगाकर पढ़ते।*
*समझ न आए पढ़ें दोबारा, सबसे अच्छा स्कूल हमारा।*
*दस कमरों का भवन विशाल, चार बरामदे दो हैं हाल।*
*आंगन में फूलों का क्यारा, सबसे अच्छा स्कूल हमारा।*
*सात अध्यापक हमें पढ़ाते, पाठ प्यार से याद कराते।*
*हर एक शिष्य उनको प्यारा, सबसे अच्छा स्कूल हमारा।*
*खेलकूद का बड़ा मैदान, खान-पान की एक दुकान।*
*झूलों का है अजब नजारा, सबसे अच्छा स्कूल हमारा।*
*शत-प्रतिशत परिणाम आता है, इसलिए मुझको भाता है।*
*यह मेरी आंखों का तारा, सबसे अच्छा स्कूल हमारा।*

अनंत ज्ञान

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# उदंड और बेलगाम राजनीति की लगाम कौन कसेगा?

लेखक : कमलेश पांडेय
स्वतंत्र स्तंभकार

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में जो हिंसा हुई, वह सुनियोजित थी। यह अब तक की केंद्रीय एजेंसियों की तफ्तीश से काफी कुछ साफ होता जा रहा है, लेकिन सवाल है कि इस सुनियोजित हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? राज्य प्रशासन की जवाबदेही क्यों नहीं सुनिश्चित की गई? उसकी लापरवाही पर संसद और जिम्मेदार संस्थाएं कब तक एक्शन लेंगीं, क्योंकि विदेशी-देसी सांठगांठ से हुई हिंसा में हिंदुओं के जानमाल की क्षति हुई है। ऐसा कोई पहली बार नहीं हो रहा। इसलिए उदंड और बेलगाम राजनीति की लगाम कौन कसेगा, यह अब यक्ष प्रश्न है?

जांच एजेंसियों के सूत्रों की मानें तो इस हिंसा की प्लानिंग लंबे समय से की जा रही थी। लगभग पिछले तीन महीनों से इलाके के लोग इस घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पूरे मामले की जांच के दौरान पाया गया है कि यह आतंकवाद फैलाने का नया तरीका है। प्रारंभ में रामनवमी की तारीख तय थी, लेकिन उस दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण चीजें बदल गईं, लेकिन वक्फ संशोधन कानून ने ट्रिगर प्वाइंट दे दिया। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक मुर्शिदाबाद की हिंसा में विदेशी हस्तक्षेप से इनकार नहीं किया जा सकता है। जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) जैसे समूह बांग्लादेश बॉर्डर से लगते इलाकों और सुंदरबन डेल्टा में हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं। ये आतंकी संगठन ट्रेनिंग देने के साथ ही प्रोपेगेंडा भी फैला रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय संगठन अशांति को बढ़ाने के लिए वैश्विक मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। वे दहशत फैलाने के लिए अफवाह फैलाने में मदद कर रहे हैं। यह उसी तरह है जैसे सीएए विरोध प्रदर्शनों के दौरान एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता छीनने के रूप में प्रचारित किया गया था। विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए या गिरफ्तार किए गए लोगों को भी नायक के रूप में महिमामंडित किया जा रहा है। दरअसल वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा भड़क उठी है, उससे खुफिया एजेंसियों ने अन्य राज्यों में भी ऐसी घटनाओं की आशंका जताई है।



इसके दृष्टिगत देशभर में लगातार सतर्कता बरती जा रही है। यह बात दीगर है कि अभी तक अन्य राज्यों से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। केंद्र सरकार के मुताबिक वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की अधिसूचना के मद्देनजर अभी तक अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से किसी भी सांप्रदायिक स्थिति की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत एक शांतिप्रिय देश रहा है, फिर भी पहले मुस्लिम आक्रांताओं ने और फिर ब्रिटिश नौकरशाहों ने अपने-अपने प्रशासनिक स्वार्थ की प्रतिपूर्ति के लिए ऐसी-ऐसी अव्यवहारिक नीतियों को कानूनी अमलीजामा पहनाया, जिससे हिंदू समाज जाति और क्षेत्र के नाम पर बिखर गया। कभी मुस्लिम अधिकारी तो कभी ईसाई अधिकारी और उनके पिट्ठू लोग हिंदुओं पर हावी होते चले गए। इसी कड़ी में सांप्रदायिक, जातीय और क्षेत्रीय हिंसा को अघोषित प्रशासनिक एजेंडे के तौर पर बढ़ावा दिया गया। इसके अलावा कभी प्रशासनिक उदासीनता तो कभी पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाते हुए संगठित अपराध को बढ़ावा दिया गया, जिससे विधि व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती चली गई। इसी स्थिति से निजात पाने के लिए देश में आजादी की लड़ाई तेज हुई और साम्पदायिक विभाजन तक की नौबत आई।

अनंत ज्ञान

इस दौरान हिंदू-मुस्लिम दंगे भी खूब हुए। कथित राष्ट्रवादियों ने ढोंगी धर्मनिरपेक्षता की तो खूब बातें कीं, लेकिन अपने कुत्सित जातीय, क्षेत्रीय और सांप्रदायिक एजेंडे से आगे की कभी नहीं सोच पाए। मसलन बहुमत की आड़ में शांतिप्रिय सत्ता परिवर्तन भी सुनिश्चित हुआ, लेकिन विधायिका, कार्यपालिका और अन्य समाज के जिम्मेदार स्तंभों से जुड़े लोग मुगलिया और ब्रितानी प्रशासनिक लापरवाहियों से कोई सबक नहीं सीख पाए। वे लोग अपने फायदे की बात तो करते रहे, लेकिन, आम लोगों के सुख-शांति में खलल डालने वालों के खिलाफ कभी सख्ती नहीं दिखाई। इस नजरिए से संसद और विधान मंडलों ने प्रभावकारी कानून नहीं बनाए। परिणाम यह है कि आज भी आम आदमी सुपोषण योग्य भोजन, अच्छी शिक्षा और चिकित्सा सुविधा, जन-सुरक्षा के लिए मोहताज है।

एक ओर देश के अमनपसंद आमलोग जहां रोटी, कपड़ा और मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सम्मान की प्राप्ति के लिए आरक्षण को अचूक हथियार समझ बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर 194। में पाकिस्तान और 1972 में बंगलादेश लेने वालों के वंशज ब्रेक के बाद भारतीय भू-भाग पर सांप्रदायिक तांडव मचा रहे हैं और नेताओं की नीतिगत लापरवाहियों से हमारा सिविल और पुलिस प्रशासन असहाय बना रहता है। हैरत की बात है कि कभी ये लोग दलित-मुस्लिम समीकरण तैयार करवाते हैं तो कभी मुस्लिम-ओबीसी समीकरण को फंडिंग करवाते हैं। वहीं इसी की आड़ में कुछ अभिजात्य मुसलमान विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग लेकर देश में पाकिस्तान-बंगलादेश के ही नहीं बल्कि अरब देशों के हमदर्द पैदा करते हैं। इनकी नापाक मंशा जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और केरल जैसे हालत पूरे देश में पैदा करने की है, जिसकी झलक गाहे-बगाहे दिखाते रहते हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री भी शायद यह समझ गई हैं कि इस तरह बहुत दिनों तक शासन नहीं किया जा सकता।

यही कारण है कि दक्षिण कोलकाता के कालीघाट के एक कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा कि धर्म के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। धर्म का मतलब है भक्ति, स्नेह, मानवता, शांति, सौहार्द, संस्कृति, सद्भाव और एकता है। अगर हम लोगों से प्यार करते हैं तो हम सबकुछ जीत सकते हैं, लेकिन अगर हम खुद को अलग-थलग कर लेंगे तो हम किसी को भी नहीं जीत पाएंगे। अगर किसी पर हमला होता है, चाहे वह उपेक्षित हो, उत्पीड़ित हो, वंचित हो, हाशिए पर हो या किसी भी धर्म से हो, हम सभी के साथ खड़े हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# बहस में न्यायालय और उपराष्ट्रपति की चिंता


लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह कहकर एक नई बहस को जन्म दिया है कि 'देश ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां जज कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम भी खुद ही करेंगे और सुपर संसद की तरह काम करेंगे। अनुच्छेद-142 न्यायपालिका के लिए न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है।' उपराष्ट्रपति धनखड़ कानून के गहरे जानकार हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में प्रेक्टिस कर चुके हैं।

उपराष्ट्रपति बनने से पहले प. बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राज्य में उपराज्यपाल रह चुके हैं। उस दौरान उन्होंने संविधान का भी गहरा अध्ययन किया और राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति के अधिकारों को समझा और समझाया। ऐसे विद्वान उपराष्ट्रपति यदि न्यायपालिका पर ही कोई प्रश्न खड़ा कर रहे हैं तो उसके निहितार्थ समझने होंगे। देश के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग कार्य निर्धारित हैं। यदि नियमों की बात की जाए तो भारत में विधायिका का काम कानून बनाना है, कार्यपालिका उन कानूनों को लागू करती है और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करती है और विवादों का निपटारा करती है। इन तीनों के ऊपर है भारत का राष्ट्रपति, इसलिए ही वह (राष्ट्रपति) संघ का प्रमुख है और विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां राष्ट्रपति में ही निहित बताई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह न्यायालय के सम्मान में ही सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम की सिफारिश पर ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं। राष्ट्रपति के पास यह शक्ति भी है कि वह किस न्यायाधीश को उसके पद से हटाएं अथवा नहीं, यानी कि न्यायाधीशों को उनके पद से समय पूर्व या किसी भी अन्य कारण से हटाने का अधिकार भी राष्ट्रपति अपने पास रखते हैं। जब देश में किस भी मामले में कानून संबंधी सवाल खड़े होते हैं तब भी राष्ट्रपति के पास यह अधिकार सुरक्षित हैं कि वह तय करेंगे कि देश को किस ओर ले जाना है, इसके लिए राष्ट्रपति अदालत को निर्देशित भी कर सकते हैं।



इतना सब होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए मृत्युदंड के फैसले में सिर्फ राष्ट्रपति अपनी शक्ति का उपयोग कर अपराधी को क्षमादान दे सकते हैं। फिर राष्ट्रपति के पास तीनों सेनाओं का सुप्रीम कमांडर होने की भी शक्ति है। इस तरह देखें तो भारत के राष्ट्रपति की अपार शक्तियां हैं, जिन्हें किसी भी न्यायालय की सीमा में नहीं बांधा जा सकता, क्योंकि वह उससे भी ऊपर है। भारतीय संविधान कहता है कि राष्ट्रपति देश का सबसे बड़ा पद है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट न्यायपालिका की सबसे बड़ी इकाई होने के नाते देश के राष्ट्रपति को सलाह दे सकता है, लेकिन राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट की सलाह को मानेंगे अथवा नहीं, यह राष्ट्रपति के विवेक पर छोड़ दिया गया है। यानी कि न्यायालय द्वारा दी गई किसी भी सलाह को मानना राष्ट्रपति के लिए स्पष्ट रूप से बाध्यकारी नहीं है।

अनंत ज्ञान

कुल मिलाकर राष्ट्रपति में संपूर्ण राष्ट्र की शक्ति निहित है, अर्थात विधायिका, कार्यपालिका और न्यायालय तीनों की शक्ति राष्ट्रपति पद में निहित है। पर यहां व्यवहार में क्या हो रहा है? जिस राष्ट्रपति को विधायिका चुनती है, और यह विधायिका किसी भी लोकतंत्र शासन प्रणाली में उस लोक के एक-एक चुने हुए जन प्रतिनिधि से बनती है, उस विधायिका की शक्ति को ही न्यायालय आज खुद से संचालित करते हुए देखा जा रहा है। जिस विधायिका और कार्यपालिका के माध्यम से चुने हुए जनता के प्रतिनिधि जनतंत्र को संचालित करने का काम करते हैं, आज न्यायालय उस पर ही कई तरह से अंकुश लगाने का काम कर रहा है। वास्तव में इसी का यह सबसे बड़ा उदाहरण है जिसमें कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय कर दी।

वस्तुत: इसी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्हें कहना पड़ा है कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। अब भले ही अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता हो कि वह पूर्ण न्याय (कंपलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो, पर उसे भी यह सदैव याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। उपराष्ट्रपति धनखड़ आज जो राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लिये जाने के वास्ते समयसीमा निर्धारित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले पर चिंता जता रहे है, वह वाकई गंभीर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हर** साल जंगलों में लगने वाली आग के लिए केवल सरकार या वन विभाग की नहीं, बल्कि आम जनता की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे सजग रहें और वनों की रक्षा करें। प्रदेश में हर साल गर्मियों के मौसम में वनों में आग लगने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। ये घटनाएं न केवल पर्यावरण के लिए खतरा बन रही हैं, बल्कि करोड़ों की संपत्ति का नुकसान, वन्य जीवों की मौत और पारिस्थितिकी तंत्र को अपूरणीय क्षति भी पहुंचा रही हैं। घास साफ करने के लिए आग लगाना अब प्रदेश में आम बात हो गई है, जो बाद में बेकाबू होकर जंगल में फैल जाती है। यद्यपि प्राकृतिक कारणों से आग लगने की संभावना कम होती है, परंतु अत्यधिक गर्मी और सूखे की स्थिति में, कभी-कभी तेज हवा और सूखे पत्तों के साथ घर्षण से भी आग लग जाती है। इसलिए समय रहते हुए हमें एकजुट होकर वनों की आग को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। **-नर्वदा देवी, बैजनाथ**

# शोषण : प्राइवेट स्कूल का शिक्षक और उसकी गूंगी पीड़ा


लेखिका : प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब भी परीक्षाओं के रिजल्ट आते हैं तो अमूमन सरकारी स्कूलों के मुकाबले प्राइवेट स्कूलों के परिणाम बेहतर होते हैं। इसके पीछे इन स्कूलों के शिक्षकों की कड़ी मेहनत होती है। प्राइवेट स्कूलों में शिक्षकों से उम्मीदें तो आसमान छूती हैं, लेकिन उन्हें न तो उचित वेतन मिलता है, न सम्मान, न छुट्टी और न ही सुरक्षा। महिला शिक्षक दोहरी जिम्मेदारियां उठाती हैं, वहीं शिक्षक दिवस के दिन सिर्फ प्रतीकात्मक सम्मान मिलता है, जबकि सालभर उनका कथित तौर पर शोषण जारी रहता है। अभिभावक, स्कूल प्रबंधन और सरकार तीनों ही इस शोषण को नजरअंदाज करते हैं। शिक्षक के अधिकारों की कोई बात नहीं करता, न ही कोई नियामक संस्था है जो उनके हितों की रक्षा करे। शिक्षकों को कानूनी संरक्षण, संगठित मंच और सामाजिक सम्मान मिलना चाहिए ताकि शिक्षा प्रणाली सच में समावेशी और न्यायपूर्ण बन सके। यदि राष्ट्र को शिक्षित और सशक्त बनाना है तो सबसे पहले शिक्षक को शोषण से मुक्त करना होगा, क्योंकि चॉक से लिखा हर अक्षर, देश का भविष्य गढ़ता है।

एक समय था जब 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय' जैसे दोहे बच्चों की जुबान पर होते थे। आज हाल यह है कि अगर मास्टर मोबाइल पकड़ लें तो कहा जाता है कि इतनी फुर्सत है तो बच्चों को क्यों नहीं संभालते। जमाना बदल गया है, अब 'शिक्षक' शब्द पवित्रता नहीं, सहनशीलता का प्रतीक बन गया है। इस सहनशीलता का सबसे क्रूर रूप दिखता है प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों की दुनिया में। बाहर से देखिए तो प्राइवेट स्कूल किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं लगते। एसी क्लासरूम, हाईटेक बोर्ड, इंग्लिश बोलते बच्चे और व्हाइट-ग्लव्स पहने बस अटेंडेंट्स, लेकिन अंदर झांकिए, वहां एक मास्टर साहब बैठे हैं, जो न वक्त पर चाय पी सकते हैं, न लंच कर सकते हैं। जो बच्चा होमवर्क न करे, उसकी शिकायत आए तो मास्टर की क्लास लगती है। जो बच्चा एग्ज़ाम में फेल हो जाए तो मैनेजमेंट पूछता है 'क्यों पढ़ाया नहीं ढंग से'।



प्राइवेट स्कूलों में सैलरी का सिस्टम इतना गोपनीय है कि सीक्रेट एजेंसियां भी शर्मा जाएं। अपॉइंटमेंट लेटर पर 25,000 रुपए लिखा होता है, लेकिन बैंक में महज 8,000 रुपए ही ट्रांसफर होते हैं। बाकी कैश में मिलते हैं या कभी नहीं मिलते। मजे की बात देखिए कि टीचर जब सैलरी का हिसाब मांगता है तो जवाब होता है, नौकरी चाहिए या नहीं। यदि शिक्षक महिला है तो फिर दिक्कतों की भरमार है। घर में बहू, मां और पत्नी। स्कूल में मैडम, टीचर और दीदी। महिला शिक्षकों को दोहरी जिम्मेदारी के साथ जीना पड़ता है। सुबह पांच बजे से घर संभालो, फिर स्कूल जाओ और वहां 40 बच्चों की जिम्मेदारी उठाओ। ऊपर से अगर पति भी प्राइवेट सेक्टर में हो तो महीने की सैलरी से पहले ही घर का बजट गिरवी रख देना पड़ता है। प्राइवेट शिक्षक की दुश्वारियां यहीं खत्म नहीं होतीं। सरकारी कैलेंडर कहता है कि 15 अगस्त और 26 जनवरी की छुट्टी है, लेकिन प्राइवेट स्कूल कहता है कि आओ, झंडा फहराओ, भाषण दो, फिर हाजिरी लगाओ और जाओ। छुट्टी के दिन भी हाजिरी की मजबूरी। अगर बीमार पड़ गए तो प्रबंधन कहेगा कि छुट्टी नहीं है, डिडक्शन लगेगा। शिक्षक का गला बैठ जाए, तब भी कहा जाता है कि क्लास तो लेनी ही होगी और कोई नहीं है। आज शिक्षक सिर्फ पढ़ाता ही नहीं है, बल्कि वह क्लास टीचर है, परीक्षा नियंत्रक है, अभिभावक संवाद अधिकारी है, व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन है, स्पोर्ट्स डे का आयोजक है और हर हफ्ते सेल्फी वाले वीडियो का संपादक भी, लेकिन जब सैलरी की बात आए तो कहा जाता है कि आप तो सिर्फ दो पीरियड पढ़ाते हैं। बच्चा अगर टॉप करे तो प्रिंसिपल प्रेस कॉन्फ्रेंस करता है कि हमारे स्कूल का वातावरण ही ऐसा है। यदि बच्चा फेल हो जाए तो मास्टर की जवाबदेही तय होती है। कहा जाता है कि आपने ठीक से पढ़ाया नहीं। जीत स्कूल की, हार शिक्षक की। फोटो बैनर पर प्रिंसिपल की, मेहनत मास्टर की।

अनंत ज्ञान

आजकल अभिभावक चाहते हैं कि शिक्षक तीन महीने में उनके बच्चे को आईएएस बना दे। अगर ऐसा न हो पाए तो कहते हैं कि हम तो सरकारी स्कूल में डाल देते तो भी क्या फर्क पड़ता। बच्चे की गलती भी अब मास्टर की जिम्मेदारी है। पैरेंट्स मीटिंग में सबसे ज़्यादा डांट शिक्षक ही खाता है। नई शिक्षा नीति- 2020 कहती है कि शिक्षक की स्थिति मजबूत होनी चाहिए, लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि न कोई रेगुलेशन है, न कोई निगरानी। अभिभावकों को भी समझना होगा कि शिक्षक सिर्फ एक वेतनभोगी कर्मचारी नहीं, बल्कि उनके बच्चे के भविष्य का निर्माता है। देश को अगर आगे बढ़ना चाहते हो तो सबसे पहले उस हाथ को संभालना होगा जो ब्लैकबोर्ड पर चॉक से भविष्य रचता है। उस आवाज को सुनना होगा जो हर दिन 'गुड मॉर्निंग' कहकर बच्चे को दिन की शुरुआत सिखाता है। शिक्षक की मुस्कान में देश की मुस्कान छिपी है, लेकिन उस मुस्कान के पीछे कितना दर्द है, ये जानने वाला कोई नहीं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# संघ शताब्दी वर्ष-राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनमोल योगदान

लेखक: दीपक कुमार त्यागी
स्वतंत्र स्तंभकार

देश व दुनिया में प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय निर्माण की विचारधारा के दम पर अपनी विशेष पहचान रखता है। यह देश व दुनिया का एक ऐसा संगठन है जो अपनी विशेष कार्यशैली के दमखम पर दुनिया में सनातन धर्म-संस्कृति के रक्षक तौर पर और एक बहुत बड़े सामाजिक संगठन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

संघ वर्ष 2025 में स्थापना का 100वां वर्ष धूमधाम से मना रहा है और वह दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि संघ भारत का एक ऐसा संगठन है, जो अपनी स्थापना के दशकों के बाद भी अपनी विचारधारा व उद्देश्यों से जरा भी नहीं भटका है, वह आज भी अपनी विचारधारा पर पूरी तरह से कायम है।

मां भारती के सपूत स्वतंत्रता सेनानी डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने जंगें आजादी के दौर में विजयदशमी के पावन पर्व के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना देश, संस्कृति व समाज हित के कार्यों को करने के उद्देश्य से की थी। इस संकल्प के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करने में निरंतर लगा हुआ है। वैसे निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो संघ के द्वारा किए गए कार्यों ने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर के आजाद हुए भारत देश के निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सकारात्मक योगदान देने का कार्य किया है।



अपने शीर्ष नेतृत्व के सशक्त राष्ट्र, सभ्य समृद्धशाली समाज निर्माण के ओजस्वी विचारों के चलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा करने में अनमोल योगदान रहा है। इस योगदान को हम लोग आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देख सकते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए संघ ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर दिन-रात एकजुट होकर के काम किया है।

अनंत ज्ञान

हालांकि देश की आजादी के संघर्ष के दौर से लेकर आजाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनीतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहा है। ऐसी स्थिति के चलते ही राष्ट्र की आजादी व सशक्त राष्ट्र निर्माण की यात्रा में संघ के स्वयंसेवकों के अनमोल योगदान को दशकों तक सत्ता व सिस्टम में बैठे कुछ लोगों द्वारा अनदेखा किया गया। देश के चंद राजनेताओं ने धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए संघ को बदनाम करने का कार्य तक भी किया है। यह सब आज भी उनके अनुयायियों के द्वारा जारी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ राजनेताओं के द्वारा पैदा की गई नकारात्मक स्थिति के बाद भी राष्ट्र व समाज हित के लिए अपना कार्य हमेशा निस्वार्थ भाव से करना जारी रखा और कभी भी संघ के इन स्वयंसेवकों ने इन कार्यों का श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ कार्यों की बानगी देखें तो संघ के स्वयंसेवकों ने देश हित में अपनी जान की परवाह न करते हुए कई आंदोलनों और अन्य आपात स्थितियों में देश के नागरिकों की मदद की। उनके कई ऐसे अन्य कार्यों को देखते हुए संघ भारत का एक ऐसा समावेशी और राष्ट्रवादी संगठन बन गया है जो भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करते हुए राष्ट्र निर्माण में एक सकारात्मक योगदान देने का कार्य कर रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जोगिंद्रनगर–लडभड़ोल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, मरीज परेशान

## सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में कान–नाक और नेत्र रोग विशेषज्ञ महीनों से गायब, सिर्फ दो डॉक्टरों के सहारे चल रहा लडभड़ोल अस्पताल

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य केंद्र सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर व क्षेत्रीय अस्पताल लडभड़ोल में डॉक्टरों की भारी कमी स्थानीय लोगों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के मरीज आए दिन बेहतर इलाज के लिए दर–दर भटकने को मजबूर हैं। इन अस्पतालों में कई महत्वपूर्ण विभाग वर्षों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में कान–नाक–गला विशेषज्ञ का पद करीब छह महीने से रिक्त है, जबकि नेत्र रोग विभाग में भी पिछले कई महीनों से कोई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। इससे वृद्ध, बच्चे और नेत्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को मामूली जांच व उपचार के लिए भी निजी क्लीनिक या दूर स्थित टांडा मेडिकल कॉलेज जाना पड़ रहा है। जोगिंद्रनगर अस्पताल में हड्डी रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग और मेडिसिन विभाग में भी विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद या तो खाली हैं या फिर एक-एक डॉक्टर पर पूरे क्षेत्र का बोझ है। इससे न केवल मरीजों की देखरेख प्रभावित हो रही है, बल्कि डॉक्टरों पर भी अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है।

लडभड़ोल क्षेत्रीय अस्पताल की हालत और भी चिंताजनक है। वहां पर पूरे अस्पताल का संचालन महज दो डॉक्टरों के सहारे चल रहा है। क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा इलाका होने के बावजूद वहां स्वास्थ्य ढांचा बेहद कमजोर है। गंभीर मामलों में मरीजों को रेफर करना अब आम बात हो गई है, जिससे लोगों को समय, पैसे और संसाधनों की भारी बर्बादी झेलनी पड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### विधायक ने विस में उठाया मुद्दा, सरकार रही मौन

**विधानसभा** सत्र के दौरान विधायक प्रकाश राणा ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया और सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के साथ प्रदेश सरकार लगातार सौतेला व्यवहार कर रही है। हालांकि, सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, जिससे लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### जोगिंद्रनगर अस्पताल सिर्फ नाम का 'सिविल'

**सामाजिक** कार्यकर्ता राजीव सूद ने कहा कि जोगिंद्रनगर का सिविल अस्पताल नाम के लिए 'सिविल' है, सुविधाएं नहीं हैं। इतने बड़े क्षेत्र के लिए ईएनटी और आंखों के डॉक्टर तक नहीं हैं। यह आम जनता के स्वास्थ्य अधिकारों का सीधा हनन है। सरकार को अगर यहां के लोग वोट देने लायक लगते हैं, तो इलाज के भी हकदार हैं।



### व्यापार मंडल अध्यक्ष गुप्ता ने जताया रोष

**जोगिंद्रनगर** व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने सरकार की उदासीनता पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कान–नाक और नेत्र रोग विशेषज्ञ की गैर–मौजूदगी से पूरे क्षेत्र के मरीज बेहाल हैं। बुजुर्गों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ खिलवाड़ बंद करना चाहिए और सभी रिक्त पदों को तुरंत भरा जाना चाहिए।

### डॉक्टरों की तैनाती जल्द न की तो होगा आंदोलन

**क्षेत्र** के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने समय रहते डॉक्टरों की तैनाती नहीं की, तो वे जोरदार जन आंदोलन की राह पकड़ेंगे। अब लोग सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहते हैं। जोगिंद्रनगर और लडभड़ोल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की यह स्थिति चिंताजनक है। सरकार को चाहिए कि इन अस्पतालों को विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध करवाकर लोगों को मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं देने की अपनी जिम्मेदारी निभाए।

## न्यूज ब्रीफ

### कन्या स्कूल के शिक्षक ड्रेस कोड में आए नजर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएमश्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में अध्यापक एवं अध्यापिकाएं निर्धारित ड्रेस कोड में नजर आए। इस पहल ने विद्यालय परिसर में अनुशासन, एकरूपता और पेशेवर वातावरण की अद्भुत मिसाल पेश की। विद्यालय प्रशासन द्वारा यह पहल विद्यालय के सांस्कृतिक और शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने हेतु की गई है। सभी शिक्षकों ने इस प्रयास को सकारात्मक रूप से लिया और एक समान ड्रेस में उपस्थित होकर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य खजान सिंह ने बताया कि यह ड्रेस कोड प्रत्येक सप्ताह एक निर्धारित दिन लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य टीम भावना को बढ़ावा देना और शिक्षकों में सामूहिक पहचान की भावना विकसित करना है। विद्यालय में शिक्षकों की यह एकरूपता छात्रों को भी अनुशासन और सामूहिकता का संदेश दे रही है। इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### बाल गृह भरनाल में मनाया जन्मदिन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में स्थित दीनबंधु सेवा मंडल द्वारा संचालित बाल गृह भरनाल में जिला अतिरिक्त दंडाधिकारी मंडी डॉ मदन कुमार ने अपनी धर्मपत्नी आशा रानी का 52वां जन्मदिवस अपनी बेटी अर्शिया व अन्य परिवार के सदस्यों सहित धूमधान से मनाया। बाल गृह के बच्चों व कर्मचारियों ने उनका बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया और इस जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। डॉ मदन ने अपने संबोधन में बच्चों को अपने बाल्यकाल ओर विद्यार्थी जीवन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह अपना व अपने परिवार के सभी सदस्यों का जन्मदिवस बालगृह में ही मनाते आते रहे हैं। डॉ मदन और उनकी धर्मपत्नी आशा रानी ने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को उपहार भेंट किए और शुभकामनाएं दी। अंत में बाल गृह के प्रभारी प्रेम सिंह ने कहा कि ऐसे महानुभावों का अपनी व्यस्तता से समय निकालना, अपना व अपने परिवार के सदस्यों का जन्मदिवस जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाना उनकी आन्तरिक सामाजिक भावनाओं का प्रतीक है।

### बैडमिंटन स्पर्धा के विजेता को मिलेंगे 55 हजार

**विनोद, नेरचौक।** हिमालयन ब्लड डोनर्स द्वारा प्रथम बैडमिंटन प्रतियोगिता जेएस बैडमिंटन अकादमी द्वारा तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन लूणापानी (नागचला) मंडी में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी अनिल वर्मा व विशेष अतिथि नागचला पंचायत के उपप्रधान सुरेंद्र पाल और वेद उपस्थित रहे। इसमें लगभग 60 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में मेगा प्राइज 55,000 की राशि, मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। हिमालयन ब्लड डोनर्स की ओर से रवि वर्मा, सुरेश ठाकुर, प्रभात आनंद, सुरेंद्र कुमार, कुलदीप ठाकुर, मनीष सैनी द्वारा जेएस बैडमिंटन अकादमी के संस्थापक सतविंदर सिंह (राजू) के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### सर्विक्स कैंसर वैक्सीनेशन शिविर 28-29 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में अप्रैल माह के अंत में किशोरियों के लिए सर्विक्स कैंसर से बचाव हेतु दो दिवसीय निःशुल्क वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। इनर व्हील क्लब और ओक्टी फाउंडेशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस शिविर में लगभग 200 किशोरियों को वैक्सीनेशन लगाई जाएगी। इनर व्हील क्लब की कोऑर्डिनेटर व एमडी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनाली ने बताया कि इस वैक्सीनेशन की बाजार कीमत लगभग दो हजार रुपये है, लेकिन जोगिंद्रनगर की किशोरियों को यह सुविधा पूर्णतः निःशुल्क दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 6 माह के अंतराल पर लगने वाली दो डोज़ से किशोरियों को बच्चेदानी के कैंसर यानी सर्विक्स कैंसर से सुरक्षा मिलेगी। यह निःशुल्क वैक्सीनेशन शिविर नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में 28 और 29 अप्रैल को लगाया जाएगा। इसके लिए इच्छुक किशोरियों का पंजीकरण शहर के लक्ष्मी बाजार स्थित डॉ. चंद्रभूषण चिकित्सालय और ब्रिजमंडी स्थित सिंगला नर्सिंग होम में प्रारंभ कर दिया गया है।

### हर्निया, पत्थरी की मेजर सर्जरी 28-29 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ओक्टी फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में 28 व 29 अप्रैल को हर्निया, पित्त की पत्थरी और बच्चेदानी से जुड़ी बीमारियों की निःशुल्क मेजर सर्जरी की जाएगी। प्रारंभिक चरण में बीस मरीजों का चयन कर ऑपरेशन किए जाएंगे। सेवा भारती जोगिंद्रनगर के कोषाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने बताया कि चयनित मरीजों को न केवल मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा दी जाएगी, बल्कि उन्हें दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की जाएंगी। यह शिविर जरूरतमंद मरीजों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आएगा।

### नशे के खिलाफ जोगिंद्रनगर पुलिस की सख्त कार्रवाई

# एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज की 3 एफआईआर, 18 आरोपी चिन्हित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** पुलिस ने नशे के सेवन को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 27 व 27बी के तहत 3 एफआईआर दर्ज की हैं। यह सभी मामले रीजनल फॉरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट्स और मेडिकल विशेषज्ञों की राय के आधार पर दर्ज किए गए हैं। इसमें कुल 18 व्यक्तियों को नशीले पदार्थों के सेवन में लिप्त पाया गया, जिनके विरुद्ध थाना जोगिंद्रनगर में अलग–अलग तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं।

जानकारी के अनुसार, एफआईआर नंबर 70/2025 में 6 व्यक्ति ट्रामाडोल, कोडीन, डायजेपाम और मॉर्फीन जैसे पदार्थों के सेवन में पकड़े गए हैं। एफआईआर नंबर 71/2025 में 7 लोग टैपेंटाडोल, ट्रामाडोल व केटामाइन के सेवन में दोषी पाए गए, जबकि एफआईआर नंबर 72/2025 के तहत 5 युवकों की रक्त जांच रिपोर्ट में विभिन्न एनडीपीएस पदार्थों की पुष्टि हुई है। पुलिस ने कहा है कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 27 के तहत केवल नशीले पदार्थों का सेवन करना भी दंडनीय अपराध है। अगर किसी व्यक्ति के शरीर में नशीले तत्व पाए जाते हैं, तो चाहे वह व्यक्ति उस समय कोई पदार्थ रखे हुए न भी हो, उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

### आम जनता से की सहयोग की अपील

**जोगिंद्रनगर** पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को नशे या तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना प्राप्त हो, तो वह स्थानीय पुलिस को गोपनीय रूप से सूचित करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा मुक्त समाज की दिशा में उनका अभियान निरंतर जारी रहेगा और किसी भी तरह की लापरवाही या सहानुभूति नशे से जुड़े मामलों में नहीं बरती जाएगी।

# प्रो. अनुपमा की बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता ने एसपीयू पर एक अमिट छाप छोड़ी : कुलपति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**सरदार** पटेल विश्वविद्यालय मंडी ने शनिवार को प्रो वाइस चांसलर प्रो. अनुपमा सिंह को उनकी समर्पित सेवा, दूरदर्शी नेतृत्व और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास में उनके अमूल्य योगदान के सम्मान में विदाई देने के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने प्रो. सिंह के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व विश्वविद्यालय के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश रहा है। उनकी ईमानदारी, बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय पर एक अमिट छाप छोड़ी है। प्रो. अवस्थी ने कहा कि उन्होंने विवि की विशिष्टता के साथ सेवा की। अपने विदाई भाषण में प्रो. अनुपमा सिंह ने क्लस्टर विश्वविद्यालय से लेकर वर्तमान राज्य विश्वविद्यालय तक के दिनों को याद करते हुए कहा कि यह परिवर्तन चुनौतियों से रहित नहीं था– प्रशासनिक ढांचे का निर्माण, शैक्षणिक संरचनाओं को सुव्यवस्थित करना और बढ़ती अपेक्षाओं के बीच एक विशिष्ट पहचान स्थापित करना। प्रो. सिंह ने अपने सहयोगियों, छात्रों और विश्वविद्यालय समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में डॉ. करण गुप्ता डीन अकादमिक मामले, एचआर रावत उप नियंत्रक वित्त, सहित विवि के सभी संकाय सदस्य व कर्मी शामिल हुए।



सरदार पटेल विवि में विदाई समारोह आयोजित

# चांगर मार्ग को चौड़ा करने से पेड़ों के गिरने का बढ़ा खतरा

**भीम बसेड़ू , महादेव**

**बीबीएमबी** कॉलौनी सुंदरनगर के पास विद्युत विभाग बीबीएमबी व हिमाचल यानी सुंदरनगर चांगर कार्यालय को जाते मार्ग को चौड़ा तो अवश्य किया गया है, मगर विशालकाय पेड़ों की जड़ें भी साथ ही खुद गई हैं जिससे भूमि में ढीली पड़ी पेड़ की पकड़ कभी भी कहर ढा सकती है।



इन पेड़ों से लोगों को भी जानमाल की हानि हो सकती है। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को समय रहते जबाव देह बनाकर अन्य सुरक्षित मार्ग को अपनाना जरुरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि मार्ग चौड़ा करना दोनों तरफ से मंहगा इसलिए भी पड़ सकता है। क्योंकि विद्युत विभाग के इस मार्ग से सटे पेड़ों की खुदी जड़ों सहित निचली तरफ इस मार्ग की ढलान पर नगर परिषद सुंदरनगर क्षेत्र के चांगर को निकाला गया चौड़ा मार्ग भी उक्त मार्ग के एक बड़े भाग को कुछ ज्यादा ही खोदते हुए आगे बढ़ाया गया है। जिससे बिजली महकमे के मार्ग का भी ढहने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही उक्त मार्गों से होने वाले नुकसान की आशंका के प्रति गंभीरता दिखाकर आने वाले खतरे के बचाव के लिए कारगर कदम उठाए। (अनंत ज्ञान)

# पटवारी एवं कानूनगो के 1995, 2011 व 2015 बैच को पदोन्नति में हो रहा नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**संयुक्त** पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने मुख्यमंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व एवं वित्तायुक्त को एक ज्ञापन भेज कर अपनी चिरकाल से चली आ रही मांगों का समाधान करने की मांग उठाई है। महासंघ जिला मंडी के सलाहकार मोती राम चौहान की ओर से भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि मंडी जिले के पटवारी एवं कानूनगो को वर्ष 1995, 2011 एवं 2015 बैच को पदोन्नति में नुकसान हो रहा है। उदाहरण स्वरुप जिला हमीरपुर में 2015 बैच के 24 पटवारियों को 01-04-2025 को कानूनगो पदोन्नत किया गया है, परंतु जिला मंडी में अभी 2011 बैच के 12 पटवारी कानूनगो पदोन्नत होने के लिए शेष हैं। इसी तरह की विसंगति मंडी के 1996 बैच के पटवारी जो कानूनगो पदोन्नत हो चुके हैं, में भी उत्पन्न हो रही है। ये कानूनगो (शिमला एवं कांगड़ा मंडल) मंडलों के 2011 बैच के कानूनगो के उपरांत नायब तहसीलदार बन रहे हैं। यह विसंगति मंडी जिला के सभी पटवारी एवं कानूनगो को स्टेट काडर अधिसूचित होने के उपरांत उत्पन्न हुई है।

इस विसंगति को दूर नहीं किया जाता है तो मंडी जिला शेष सभी जिलों से पदोन्नति में अकारण ही पात्रता रखने के बावजूद भी अपने समकालीन बैच से कनिष्ठ हो जा रहा है, जोकि न्यायसंगत नहीं है। महोदय इसलिए, आपसे अनुरोध है कि या तो नए आरएंडपी (राज्य कैडर) जारी होने तक पदोन्नति प्रक्रिया को रोक दिया जाए या फिर पूरे राज्य में 2011 बैच के छूटे हुए अभ्यर्थियों को पहले पदोन्नत किया जाए और तदोपरान्त पूरे राज्य में 2015 बैच की राज्य काडर में समान रूप से पदोन्नति की जाए। जबकि प्रदेश में समस्त पटवारियों की नियुक्ति एक ही अधिसूचना के तहत की गई है। ठीक इसी तरह से मंडी मंडल के 1995 बैच के पटवारी जो कानूनगो पदोन्नत हो चुके हैं, को पहले पदोन्नत किया जाए व तदोपरांत 2011 बैच को नायब तहसीलदार हेतु पदोन्नति दी जाए।

### मांगों के समाधान के लिए सीएम को लिखी चिट्ठी

# राजमाता बुसाई बगलामुखी का मेला 24, 25 को

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजमाता बुसाई बगलामुखी मंदिर में दो दिवसीय मेले का अयोजन 24 व 25 अप्रैल को किया जा रहा है। जिसमें 24 अप्रैल को देवी देवताओ का आगमन होगा। जिसमें देव सत वाला कामेश्वर देवधार, माता बगलामुखी बुशाई कैहनवाल, देव माहुँनाग सनयारड, देवी महाकाली बानन और ,देवी महाकाली कठलग आ रही हैं। इसके साथ 24 को सांस्कृतिक संध्या जागरण रात्रि 8 बजे से रात्रि 1 बजे तक चलेगा। इस सांस्कृतिक संध्या में ललित शर्मा और शर्मा ब्रदर,सिंगर सपना गुप्ता, कर्मा बैड सांस्कृतिक संध्या की शोभा बढ़ाएंगे। 25 अप्रैल को स्कूली बच्चों के कल्चर प्रोग्राम व महिला मंडल खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी।

### किसान मेले में पोषण पखवाड़ा के तहत पधर में बेबी शो आयोजित

# नन्हे प्रतिभागियों ने बिखेरी चमक

**अनंत ज्ञान, पधर**

**जिला** स्तरीय किसान मेले के अवसर पर पधर में शनिवार को बाल विकास परियोजना द्रंग और स्वास्थ्य विभाग पधर के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा के तहत बेबी शो का आयोजन किया गया। इस रंगारंग प्रतियोगिता में 0 से 3 वर्ष तक की आयु के बच्चों को तीन श्रेणियों में बांटकर प्रतिभागिता करवाई गई।

प्रतियोगिता में 0–1 वर्ष, 1–2 वर्ष और 2–3 वर्ष की आयु श्रेणियों में कुल 32 बच्चों ने हिस्सा लिया। शून्य से 1 साल की कैटेगरी में त्रिस्वी ने पहला, ख्याति ने दूसरा और साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 1 से 2 साल की श्रेणी में वैभवी पहले, आरव दूसरे और रिवा व भंगालिया संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 2 से 3 साल के वर्ग में ओमाईसा सूद प्रथम, रितुल द्वितीय और तृषा ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं।



### ड्रेसिंग सेंस–एक्टिविटी बनी आकर्षण का केंद्र

**चाइल्ड** स्पेशलिस्ट डॉक्टर की देखरेख में बच्चों के वजन, लंबाई, ड्रेसिंग सेंस और अन्य गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया। अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों ने मंच पर अपनी मासूमियत और चपलता से सबका मन मोह लिया।

### पोषण और बाल विकास पर दिया संदेश

**इस** आयोजन का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के प्रति अभिभावकों को जागरूक करना था। आयोजन के दौरान पोषण और बाल स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी भी दी गई।

### डीसी कार्यालय परिसर 8वें दिन भी रहा सुनसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** गत दिनों सरकारी संस्थानों में 12 से 15 अप्रैल तक चार दिनों का सरकारी अवकाश था। 16 अप्रैल को सरकारी संस्थान तो खुल गए लेकिन उपायुक्त, जिला न्यायालय, पुलिस अधीक्षक व जिला न्यायालय यह सभी संस्थान प्रात: काल में खुलने के पश्चात दोबारा दो दिनों के लिए बंद करने पड़े। कारण यह रहा की उपायुक्त अपूर्व देवगन के ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश मिला था कि बम से उनके कार्यालय को उड़ा दिया जाएगा। क्योंकि यह सभी संस्थान एक ही परिसर में स्थित हैं इसलिए इन्हें भी खाली करवाना पड़ा। शनिवार को आठवें दिन यह कार्यालय खुल तो गए, लेकिन उपायुक्त कार्यालय का परिसर सुनसान ही नजर आया। एहतियात के तौर पर किसी भी वाहन को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं थी।

# महिला मंडल ने चिट्टे के दुष्परिणामों को लेकर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**गौण्टा** पंचायत में दो दिवसीय मेले व दंगल का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ बीती शाम उपमंडल अधिकारी नागरिक सरकाघाट स्वाति डोगरा द्वारा किया गया। पहले दिन का मुख्य आकर्षण महिला मंडलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। जहां टिक्करी महिला मंडल द्वारा पिंगला की लौहला लोक गाथा पर एक मार्मिक लोक गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं महिला मंडल चनौहली द्वारा नशे के दुष्प्रभावों पर एक बेहतरीन नाटक प्रस्तुत किया गया।

महिला मंडल हवाणी ने चिट्टे के दुष्परिणामों को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए एक गाना प्रस्तुत किया गया। महिला मंडल धरनाशी, रौहण, कुकाहण, लोअर पलवान, अपर पलवान, गहरी, पाटी, भनबाड़, चनौहली इत्यादि महिला मंडलों द्वारा भी पारंपरिक नृत्य, लोक गीत इत्यादि प्रस्तुत किए। छोटे बच्चों द्वारा भी खूबसूरत डांस व मनमोहक गाने प्रस्तुत किए गए। पंचायत प्रधान काली दास द्वारा समस्त प्रतिभागी महिला मंडलों व बच्चों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

### दिल्ली के अंकुश ने जीती छोटी माली

**मेले** के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण कुश्ती प्रतियोगिता रही। कुश्ती में छोटी माली व बड़ी माली के मुकाबले हुए। छोटी माली में दिल्ली के अंकुश विजेता रहे। जबकि बड़ी माली के विजेता हरियाणा के कैथल के नामी पीटी पहलवान विजेता रहे।

# देव जलेब से भक्तिमय हुआ वातावरण

## आराध्य देवी–देवताओं की विदाई के साथ जिलास्तरीय किसान मेला संपन्न

**पधर, कविता**

**जिला** स्तरीय किसान मेला पधर, क्षेत्र के आराध्य देवी–देवताओं की विदाई के साथ पूरे धूमधाम और धार्मिक आस्था के बीच सम्पन्न हो गया। समापन समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता मेला कमेटी अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने की। उन्होंने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान रोहित राठौर ने मेले में पधारे समस्त आराध्य देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत देव सूत्रधारी ब्रह्मा की अगुवाई में निकली भव्य देव जलेब (शोभायात्रा) में भाग लिया। देव जलेब में देवी–देवताओं के रथ, वाद्य यंत्रों की मनोहारी ध्वनि, पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु और नृत्य दलों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



इस दौरान मुख्यातिथि ने कहा कि मेला न केवल किसानों का उत्सव है, बल्कि समय के साथ इसमें धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विविधता का भी समावेश हो गया है। देवताओं के आगमन से इस मेले की गरिमा और भी बढ़ गई है, जिससे इसे एक विशिष्ट पहचान मिली है। उन्होंने सभी को मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का समय बहुत बदल गया है। हमें फिर से इन मेलों की भावना को आत्मसात करना होगा और अपनी परंपराओं को संजोकर रखना होगा। समारोह के विशेष अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा मेला स्मारिका संस्करण का भी भव्य विमोचन किया गया। (अनंत ज्ञान)

**कार्रवाई** युवक की शिकायत पर खनन माफिया की जेसीबी और टिप्पर का किया 30 हजार का चालान

# पंडोह के घ्राण पुल के पास रात को हो रही अवैध माइनिंग

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

**मंडी** से औट तक ब्यास किनारे रात माफिया सक्रिय है। इसका प्रमाण चंडीगढ़ मनाली सड़क मार्ग पर लगे रेत के बड़े–बड़े ढेर हैं। हालांकि अवैध रेत माफिया पर पुलिस चौकनी है, मगर वन विभाग सुस्त है। खनन विभाग तो तभी मौका पर जाता है जब कोई शिकायत करता है अन्यथा उसके लिए सब–कुछ राम भरोसे ही है। ताजा मामला पंडोह के सात मील घ्राण पुल के पास ब्यास नदी से अवैध रूप में निकाली जा रही रेत का है। जहां रात के अंधेरे में जेसीबी लगाकर टिप्पर– हाईवा में रेत एक सुरक्षित स्थान पर इक्कठा की जाती हैं और दिन के उजाले में इस रेत को बेच कर खुब चांदी कूटी जा रही हैं। जेसीबी की आवाज से स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं। उनमें से एक युवक ने हिम्मत जुटाते हुए 1 सप्ताह पूर्व खनन विभाग को इस अवैध खनन की शिकायत की थी। मगर विभाग के अधिकारी दिन में उस वक्त आए जब नदी के किनारे कोई नहीं था। वीरवार रात को 11.30 बजे इस युवक ने पहले पडोह पुलिस को सूचना दी और फिर खनन विभाग को।



पंडोह पुलिस दल बल के साथ मौका पर पहुंची और रेत निकालती जेसीबी व एक टिप्पर को कब्जे में लिया। पुलिस ने 30 हजार का मोटा चालान दोनों वाहनों से वसूल किया और वाहनों को औपचारिकताओं के बाद छोड़ दिया। इस कार्य के लिए पुलिस चौकी प्रभारी पंडोह अनिल कटोच की कर्तव्य परायणता की भी सराहना की जानी चाहिए। हैरत की बात है कि जिला खनन विभाग चुप है शांत अपने कार्यालय तक ही सिमित है। मगर गत शुक्रवार को इस युवक को जान से मारने की धमकियां आने लगी है। युवक परेशान हैं। इसने नाम सार्वजनिक ना करते हुए पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

इस संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी पंडोह अनिल कटोच ने कहा कि हम इस युवक के साहस की कद्र करते हैं। जिसकी हिम्मत से हम वाहनों को पकड़ने में सफल हुए। खनन इंस्पेक्टर सुचेत ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने घ्राण में जब्त की रेत की विभाग जल्द ही खुली बोली करवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। जिला खनन अधिकारी मंडी संतोष कुमार ने कहा कि हम उस शिकायत पर ही कार्रवाई करते हैं जिसमें घटनास्थल पर अवैध खनन हो रहा हो।

## न्यूज ब्रीफ

### पानी के टैंक में गिरने से जंगली जानवर की मौत

**विनोद शर्मा, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा की लठियानी पंचायत के गांव बंजाल में रात के समय दो जंगली जानवर (बाहर सिंगे) पानी के खेतों की सिंचाई के लिए बनाए गए टैंक में गिर गए, सुबह ग्रामीणों ने इनके चिल्लाने की आवाज सुनी तो देखने पर टैंक में दो जंगली जानवर गिरे थे। उन्होंने पंचायत प्रधान जोगिंद्र शर्मा और उप प्रधान निर्मल सिंह को जानकारी दी। उपप्रधान निर्मल सिंह ने विभाग को जानकारी देने के उपरांत वनरक्षक प्रवीण कुमार वहां पहुंचे। वहीं एक उनमें से मर चुका था और एक जीवित था, वन रक्षक प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों की सहायता से जीवित जंगली जानवर को बाहर निकाला तो वह जानवर जंगल की ओर भाग गया, लेकिन दूसरे मृतक जानवर को बाहर निकाल कर जमीन में दबा दिया गया।

### शनिदेव महाराज मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की खरयालता पंचायत के तलमेहड़ा मैन बाजार चौक पर स्थित श्री शनिदेव महाराज मंदिर में शनिवार को सुबह हवन-यज्ञ उसके बाद भजन कीर्तन उसके बाद दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया। इस मौके पर मंदिर के संस्थापक प्रकाश चंद शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय युवाओं द्वारा मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया जिसमें सैकड़ों भक्तजनों ने शनिदेव महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भंडारे का आयोजन करवाने वाले युवाओं में विकास शर्मा, लक्की शर्मा, साजन ठाकुर, अमन चौधरी, जिम्मी शर्मा, अश्वनी धीमान, विशु शर्मा, सबल मोदगिल, प्रिंस धीमान, जसपाल शर्मा, पांकू ठाकुर सहित अन्य युवाओं ने इस भंडारे में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।



उपमुख्यमंत्री ने ललड़ी में किया डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण, कहा-

# न्याय के प्रतीक हैं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के ललड़ी गांव में संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, उन्हें समानता, न्याय और समर्पण का प्रतीक बताया। इस मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक संगठन, जन प्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के अधिकारों की आवाज थे, जिन्होंने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करते हुए एक न्यायसंगत और समावेशी भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण केवल एक मूर्ति की स्थापना नहीं, बल्कि उनके विचारों को समाज के हर कोने तक पहुंचाने की दिशा में एक कदम है।

उन्होंने ने कहा कि बाबा साहब का जीवन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा, संघर्ष और दृढ़ निश्चय से कोई भी व्यक्ति समाज में परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सामाजिक समरसता, समान अवसर और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।



### अग्निहोत्री ने कमेटी को 51 हजार रुपए की राशि की प्रदान

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री जी की पुण्य याद में कमेटी को 51 हजार रूपये की राशि भी प्रदान की। इस दौरान लोगों ने उप मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया और कहा कि ललड़ी गांव के लिए यह दिन ऐतिहासिक बन गया है। डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा युवाओं को प्रेरित करेगी और सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य करेगी। वहीं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, विनोद बिट्टू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### तूफान के कारण कई स्थानों पर बिजली प्रभावित

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** उप मंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत लठियानी के प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु ने कहा कि लगातार तीन दिन से नहीं होने के कारण लोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ा ,जब विद्युत विभाग के सहायक अभियंता इंजीनियर उदित ठाकुर को स्थिति से अवगत कराया तो उन्होंने कहा कि बहुत तेज तूफान की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है लेकिन जल्दी ही बिजली की समस्या को हल कर देंगे, लेकिन ग्रामीणों में बहुत ही रोष है कि तीन दिन बीत जाने के पर बिजली उपलब्ध हुई, जिसकी वजह से छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों को कई बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

गांव बलियारा, राजली जट्टा, बिलाह्रां, इत्यादि कई गांवों में बिजली तीन दिनों के बाद लोगों को उपलब्ध हुई। लठियानी पंचायत के प्रधान जोगिंदर शर्मा एवं उप प्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं विधायक विवेक शर्मा से आग्रह किया कि लठियानी विद्युत विभाग में कर्मचारी उपलब्ध करवाएं। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा से आग्रह किया कि आप स्वयं इस समस्या का समाधान करवाएं ताकि लोगों को कोई समस्या न हो।

# रेलवे अंडरपास और पंडोगा-त्यूड़ी पुल से विकास को मिलेगी रफ्तार



**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव अभिषेक जैन ने शनिवार को ऊना जिले के मलाहत में निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास तथा स्वां नदी पर बन रहे पंडोगा-त्यूड़ी पुल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अभिषेक जैन ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि सभी विकास परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जा सकें। उन्होंने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्रीय विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

अभिषेक जैन ने बताया कि

**निर्माणाधीन परियोजनाओं का सचिव अभिषेक जैन ने किया निरीक्षण**

ऊना विधानसभा क्षेत्र के मलाहत में लगभग 11 करोड़ की लागत से बन रहे रेलवे अंडरपास का 45 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे अंडरपास कार्य को 13 अगस्त, 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। इस अंडरपास के बन जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सुगम होगा तथा पीरनिगाह जैसे धार्मिक स्थलों की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित आमजन को राहत मिलेगी।

सचिव ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंडोगा गांव में 50.60 करोड़ की लागत से बन रहे पंडोगा-त्यूड़ी पुल के कार्यों की भी समीक्षा की। साथ ही बसाल, त्यूड़ी तथा महाराज सुग्रीवानंद जी आश्रम बसाल आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी विशेष सुविधा प्राप्त होगी।

# बैडमिंटन में बंगाणा को हराकर हटली टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के हटली में आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। इस प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों ने भाग लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में हटली की टीम ने बंगाणा को 2.1 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के उद्देश्य से किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव मदन राणा तथा स्थानीय बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू उपस्थित रहे। दोनों ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। विजेता टीम को 5100 रुपए और उपविजेता को 3100 की नकद राशि और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। वहीं अन्य टीम को भी नकद राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथियों ने अपने संबोधन में युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। राजेंद्र युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि गांव स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि इससे सामाजिक एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल खेल आयोजन नहीं था बल्कि युवाओं में एक सकारात्मक सोच विकसित करना था।



प्रतियोगिता के माध्यम से गांव के कई युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। खिलाड़ियों ने भी अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फाइनल मुकाबला खासा रोमांचक रहा, जिसमें हटली की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए बंगाणा को हराया।

### नेशनल हाईवे पर दो कारों की टक्कर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंब नेशनल हाईवे पर दियाड़ा गांव में शुक्रवार रात करीब 12: 00 बजे दो कारों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कारों में सवार सभी लोग घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि एचपी नंबर की गाड़ी ऊना की ओर से आ रही थी जबकि दिल्ली नंबर गाड़ी ऊना की ओर जा रही थी। स्थानीय निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि दुर्घटना उनके मकान के ठीक सामने हुई। इसके बाद तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से घायलों को निजी गाड़ियों में डालकर ऊना अस्पताल पहुंचाया गया।

# 'लाइफ स्किल्स ट्रेनिंग' में शिक्षकों ने सीखा हुनर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों के लिए एक विशेष 'लाइफ स्किल्स ट्रेनिंग' का आयोजन सीबीएसई की तरफ से किया गया जिसके रिसोर्स पर्सन सुनीता कुमारी और वंदना गुलेरिया थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उन्हें 21वीं सदी की आवश्यक जीवन-कौशलों से सशक्त बनाना था।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को संचार कौशल, निर्णय क्षमता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समय प्रबंधन, नेतृत्व गुण, और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों पर



केंद्रित गतिविधियों एवं चर्चाओं में भाग लेने का अवसर मिला। यह सत्र न केवल शिक्षकों के आत्मविश्वास में सहायक रहा, बल्कि उन्हें शिक्षण में नवाचार लाने की दिशा में भी प्रेरक सिद्ध हुआ। विद्यालय के एमडी धीरज शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल न केवल छात्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि अपने शिक्षकों के निरंतर विकास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

इस दौरान स्कूल की ओर से एमडी धीरज शर्मा, अदिति शर्मा व पूजा शांडिल्य, किशन कुमार, अलका ठाकुर, संजू कुमारी, सरिता लठ, रेनू शर्मा, पूजा जोशी, दीप्ति शर्मा, सृष्टि, आंचल जोशी, आंचल कपिला, महिका, अंजलि चंदेल ,सुजाता कुमारी राज रानी, सोनम, अंजू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### किसानों को दिया जाए उचित मुआवजा : विनय

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हाल ही में आए तूफान से किसानों को भारी क्षति पहुंची है। तूफान के चलते किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। प्रदेश सरकार किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करवाएं और पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दें।



यह बात जिला ऊना भाजपा प्रवक्ता विनय शर्मा ने कही। विनय शर्मा ने कहा कि अभी तक सरकार इस पर कोई उचित कदम नहीं उठा पाई है। प्रदेश के किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। ऊपरी हिमाचल में जहां सेब को नुकसान पहुंचा है तो निचले हिमाचल में पकने को तैयार खड़ी गेंहू की फसल को काफी नुकसान हुआ है। सरकार जल्द किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करवाएं और किसानों को उचित सहायता राशि मुहैया करवाएं, ताकि किसान वर्ग को कुछ राहत मिल सके।

# बीपीएल पर लिए निर्णय पर पंचायत प्रतिनिधियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**विवेक शर्मा, अंब**

महापंचायत अंब की बैठक शालिनी गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई, बैठक में विभिन्न पंचायत के प्रधान, उप प्रधान ने हिस्सा लिया।

बैठक के उपरांत उपमंडल अधिकारी अंब सचिन शर्मा के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा गया, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कोटेशन तथा बीपीएल से संबंधित जो निर्णय लिए गए हैं इन निर्णय के कारण पंचायत प्रधानों की शक्तियों हनन किया जा रहा है।

पंचायत में जब बीपीएल का चयन होता है उसमें ग्राम सभा के निर्णय को सर्वोपरि माना जाता है,

**कहा-पंचायत प्रधानों की शक्तियों का हो रहा हनन**

पंचायती राज मंत्री द्वारा समस्त प्रधानों पर आरोप लगाया गया कि अपने चहेतों को बीपीएल में चयनित करते हैं, यह एक गलत धारणा है, कोटेशन संबंधी वर्तमान सरकार ने जो आदेश पारित किया है, वह समस्त प्रधानों की शक्तियों पर कुठाराघात है।

इस मौके पर शालिनी गोस्वामी बलविंदर बिल्ला, संदीप कुमार संगीता वाला नीरू बाला, विभिन्न पंचायत के प्रधान उप प्रधान सहित आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



उपमंडल अधिकारी अंब सचिन शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए पंचायत प्रतिनिधि।

# 18 कनाल गेहूं की फसल स्वाह



**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के टटेहड़ा गांव में खेत में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर खलनायक बना। ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारियों की चपेट में आने से अठारह कनाल भूमि पर लगी गेंहू की फसल जलकर स्वाहा हो गई।

**सवा लाख रुपए के करीब हुआ नुकसान**

हालांकि समय रहते जमीन के मालिक ने ट्रेक्टर चलाकर आग पर काबू पाया अन्यथा सारी फसल आग की भेंट चढ़ जाती। इस अग्निकांड में करीब सवा लाख रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है।

### बिजली की एक चिंगारी से हुआ भारी नुकसान

**टटेहड़ा** गांव के विकास ठाकुर ने अपने खेतों में इन दिनों गेहूं की फसल लगाई थी। कड़ी मेहनत के चलते इस बार फसल भी ठीक लगी थी। अभी विकास ठाकुर गेहूं की फसल को काटने की तैयारी ही कर रहे थे कि शनिवार को उनके खेत में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी गेहूं के खेत में गिरी और देखते ही देखते गेहूं की फसल धू-धूकर जलने लगी। इसे देखकर विकास ठाकुर भागे और ट्रैक्टर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसकी सूचना अग्निशमन केंद्र अंब को भी दी गई। जिस पर अग्निशमन वाहन भी मौका पर पहुंचा। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक करीब 18 कनाल भूमि पर खड़ी गेहूं का फसल जलकर स्वाहा हो गई।

**ट्रांसफार्मर की फेंसिंग करना बेहद जरूरी**

**इससे** पहले भी वर्ष 2003 में ट्रांसफार्मर की चिंगारी की चपेट में विकास ठाकुर की फसल आ गई थी। हैरत की बात यह है कि बिजली विभाग द्वारा खेत में ट्रांसफार्मर तो लगा दिया गया लेकिन इसके आसपास सुरक्षा की दृष्टि से ट्रांसफार्मर की फेंसिंग तक नहीं की गई। इसका खामियाजा विकास ठाकुर को भुगतना पड़ा है। इस अग्निकांड में करीब सवा लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। उधर विद्युत उपमंडल गगरेट के सहायक अभियंता अभिलाष सिंह का कहना है कि उन्होंने कनिष्ठ अभियंता को मौका देखने को कहा है। तभी आग लगने के कारणों संबंधी स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

# खनन को लेकर खटखटाएंगे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का दरवाजा : अवतार

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के गुगलैहड़ गांव में स्टोन क्रशर विवाद के बाद अब अवैध खनन को लेकर पंचायत समिति हरोली के पूर्व अध्यक्ष अवतार सिंह राणा ने मोर्चा संभाला है। शनिवार को कई लोगों के साथ सोमभद्रा नदी में पहुंचे अवतार सिंह राणा ने कहा कि खनन लीज की आड़ में यहां सोमभद्रा नदी का खुला चीरहरण हुआ है।

सरकार जमीन से भी खनन सामग्री उठा ली गई है लेकिन संबंधित महकमे बेशर्मी का लबादा ओढ़े मौन धारण किए हुए हैं। अगर कोई इस अवैध खनन के विरुद्ध आवाज उठाता है तो शासन व प्रशासन की अवैध खनन करने वालों को हिमायत मिलती है और आवाज उठाने वालों पर झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस अवैध खनन के विरुद्ध नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया जाएगा और जिला प्रशासन को भी इसमें पार्टी बनाया जाएगा। शनिवार को सोमभद्रा नदी में हुए अवैध खनन को दिखाने के लिए कई लोगों के साथ पहुंचे पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष अवतार सिंह राणा ने खनन विभाग व पुलिस पर भी कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बेखक खनन विभाग ने लोडर के इस्तेमाल की अनुमति क्रशर संचालकों को दी है लेकिन किस तरह से एक्सकेवेटर का प्रयोग सोमभद्रा नदी में खुलेआम हो रहा है।

आखिर खनन विभाग की खननकारियों पर खास मेहरबानी क्यों है। आखिर क्या कारण है कि लोगों की निजी जमीन जिस पर खनन की अनुमति तक नहीं मिली है वहां से भी मैटीरियल उठा लिया गया है और सरकारी जमीन को भी खननकारियों ने नहीं बख्शा है। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में इसकी शिकायत करने जा रहे हैं और इसमें जिला प्रशासन व सक्षम अधिकारियों को भी पार्टी बनाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए, उन्हें अपनी जान भी देनी पड़े तो पीछे नहीं हटेंगे।

**गुहार** गोबिंदसागर के किनारे नशा करने वाली सामग्री मिलने पर बोले लोग-

# नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस करे कार्रवाई

**विनोद शर्मा, लठियानी**

लठियानी क्षेत्र की गोबिंदसागर झील के किनारे लोगों को नशा करने वाली सामग्री जैसे टीका लगाने वाली सिरिंज (सुइयां), छोटे प्लास्टिक के कंटेनर और कुछ संदिग्ध पाउडर से भरे पैकेट पड़े मिले। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

लठियानी पंचायत के प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु व उप प्रधान निर्मल सिंह ठाकुर झील की ओर गए तो उन्होंने झाड़ियों के बीच बिखरी हुई सिरिंज और अन्य सामग्री नशा करने वाली सामग्री को देखकर बहुत ही अचंभित हुए । इस प्रकार नशे के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ समय से हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में नशे की ( यानि चिट्टे ) गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हिमाचल प्रदेश सरकार और पुलिस विभाग नशे के विरुद्ध बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है, लेकिन पुलिस विभाग को नशे के विरुद्ध सख्त कदम उठाना बहुत ही जरूरी है, ताकि जो भी चिट्टे का कारोबार एवं प्रयोग करते है, उन पर कड़े से कड़ी कार्रवाई की जाए।

**लोगों ने कहा- पुलिस विभाग क्षेत्र में करे गश्त**

**नशा युवा पीढ़ी को बुरी तरह से कर रहा बर्बाद : जोगिंद्र**



नशे का कारोबार एवं नशा करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है, पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु एवं उप प्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने कहा कि गोबिंदसागर झील जैसे शांत और पर्यटक स्थलों पर इस तरह की घटनाओं से समाज बहुत ही चिंतित है, परंतु युवा पीढ़ी बहुत ही बर्बाद हो रही है, लेकिन मां-बाप को भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखना बहुत ही जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### नशे के विरुद्ध सख्त कदम जरूरी

**लोगों** ने कहा कि नशे का जाल ग्रामीण क्षेत्रों में नशा करने वाली सामग्री मिलना बहुत ही चिंताजनक है। पुलिस विभाग को नशे के विरुद्ध सख्त कदम उठाना बहुत ही जरूरी है, ताकि जो भी चिट्टे का कारोबार एवं प्रयोग करते है, उन पर कड़े से कड़ी कार्रवाई की जाए। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि युवाओं को सामाजिक गतिविधियों और खेलों में भाग लेना चाहिए।

### तस्करों और नशा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : थाना प्रभारी

**लठियानी** पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा ने बताया कि ये अत्यंत गंभीर और चिंता का विषय है, उन्होंने प्रशासन से मांग की गई है कि झील क्षेत्र में गश्त कर नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए। बंगाणा पुलिस के थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि समय-समय पर पुलिस गश्त करती रहती है, उन्होंने आश्वासन दिया है कि नशे का कारोबार और नशा करने वालों के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, उन्होंने स्थानीय लोगों से भी आह्वान किया है कि आप भी पुलिस विभाग को सहयोग दें एवं जानकारी दें, तभी नशे का कारोबार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

### विद्यार्थियों ने सीखा आग पर काबू पाने का हुनर

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लठियानी में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत छात्रों को आग बुझाने और सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया। कि आग लगने पर किस प्रकार से बचाव करना चाहिए, आग के बारे में जानकारी देने के साथ सावधान रहने की अपील की।

अग्निशमन अधिकारियों ने विद्यालय में मॉकड्रिल के जरिए छात्र-छात्राओं को बताया कि आग लगने पर हमेशा संयम को बनाए रखें। यदि घर के अंदर आग लगी हो तो पहले वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास करें, फायर ब्रिगेड को सूचित करें।

अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि जब ऐसे उपकरणों को चलाने की जानकारी होगी तो आप को आग से बचने के लिए कोई भी समस्या नहीं होगी। प्रधानाचार्य नसीब सिंह ठाकुर ने बताया कि छात्रों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण देना बहुत ही महत्वपूर्ण है।

# शिलान्यास पट्टिका तोड़ने पर शिकायत दर्ज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों गगरेट एवं चिंतपूर्णी को जोड़ने वाले निर्माणधीन लोहारली-चरूडू पुल की शिलान्यास पट्टिका को अज्ञात तत्वों द्वारा तोड़े जाने पर क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

यह पट्टिका हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा पुल के शिलान्यास के दौरान स्थापित की गई थी। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि यह कृत्य न केवल जनप्रतिनिधियों का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और मूल्यों पर सीधा प्रहार है। शिलान्यास पट्टिका को क्षतिग्रस्त करना केवल एक पत्थर को तोड़ना नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और विकास की दिशा में किए गए प्रयासों का अपमान है।

भाजपा गगरेट मंडल ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए थाना गगरेट में औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई है। गगरेट मंडल के अध्यक्ष नितिन ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी मांग की गई है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**भाजपा गगरेट मंडल ने कहा- लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रहार**

### लोहारली वासियों में पनपा आक्रोश



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के अंतर्गत निर्मित लोहारली-चरूडू पुल की शिलान्यास पट्टिका को अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ देने के मामले में अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। इस प्रकरण को लेकर लोहारली गांव के लोग बेहद आक्रोशित है। लोहारली गांव के लोगों का कहना है कि जिस व्यक्ति ने इस पुल के निर्माण के लिए दिन-रात एक किया उसे लोहारलीवासी पूरी उम्र नहीं भूल सकते।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इस हरकत को अंजाम दिया है वह जरा जनता को यह भी बताएं कि उनका गगरेट के विकास में क्या योगदान है। पंचायत समिति सदस्य कृपाल सिंह, ग्राम पंचायत गुगलैहड़ के प्रधान उपनीश राजपूत, परमजीत सिंह, संजीव ठाकुर, मवा सिंधियां के पूर्व प्रधान बंता सिंह, बलवंत व ठाकुर जगमोहन सिंह ने कहा कि लोहारली-चरूडू पुल की मांग क्षेत्र की जनता अरसे से करती आ रही थी लेकिन इसे धरातल पर उतारने का श्रेय पूर्व विधायक राजेश ठाकुर को जाता है। गगरेट से विधायक बनने के बाद इस पुल के लिए न जाने उन्होंने कितने चक्कर दिल्ली के लगाए। तब जाकर इस पुल के लिए सेंट्रल रोड फंड से करीब 45 करोड़ रुपए मंजूर हुए थे। इसके बाद जयराम ठाकुर ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर व तत्कालीन विधायक राजेश ठाकुर की मौजूदगी में इस पुल का शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा कि अपनी कार्यशैली से पूर्व विधायक राजेश ठाकुर जनता के दिलों में अलग छाप छोड़ कर गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू कॉलेज के छात्र संगठन ने निकाली रैली



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू में विद्यार्थी अब जागरुकता से नशे पर वार कर रहे हैं। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के रूपी वैली छात्र संगठन ने शनिवार को शहर में जागरूकता रैली निकाली और नशे पर कुठाराघात किया। इसमें छात्र संगठन के साथ अन्य छात्र एसोसिएशन और समाज सभी भी शामिल रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों ने जिला मुख्यालय स्थित लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र से खंड विकास अधिकारी, एसबीआई बैंक, ढालपुर चौक होते हुए वापस कलाकेंद्र तक जागरुकता रैली निकाली। नशे के खिलाफ लोगों खासकर युवाओं को जागरूक किया गया।

### 10 मई को आयोजित होंगी राष्ट्रीय लोक-अदालतें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कुल्लू आभा चौहान ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला के तत्वावधान में 10 मई को जिला न्यायालय, कुल्लू, मनाली और बंजार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक-अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, जमीनी विवाद, बैंक संबंधित विवाद, वैवाहिक विवाद और विशेष रूप से कम राशि के चेक से लेन देन के मामले लिए जाएंगे। इस अवसर पर मोटर व्हीकल की लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मोटर व्हीकल के चालानों का भी निपटारा किया जाएगा। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी के मामले लंबित हैं, वे ऐसे मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में फैसला दोनों पक्षों की रजामंदी से किया जाता है तथा किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती। उन्होंने कहा कि लोगों को लोक-अदालत का भरपूर फायदा उठाना चाहिए व इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू के दूरभाष नम्बर 01902-222378 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बेटी के जन्म पर बांटे बधाई संदेश, किया जागरूक



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिले के अंतर्गत आते खड़ीहार पंचायत के पचायती पंचायत घर में पोषण पखवाड़े के दौरान एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वृत पर्यवेक्षक नारद सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया व सभी का कार्यक्रम में पधारने पर स्वागत किया। आयुर्वेद विभाग से रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहीं डॉ. इंदु ने बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिन यानी गर्भावस्था से लेकर 2 साल तक के समय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह समय बच्चे के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। वहीं जिला परियोजना सहायक पोषण अभियान प्रियंका राजपूत ने गर्भावस्था के दौरान महिला के पर्याप्त पोषण आहार की जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता कृष्णा व आशा वर्कर्स द्वारा उपस्थित महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के एचबी व शुगर की जांच की गई। वहीं, गड़सा वृत के पर्यवेक्षक मुनीष ने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। वहीं, सखी वन स्टॉप सेंटर से निशा गौतम ने विभाग द्वारा प्रताड़ित महिलाओं को सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में बेटी के जन्म पर परिजनों को बधाई संदेश बांटे गए जबकि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान पोषण आहार प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस दौरान वार्ड पंच लीला देवी सहित करीब 70 ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# कुल्लू को एसडीएमएफ से 200 करोड़: प्रबोध

## मुख्य सचिव ने आपदा से कम नुकसान के लिए अधिकारियों को प्लान तैयार करने की दी सलाह

कमलेश वर्मा, केलांग

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अवलोकन और अन्य प्रमुख मुद्दों पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं पर सहबद्ध खेल संस्थान परिसर में आयोजित बैठक में उपायुक्त तोरुल एस रवीश पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन, एडीसी अश्वनी कुमार, डीटीडीओ सुनैना शर्मा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने जिले में मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना, महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना, मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, इवी चार्जिंग स्टेशन स्टेशन, स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम, एसडीएमएफ प्रोजेक्ट कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्होंने जिले में मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति का जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं और सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए तेजी से कार्य किया जाए और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि जनमानस को इनका लाभ प्राप्त हो सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिछली दो बरसातों में कुल्लू जिले में बहुत नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू प्रमुख स्थान है और बरसात में हो रहे नुकसान को कम करने के लिए प्रभावी कदम सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले के लिए सरकार ने स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फंड से 200 करोड़ रुपए जारी किए हैं तथा भविष्य में भी और राशि जारी करने के प्रयास करने की बात कही।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी आपदा के समय नुकसान कैसे कम हो, इस प्लान बनाने और काम करने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)



### जिला प्रशासन की सराहना की

प्रबोध सक्सेना ने जिला प्रशासन को सरकार योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करने के लिए सराहना की। उन्होंने जिले में 20 स्मार्ट क्लास रूम बनाने, रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र द्वारा 'प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र बनाने, छात्रों के लिए लाइब्रेरी की सुविधा के लिए 35 ज्ञान केंद्र, ऐतिहासिक ढालपुर मैदान के सौंदर्यीकरण और जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खेल अधोसंरचना के सुधार कार्यों के लिए किये प्रयासों की सराहना की।

### 5.55 करोड़ से बन रहे स्कूल के भवन का किया निरीक्षण

इससे पहले मुख्य सचिव ने सेऊबाग में 5.55 करोड़ रुपए की लागत से दृष्टिबाधित छात्रों के लिये बन रहे स्कूल के भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने विभाग को शीघ्र इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि छात्रों को जल्द इसकी सुविधा प्राप्त हो सके। इसके उपरांत मुख्य सचिव ने रोरिक आर्ट गैलरी का अवलोकन किया।

# अवैध खोखे पर चला प्रकृति का डंडा, हवा में उड़ा खोखा

मोहन कपूर, पतलीकूहल



**पतलीकूहल में अवैध टीन के खोखे को हटाने में प्रशासन रहा था नाकाम**

पतलीकूहल में जिस अवैध खोखे को हटाने में प्रशासन नाकाम रहा, उसे प्रकृति ने हटा दिया। जी हां, पतलीकूहल में अभी कुछ दिन पूर्व ही अवैध रूप से एक खोखे का निर्माण रातों-रात हो गया था। इसे हटाने के लिए स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन से मांग की थी लेकिन प्रशासन की ओर से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

सनद रहे कि जैसे -जैसे पतलीकूहल शहर के रूप में विकसित हो रहा है, वैसे-वैसे यहां खाली पड़ी भूमि पर अवैध कब्जा कर खोखे बनाए जा रहे हैं। ऐसा ही एक टीन का खोखा राम नवमी की रात को पतलीकूहल शिव मंदिर के रास्ते के साथ ही रातों-रात खड़ा कर दिया गया था। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे रात को राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप खोखों का निर्माण होना प्रशासन की नाकामी दिखाता है। शिव मंदिर में कई तरह में आयोजन किए जाते हैं। इन आयोजनों के अवसर पर लोग यहां अपने वाहनों को पार्क करते हैं। गत शाम को कुदरत ने शिव मंदिर के साथ लगते इस खोखे को उड़ा कर यहां से हटा दिया है। गनीमत रही कि उस समय जहां यह खोखा गिरा, वहां न तो कोई वाहन खड़ा हुआ था, न कोई लोग वहां थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी।

शिव मंदिर कमेटी के प्रधान अर्जुन देव गौतम ने कहा कि शिव मंदिर के साथ ही अवैध कब्जे और खोखो के निर्माण से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं।

**पतलीकूहल में हर तरफ खोखों की है भरमार :** पतलीकूहल चौक से कई जगह को सड़कें जाती हैं। इस सभी सड़कों में अवैध कब्जे करके लोगों ने खोखों का निर्माण कर रखा है। बैसे ही पतलीकूहल-पनगां सड़क पर भी कब्जों कर खोखों की भरमार है परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। (अनंत ज्ञान)

# फलोत्पादक मंडल कुल्लू का वार्षिक अधिवेशन 25 मई को

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

शनिवार को कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक का आयोजन बागवान भवन में किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल के प्रधान मोहिंदर उपाध्याय ने की। बैठक में 38 कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंडल के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन 25 मई को किया जाएगा। इस अधिवेशन में क्षेत्र के 2856 आजीवन सदस्यों सहित लगभग 3 हजार प्राथमिक सदस्य भाग ले सकते हैं। मंडल की कार्यकारिणी समिति काकार्यकाल भी पूर्ण हो रहा है, इसलिए इस अधिवेशन में मंडल कार्यकारिणी के चुनाव करवाए जाएंगे।

**आजीवन सदस्य चुनेंगे मंडल की कार्यकारिणी :** मंडल के वार्षिक अधिवेशन में वैसे तथा क्षेत्र के सभी किसान व बागवानों को भाग लेने का अधिकार होता है, परंतु मंडल के चुनाव में प्रत्याशी और मतदान का अधिकार केवल आजीवन सदस्यों को होता है। शनिवार को वार्षिक की घोषणा के साथ ही मंडल का अजीवन सदस्यता का आगामी कार्यकारिणी समिति के गठन तक बंद हो गई है।

इस बार मंडल के चुनाव में 2854 आजीवन सदस्य अपने मत का प्रयोग करके प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे।

### 22 मई को भरे जाएंगे नामांकन चुनाव चिन्ह भी इसी दिन मिलेंगे

मंडल के चुनाव के लिए प्रक्रिया वार्षिक अधिवेशन से 3 दिन पहले शुरू हो जाएगी। मंडल का वार्षिक अधिवेशन 25 मई को होगा, इसलिए मंडल के चुनाव की प्रक्रिया 22 मई को शुरू हो जाएगी। 22 मई को इच्छुक उम्मीदवार अपना नामांकन भर सकेंगे, उसी दिन नामांकन पत्रों की छंटनी होगी। उम्मीदवारों को नाम वापसी का समय देने के बाद उसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह वितरित किए जाएंगे। मतदान 25 मई को होगा।

# हिमपात से सभी दर्रों की बहाली प्रभावित

## रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में हिमपात, लाहौल व मनाली घाटी में बारिश से ठंड बढ़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति में ताजा हिमपात हुआ है। रोहतांग, बारालाचा व कुंजम दर्रे सहित लाहौल घाटी की ऊंची चोटियों में हिमपात होने से दर्रे व चोटियां सफेद हो गई हैं।

वहीं, स्पीति के लोसर गांव में शुक्रवार रात से लगातार बर्फ के फाहे गिरने का क्रम जारी है। स्पीति के लोसर सहित लाहौल के कोकसर, छीका, रारीक, योचे, दारचा व जिस्पा में बर्फ के फाहे गिरे हैं। इन ग्रामीण क्षेत्रों में तीन इंच हिमपात हुआ है। दर्रों में भी आधा फुट से अधिक बर्फ गिर चुकी है। ताजा बर्फबारी के बाद ग्रांफू-लोसर सड़क मार्ग सहित मनाली लेह मार्ग बहाली में बीआरओ को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हिमपात के कारण घाटी का पारा शून्य से पांच डिग्री नीचे लुढ़क गया है। बीआरओ कमांडर कर्नल गौरव ने बताया कि दर्रों में हिमपात हुआ है। हिमपात होने से दर्रों की बहाली प्रभावित हुई है।

वहीं, कुल्लू जिले में आधी रात के बाद तेज बारिश हुई। बीते 24 घंटों के दौरान कुकुमसेरी में 15.8, भुंतर 14.0, सेऊबाग 13.0, केलांग 8.0, ब्राह्मणी 7.2, ओलिंडा 7.0, मनाली और कल्पा 6.0, मुरारी देवी 5.8, जोत 4.8, सुंदरनगर 4.0, बजौरा 3.5, बरठीं 3.2, ऊना और रामपुर में 2.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।



### ग्रांफू-लोसर सड़क बहाली में बीआरओ की बढ़ी दिक्कतें

वहीं, स्पीति के लोसर गांव में बीती रात से लगातार बर्फबारी जारी है। अभी तक करीब 10 सेंटीमीटर बर्फ गिरी है। ताजा बर्फबारी के बाद ग्रांफू-लोसर सड़क मार्ग बहाली में बीआरओ को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# बीपीएल परिवारों के चयन के लिए संशोधित तिथि जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने नए नियम के अनुसार बीपीएल परिवारों के चयन के लिए संशोधित तिथि जारी की गई है। उपायुक्त ने इस संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 30 अप्रैल तक बीपीएल सूची में शामिल होने वाले की इच्छा रखने वाले सभी परिवार अपने आवेदन घोषणा पत्र के साथ संबंधित ग्रामसभा में प्रस्तुत कर सकेंगे। 15 अप्रैल तक उपमंडल अधिकारी नागरिक द्वारा त्रिसदस्य सत्यापन समिति का गठन किया जाएगा जिसमें पंचायत सचिव पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सत्यापन समिति द्वारा तैयार की गई सूचना को वर्ष 2025 में जून 15 जून तक सार्वजनिक जांच के लिए ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा ताकि जुलाई माह में ग्राम सभा में मामले पर पारदर्शी रूप से चर्चा की जा सके। संपूर्ण प्रक्रिया 15 अक्तूबर तक पूरी कर ली जाएगी।

# 14 स्कूलों में कल से नाट्य प्रस्तुतियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

रंगमंच के क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय संस्था एक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन कुल्लू रंगमंच की गतिविधियों को ग्रास रूट लेवल तक पहुंचाने के लिए और 'रंगमंच गांव-गांव, आंगन-आंगन' की अवधारणा को विकसित करने के उद्देश्य से 21 अप्रैल से 7 मई तक कुल्लू व आसपास के 14 स्कूलों में नाट्य प्रस्तुतियों को शुरू करने जा रही है। इस कड़ी में केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी दिल्ली से बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार एवं हिमाचल सरकार द्वारा हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर द्वारा अपनी एकल अभिनय की नाट्य प्रस्तुति 'कहानियों की कहानी' के 14 मंचन एक श्रृंखला में किए जाएंगे।

नाट्य मंचन की इस श्रृंखला का आगाज 21 अप्रैल को 'ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला से होगा और समापन 7 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरिपुर में होगा। इस बीच 22 अप्रैल को राजकीय माध्यमिक पाठशाला शमशी, 23 अप्रैल को कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल, 24 अप्रैल को नवज्योति स्कूल कुल्लू, 25 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर, 26 अप्रैल को भारत भारती स्कूल कुल्लू, 28 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर, 30 अप्रैल को साई स्टार स्कूल कुल्लू, 1 मई को के डी स्टार स्कूल बाशिंग, 2 मई को व्यास पब्लिक स्कूल कुल्लू, 3 मई को ब्रह्माऋषि स्कूल रघुनाथपुर, 5 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर तथा 6 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौहल में मंचन किया जाएगा।



**रंगमंच गांव-गांव, आंगन आंगन की अवधारणा को विकसित करने के उद्देश्य से करेगा आयोजन**

संस्था के अध्यक्ष एवं मंचन के अभिनेता व निर्देशक केहर सिंह ठाकुर का कहना है कि इस नाटक के माध्यम से स्कूली छात्रों को एकल अभिनय के माध्यम से एक कथा के प्रस्तुतिकरण का तरीका समझाया जाएगा ताकि वे भी अपने अपने पाठ्यक्रम की कहानियों को एकल अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत कर सकें ताकि यह चलन उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में अभूतपूर्व भूमिका निभा सके।

केहर ने कहा कि इन 14 मंचनों के बाद उनकी संस्था एक्टिव मोनाल स्कूली छात्रों की एकल अभिनय के माध्यम से कहानियों की प्रस्तुतियों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित करेगी जो बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी और इस कार्यक्रम को हर वर्ष आयोजित करने की योजना है।

# वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान रिवाड़ी के छात्रों का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान, निरमंड



आनी के दलाश रिवाड़ी स्थित राधे राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान के प्रथम वर्ष के छात्रों का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी छात्रों ने यह वार्षिक परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इस सफलता में गौरव चौहान ने प्रथम स्थान, आकाश ने द्वितीय स्थान और दुशाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इस बेहतर परिणाम को लेकर संस्थान में खुशी की लहर है और यह सब छात्रों की मेहनत और अध्यापकों की मेहनत व लगन का फल है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद शर्मा तथा संस्थान के समन्वयक डॉ. नीशू चौहान ने सभी छात्रों को ढेर सारी बधाई दी और आगे भी ऐसे ही उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्थान के संस्थापक डॉ. मुकेश कुमार ने अध्यापक एवं गैर-अध्यापक वर्ग को भी बधाइयां दीं। संस्थापक डॉक्टर मुकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले वार्षिक पारितोषिक समारोह में अव्वल आने वाले छात्रों को राशि पुरस्कार एवं अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

अंत में, संस्थान के समन्वयक डॉ. नीशू चौहान ने सभी राधे राधे परिवार के कर्मचारी वर्ग एवं प्रशिक्षु छात्रों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर ढेर सारी बधाइयां दीं और उन्हें अपने भविष्य को सुनहरा बनाने हेतु प्रेरित किया। यह संस्थान के लिए एक शानदार उपलब्धि है और सभी संबंधित व्यक्तियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# सरकार जनता के पैसों का कर रही दुरुपयोग : गोविंद

अनंत ज्ञान, मनाली



**बोले-कांग्रेस पार्टी ने देश हित की बजाए सिर्फ परिवार हित को दी प्राथमिकता**

पूर्व मंत्री एवं भाजपा के उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार जनता के पैसों का दुरुपयोग कर रही है। इसका शर्मनाक उदाहरण 'नेशनल हेराल्ड' अखबार को दिए गए करोड़ों रुपए के विज्ञापन हैं। यह न केवल वित्तीय अनियमितता का गंभीर मामला है, बल्कि यह सरकार की मानसिकता को भी उजागर करता है। गोविंद सिंह ठाकुर शनिवार को मनाली में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश विधानसभा में भाजपा विधायक जनकराज द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में स्वयं कांग्रेस सरकार ने स्वीकार किया है कि वर्ष 2023-24 के दौरान बंद पड़े अखबार 'नेशनल हेराल्ड' को 2.34 करोड़ रुपए के विज्ञापन दिए गए। यह तथ्य चौंकाने वाला इसलिए भी है क्योंकि यह अखबार वर्ष 2008 से प्रकाशित ही नहीं हो रहा है। ऐसे में यह स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि जब कोई समाचार पत्र छप ही नहीं रहा, न उसका कोई वितरण है और न ही हिमाचल प्रदेश में उसकी कोई उपस्थिति है, तो उसे करोड़ों के विज्ञापन किस आधार पर जारी किए गए? इस मामले में मुख्यमंत्री का बयान न केवल अलोकतांत्रिक है, बल्कि यह यह भी सिद्ध करता है कि कांग्रेस सरकार जनता के पैसे को कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार की छवि सुधारने में खर्च कर रही है।

जब प्रदेश सरकार पेंशन और वेतन जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संसाधन नहीं जुटा पा रही, तब एक निष्क्रिय अखबार पर करोड़ों खर्च करना जनता के हक पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड घोटाला स्वतंत्र भारत के सबसे गंभीर भ्रष्टाचार मामलों में से एक है। इसने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी केवल सत्ता को साधन मानकर चलती रही और उसने देश हित की बजाए सिर्फ परिवार हित को प्राथमिकता दी।

एक विधायक उपमुख्यमंत्री से मिलने हेलीकॉप्टर में जाते हैं। शक है कि इसका बिल भी होली की पार्टी की तरह सरकार को भरपाई के लिए सरकार को न भेजा जाए। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज लारजे, होटलियर एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर, दीनानाथ, सुजींद्र ठाकुर भी मौजूद रहे।

# फागू पुल पर भारी वाहनों का आवागमन निषेध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने शनिवार को एक आदेश जारी कर कहा कि एन एच 305 पर फागू पुल का निरीक्षण अधीक्षण अभियंता शिमला की टीम द्वारा किया गया है तथा पुल पर यातायात को नियंत्रित रूप से चलाने की सिफारिश की गई थी। उपायुक्त ने आदेश जारी कर कहा कि फागू पुल पर सभी भारी वाहनों के लिए आवागमन निषेध रहेगा तथा एक समय में केवल एक वाहन को पार करने की ही अनुमति दी जाएगी।

आदेश में कहा गया है कि अधिशाषी अभियंता, (राष्ट्रीय राजमार्ग अनुभाग) लोक निर्माण विभाग रामपुर, पुल के दोनों तरफ आवश्यक संकेतक लगाना सुनिश्चित करेंगे ताकि यातायात का प्रबंधन तथा आदेश का पालन समुचित रूप से सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक कुल्लू, आवश्यक संख्या में पुलिस बल तैनात करना सुनिश्चित करें ताकि यातायात का प्रबंधन तथा आदेश का पालन समुचित रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

**रोष** विश्व हिंदू परिषद ने बंजार के एसडीएम पंकज शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

# बंगाल में हिंसा रोकने के लिए लगे राष्ट्रपति शासन

अनंत ज्ञान, बंजार



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विश्व हिंदू परिषद के सदस्य।

**बंगाल का अस्तित्व व राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में : राजेंद्र**

विश्व हिंदू परिषद की ओर से शनिवार को बंजार के एसडीएम पंकज शर्मा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को मांगों संबंधी ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन के माध्यम से बंगाल में हो रहे हिंदू समाज के ऊपर मुसलमानों द्वारा टीएमसी की सरकार की रजामंदी से अत्याचार पर रोक लगाने व बंगाल में तुरंत प्रभाव से राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग रखी गई है।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री राजेंद्र, जिला अध्यक्ष खुबे राम, जिला संघ चालक राजकुमार, जिला मंत्री डोला राम शर्मा, जिला कार्यवाह रणजीत, जिला सह कार्यवाह संजीव, जिला सह मंत्री यशपाल, जिला सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी कुमारी कविता, प्रखंड मातृशक्ति संयोजिका लता ठाकुर, सिमा खन्ना जिला व्यवस्था प्रमुख, विहिप जिला सेवा प्रमुख अजय, जिला प्रचार प्रमुख तुलसीदास, परखंड मंत्री वेद राम आदि अनन्य संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री राजेंद्र ने बताया कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षड्यंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद से शुरू हुई यह भीषण हिंसा जब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर उनका सहायक या प्रेरक बन गया है।

इससे पहले की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके इस तरह की हरकतों के लिए कठोरता से सजा दिलवानी चाहिए। हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था, जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी।

इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फ तो केवल बहाना था, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था। परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। उन्होंने कहा कि ममता सरकार अब शरणार्थियों को सुविधा देने की जगह उनको वापस जेहादियों के सामने जबरन परोसने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार भारत के संघीय ढांचे को बंगाल में ध्वस्त कर अपनी सरकार और वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए, किसी भी सीमा तक जा सकती है। बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में आ चुकी है। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को निर्बाध रूप से आने दिया जा रहा है। बंगाल का अस्तित्व खतरे में पड़ चुका है। कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है। तृणमूल के असामाजिक तत्व व जिहादी गुंडों के नियंत्रण व निर्देश पर ही प्रशासन काम करने के लिए विवश है। आज यह हिंसा मुर्शिदाबाद से निकलकर संपूर्ण बंगाल में फैलती जा रही है, इसलिए देश की जनता मांग करती है कि बंगाल में शीघ्र राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

बंगाल की हिंसा की जांच एनआईए के द्वारा करवाई जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए। बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगाल व बांग्लादेश की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था।

# नपं भुंतर वार्ड नंबर छह के दुकानदार क्षतिग्रस्त रास्ता खुद बनाने को मजबूर

अनंत ज्ञान, भुंतर

**दो साल से झेल रहे परेशानी, समस्या पर नहीं दे रहा कोई ध्यान**

नगर पंचायत भुंतर वार्ड नंबर 6 के दुकानदार 2023 में आई प्राकृतिक आपदा से टूटे रास्ते को स्वयं बनाने को मजबूर हैं। वार्ड नं. 6 की जनता का कहना है कि प्राकृतिक आपदा से पुराने पुल वाला रास्ता टूट गया था, जिसे संबंधित विभाग अभी तक नहीं बना पाया है। इस कारण दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो वर्ष से दुकानदार मंदी की मार झेल रहे हैं और जेब से दुकानों का किराया भर रहे हैं।

इस रास्ते को टूटे हुए लगभग दो साल होने जा रहे हैं, लेकिन कोई दुकानदारों का दर्द नहीं समझ पाया। अब मजबूर होकर दुकानदार स्वयं रास्ता बनाएंगे। इसको लेकर लोग कुल्लू के एसडीएम विकास शुक्ला से मिले और रास्ते को बनाने की परमिशन मांगी। एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने भी इस पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय दुकानदार शेर सिंह, संजय, नैना, सोनिया आदि का कहना है कि इस मार्केट के सभी दुकानदारों को व्यापार में काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। यहां नहीं लोगों को आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस वार्ड में लगभग 20 से अधिक दुकानदार हैं, जो दुकानों से ही अपनी आजीविका कमाते हैं।

रास्ता बंद होने के कारण दुकानदारों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आजीविका को बचाने के लिए अब स्वयं ही जेब से पैसा लगाकर भुंतर के दुकानदार रास्ता बनाने को मजबूर हैं। वहीं, नगर पंचायत भुंतर की प्रधान रविंद्र छोपा ने कहा है कि गत मार्च को डीसी कुल्लू को खोखन नाले से भुंतर के पुराने पुल का नुकसान पहुंचने व 6 नंबर वार्ड के रास्ते के बारे में बताया है। वहीं, कुल्लू के एसडीएम विकास शुक्ला ने कहा शीघ्र ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा के लिए अपना कुनबा बचाना बना चुनौती : सोलंकी

अनंत ज्ञान, नाहन। विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि भाजपा में गुटबाजी इस कदर हावी हो चुकी है कि अब अपने ही कुनबे को बचाना पार्टी नेतृत्व के लिए चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि 'जिनके घर शीशे के होते हैं, वे दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते', लेकिन भाजपा नेताओं की बयानबाजी यह दिखाती है कि वे अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए कांग्रेस और सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। सोलंकी ने कहा कि भाजपा में नेता प्रतिपक्ष से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री तक, सभी विकास कार्यों में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं। जिन नेताओं ने प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेला, आज वही लोग नैतिकता की बातें कर रहे हैं। सोलंकी ने शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद को 'सांसद' की उपाधि देते हुए कहा कि वे जनता के जरूरी मुद्दों को संसद में नहीं उठाते, बल्कि छोटे-मोटे विषयों को शामिल कर अपना समय काटते हैं।

### घर में भतीजी की शादी, चाचा की पीजीआई में मौत

अनंत ज्ञान, सोलन। सिरमौर जिले के नोहराधार क्षेत्र के गांव कुफ्फर कायरा में शुक्रवार को हुए एक विवाह समारोह में उस वक्त शोक फैल गया, जब कन्या के चाचा, पूर्व में हुई मारपीट के मामले में घायल की पीजीआई चंडीगढ़ में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्राप्त सूचना के अनुसारकुछ अरसा पहले क्षेत्र के दो व्यक्तियों प्रेम पाल व बलवंत सिंह के बीच मारपीट का मामला पेश आया था। बाद में परिजनों ने घायल बलवंत सिंह को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ में दाखिल कराया था, जहां बीते दिन इलाज के दौरान बलवंत सिंह की मौत हो गई। संगड़ाह के डीएसपी मुकेश डडवाल ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी प्रेम पाल को हिरासत में लेकर जांच शुरू की गई है।

### सुक्खू सरकार कर्मचारी और पेंशनर्स विरोधी : शर्मा

अनंत ज्ञान, राजगढ़। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों पर बार-बार कुठाराघात करके अपने आप को कर्मचारी विरोधी साबित कर दिया है। यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता एवं सिरमौर पेंशनर कल्याण संघ के मुख्य सलाहकार मेला राम शर्मा ने बताया कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों की कॉम्युटेशन योजना को समाप्त करके अपनी सारी जिंदगी सरकारी सेवा को समर्पित करने वाले कर्मचारियों पर गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी ताउम्र निष्ठा भाव से सेवा करके इस उम्मीद से सेवानिवृत होते हैं कि उन्हें सेवानिवृति के पश्चात कॉम्युटेशन के तौर पर कुछ धनराशि एकमुश्त प्राप्त होगी, उनकी उम्मीदों पर इस सरकार ने पूरी तरह पानी फेर दिया है। उन्होंने सुक्खू सरकार को आगाह किया कि यदि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों की कॉम्युटेशन योजना को खत्म करने का फैसला वापस नहीं लिया तो इस सरकार को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### मांगू में बढ़ते प्रदूषण को लेकर अधिकारियों से मुलाकात

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। अंबुजा कंपनी की माइनिंग गतिविधियों के कारण बढ़ रहे प्रदूषण और अन्य समस्याओं को लेकर मांगू गांव के माइनिंग एरिया डेंजर और सेफ्टी जोन में मांगू के ग्रामीणों ने प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी राजेश शर्मा, अंबुजा कंपनी के अधिकारी हेमराज शर्मा, माइनिंग विभाग के अधिकारी मुकेश और लैंड विभाग के अधिकारी तुलसी राम शर्मा मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी शिकायतों को रखा जिनमें प्रदूषण, ब्लास्टिंग से पानी के प्राकृतिक स्रोतों का सूखना, घरों में दरारें आना और फसलों को नुकसान पहुंचना शामिल है। ग्रामीणों ने कंपनी पर आरोप लगाया कि जब कभी भी तेज बारिश होती है तो कंपनी द्वारा की गई खनन से मलबा उनके खेतों में आ जाता है, जिससे उनकी सारी फसलें खराब हो जाती हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सीएमओ मुकेश सक्सेना के पास भी गांव के बहुत से बच्चे रोजगार के लिए जाते हैं, लेकिन वह आश्वासन ही देते हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि पानी उनकी मांगों को मानकर प्रदूषण को नियंत्रित करने और रोजगार प्रदान करने के लिए कदम उठाएगी। उधर,प्रदूषण बोर्ड परवाणू के अधिकारी राजेश शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे दौबारा प्रदूषण चेक करने आएंगे और साथ में पानी के प्राकृतिक स्रोत जो की सूख चुके हैं और बचे हैं उनका निरिक्षण करेंगे और पानी की शुद्धता को भी चेक करेंगे। इस दौरान राकेश, भक्त राम, राजीव,नीरज, ऋतिक और ग्रामीण मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिक लीग धर्मपुर ने मनाया स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान, सोलन। भारतीय पूर्व सैनिक लीग धर्मपुर इकाई ने हर्षोल्लास के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने लीग की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने लीग के लिए जमीन उपलब्ध होने के पश्चात बहुउद्देशीय भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। सुल्तानपुरी ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है। हिमाचल लीग साउथ जोन के उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर सच्चिदानंद शर्मा ने कहा कि संगठन पूर्व सैनिकों की सहायता का मंच है। यह सहायता केवल नाम मात्र की न होकर, एक ठोस संरचना के रूप में होनी चाहिए, जहां पूर्व सैनिकों को सुरक्षा, सम्मान और सहयोग मिल सके। हमें एक-दूसरे का सहारा बनना होगा, ताकि कोई भी पूर्व सैनिक स्वयं को अकेला न महसूस करें। सभी को संगठित रहना चाहिए, तभी हम अपने हित सुरक्षित रख पाएंगे। इससे पहले लीग के चेयरमैन सूबेदार मेजर यशपाल ने भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसडीएम कसौली एन्पमी सिंह, भूतपूर्व सैनिक लीग के साउथ जोन के उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर सच्चिदानंद शर्मा, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष रोशन लाल ठाकुर, एयर कोमोडोर विनोद खन्ना, नीलम खन्ना, कर्नल मोहन, इंद्र सिंह चौहान, अनिता चौहान, ओआईसीसीसीएसएस सोलन कर्नल राज पाल, रत्ती राम, नरेश कौंडल, देव प्रकाश, डीला राम, दीपक तमांग, एनआर वर्दी, यशपाल सहित लीग के सदस्य उपस्थित थे।

### प्रवक्ता एसोसिएशन की प्रधान बनी सीमा शर्मा



अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट में प्रवक्ता एसोसिएशन की दाड़ला यूनिट के चुनाव हंसराज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें सीमा शर्मा को सर्वसम्मति से प्रधान, हेमराज शर्मा को सचिव और कमला को कोषाध्यक्ष चुना गया। यह नई कार्यकारिणी अपने तीन वर्षों तक स्कूल के प्रवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगी।

# जगमग होंगे सोलन शहर के वार्ड

## शहर के 17 वार्डों में 68 लाख रुपए से लगेंगी एलईडी लाइटें, लोगों को अब नहीं सताएगा डर

आर मोहन चौहान, सोलन



नगर निगम बिजली की बचत के लिए शहर भर में चरणबद्ध तरीके से एलईडी लाइटें लगाएगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष के बजट में 68 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत वार्ड पार्षदों से लाइटों की डिमांड मांगी गई है, साथ ही लाइट लगाने की जगह आईडेंटिफाई करने को भी कहा गया है।

निगम के आग्रह के बाद अब सभी पार्षद भी अपने वार्डों में ऐसी जगह को आईडेंटिफाई करने में जुटे हुए हैं। जहां लाइट की अधिक आवश्यकता है। ऐसे में जब सभी जगह यह एलइडी लाइट लग जाएगी तो लोगों को इसका खासा फायदा मिलेगा। शहर के वार्डों में फिलहाल लाइटों को लेकर व्यवस्था कुछ खास नहीं है। इससे रात के समय स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वार्ड क्षेत्रों में तो कई छोटे-छोटे रास्ते में जिसमें रात के अंधेरे से चलना मुश्किल होता है।



❝ शहर में पुरानी और खराब हो चुकी स्ट्रीट लाइटों की जगहों पर एलईडी लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए 68 लाख रुपए खर्च होंगे। सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में जगह आईडेंटिफाई करने के लिए कहा गया है। जैसे ही पार्षद सूची देंगे, उसके बाद सभी वार्डों में लाइट लगाने का काम शुरू हो जाएगा।

ऊषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन

की घटनाओं का भी खतरा रहता है।

ऐसे में अब निगम शहर के सभी वार्डों में एलईडी लाइट लगाने की योजना बनाई। इस योजना के सिर चढ़ने के बाद लोगों में रात के समय कम असहज लगेगा। वार्डों के अलावा शहर की मुख्य सड़कों में भी रात के समय स्थिति खराब हो जाती है। हालांकि यहां लाइटों की व्यवस्था है, लेकिन इसमें कुछ जलती नहीं और कुछ इतनी धीमी जलती हैं कि उससे विजिबिलिटी नहीं होती। (अनंत ज्ञान)

### चोरी और आवारा कुत्तों का डर नहीं रहेगा

रात के समय शहर में लाइट लगने से सबसे ज्यादा फायदा यह होगा कि जब बुजुर्ग और छोटे बच्चे रात को टहलने के लिए अपने घरों के आसपास घूमते हैं तो उन्हें आवारा कुत्तों से बचने में आसानी होगी। दरअसल शहर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बड़ी संख्या में कुत्तों के होने के चलते यह कई बार लोगों को भी काट देते हैं, ऐसे में जब हर जगह पर लाइट की व्यवस्था होगी तो इन्हें आसानी से देखा जाएगा और वहां से भगाया जा सकता है।

**मर्ज एरिया में ज्यादा डिमांड :** नगर निगम में मर्ज किए गए क्षेत्रों जैसे रबोन, कैलाश नगर, आंजी, कथेड़, बसाल, नड़ोह, सेरी रोड और शामति में स्ट्रीट लाइट्स की सुविधा नहीं होने से लोगों को अंधेरे में दो-चार होना पड़ता है। साथ ही चोरी इत्यादि

# नाहन में अतिक्रमण हुआ बेकाबू लोगों का चलना हुआ मुश्किल



अनंत ज्ञान, नाहन

नाहन शहर के बाजारों में पिछले लंबे अरसे से दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से आदेशों को ताक पर रखकर दुकानों के आगे अतिक्रमण किया जा रहा है। सिस्टम की लगातार अनदेखी के यह अतिक्रमण बेकाबू हो चुका है। कभी त्योहारों के नाम पर ढील बरती जा रही थी, कभी चुनाव के नाम पर अफसरशाही खामोश हो गई। ऐसे में सत्ता सुख भोगने नेताओं के आदेश अफसरों को मौखिक ही आते हैं। सिस्टम अगर शिकंजा कसेगा तो जनता खफा होगी।

चुनावी गणित बिगड़ेगा, ऐसा जो चल रहा है, चलने दो। आलम तो अब यह हो गया है वोट बैंक बचाने व बढ़ाने की कवायदों के चलते गरीबों के नाम पर तहबाजारियों की मौज लगी है। किसी भी जगह बाजारों में दुकानों के आगे इनको बिठाया गया है।

**अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में कुछ ऊंची पहुंच वाले भी :** बड़ा चौक, छोटा चौक, गुनुघाट, कच्चा टैंक, हिंदू आश्रम रोड, नया बाजार समेत अन्य क्षेत्रों के दुकानदारों ने अतिक्रमण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में कुछ ऊंची पहुंच वाले भी शामिल हैं, जो सरकारी सिस्टम की नहीं सुनते। जब-जब जिला प्रशासन व पुलिस एक्शन लेती है, बहुत से सियासी दबाव से बच जाते हैं। अतिक्रमण का यह आलम है कि प्रमुख बाजार में कई स्थानों पर चलना मुश्किल हुआ है।

कुछ दुकानदार बाजार में दुकान के आगे सरकारी जमीन पर कई कई फुट अतिक्रमण करके रोजाना सामान बेचने के लिए लगा रहे हैं। उधर, बाजार में हमेशा दोपहिया वाहन चालकों का अवैध रूप से आना-जाना लगा रहता है, जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं, साथ ही अदालत के आदेशों की अवहेलना वाहन धारक कर रहे है। सिरमौर के डीसी सुमित खिमटा ने इस मामले कहा कि प्रमुख बाजार में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ नप को कारवाई करनी चाहिए। नगर परिषद से जवाब-तलब किया जाएगा।

## डुमेहर में जोगिंद्रा बैंक की नई शाखा के शुभारंभ पर बोले विधायक अवस्थी

# बैंक की शाखा खोलकर लोगों की मांग की पूरी

अनंत ज्ञान, सोलन



अर्की निर्वाचन क्षेत्र के डुमेहर में विधायक एवं पूर्व सीपीएस संजय अवस्थी ने जोगिंद्रा बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया। बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने कहा कि डुमेहर में काफी समय से बैंक की शाखा को खोलने के लिए स्थानीय लोगों ने मांग की थी, जिसे कांग्रेस की सरकार के समय खोला गया। इस मौके पर विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गतिशील नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार का यह बैंक सोलन जिले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के दिशा में बेहतरीन कार्य कर रहा है।

यह शाखा व्यवसायियों, उद्यमियों, और स्थानीय निवासियों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित की गई है। शाखा में डिजिटल बैंकिंग, ऋण सुविधाएं, बचत खाते और यूपीआई आधारित सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया की बैंक ने कई महतवपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है जिसमे बैंक ने 8 करोड़ के निवेश से बासल चंबाघाट, सोलन में एक आधुनिक परिसर का निर्माण सफलतापूर्वक किया है।

बैंक ने क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज की सदस्यता प्राप्त की है, जिससे अब छोटे उद्यमियों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया जा सकेगा। बैंक ने अपने ग्राहकों को बीमा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस प्राप्त किया है। बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक से इंटरनेट बैंकिंग की अनुमति हेतु आवेदन किया है और इस वर्ष के भीतर सेवा प्रारंभ करने की योजना है। 24×7 डिजिटल लेन-देन की सुविधा के लिए बैंक ने अपना आईएफएसीएस कोड प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अमर चंद पाल अर्की ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कश्यप, बैंक के प्रबंध निदेशक पदमा नेगी, निदेशक जितेंद्र ठाकुर, किरण कौंडल, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार ठाकुर, पार्षद विजय ठाकुर, सक्षम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 7 करोड़ के हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में बिजली का कनेक्शन नहीं

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

▶ पानी का छिड़काव न होने से खिलाड़ी हो रहे परेशान

भारत की नेशनल गेम हॉकी है और इस खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, पांवटा उपमंडल के माजरा में लगभग सात करोड़ की लागत से हॉकी एस्ट्रोर्फ मैदान में अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं है। खेल मैदान लोकार्पण के बावजूद अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं है। इसके चलते खिलाड़ी बिना बिजली कनेक्शन न होने के कारण बिना पानी के मैदान पर खेलने को मजबूर हैं।

इस मैदान में पिछले दो दिन से चल रही मां यमुना हॉकी क्लब द्वारा सातवीं गुरु गोविंद सिंह हॉकी गोल्ड कप प्रतियोगिता में आयोजकों द्वारा खिलाड़ियों के लिए जेनरेटर सेट की मदद से पानी का छिड़काव किया जा रहा है जबकि इस मैदान को बने साल हो गया है, जिसका लोकार्पण 2024 मार्च में उस समय केंद्रीय खेल एवं और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री रहे अनुराग ठाकुर ने वर्चुअल माध्यम से किया था, लेकिन अभी तक कई सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं।

माजरा के हॉकी प्रेमियों का कहना है कि यहां पर खेल मैदान बनने से खिलाड़ियों की प्रतिभा उभर कर आएगी तथा वह राज्य, नेशनल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छे खेल का प्रदर्शन कर सकेंगे। इस दौरान खिलाड़ियों ने कहा कि जल्द ही इस मैदान में बिजली का कनेक्शन लगाया जाए, ताकि मैदान में पानी डालने के लिए उनको जनेटर सेट न मंगवाना पड़े। बता दें कि इस माजरा में कन्या हाकी छात्रावास भी है तथा यहां की कन्या खिलाड़ी नेशनल व इंटरनेशनल प्लेयर रह चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की यहां पर मूल सुविधाओं की व्यवस्था की जाए।

# जालो खड्ड पर पुल का कार्य ठप

अनंत ज्ञान, सराहां। उपमंडल पच्छाद के अंतर्गत आने वाली डूंगाघाट बागथन सड़क पर जालो की खड्ड पर बनने वाला पुल का निर्माण कार्य दो महीनों से ठप पड़ा हुआ है। इस कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। निर्माण कार्य ठप पड़ जाने के कारण क्षेत्र के लोगों में व्यापक रोष पनपा हुआ है। इस पुल का निर्माण कार्य 6 महीने पहले से चला था।

गौरतलब हो कि बरसात में डूंगाघाट बाग थन सड़क के बीचोंबीच कमाहां व चलोग गांव के बीच जालो की खड्ड पर सड़क पर भारी पानी आ जाता है जिस कारण कई बार यातायात घंटों तक बंद रहता था। इसके बाद विभाग ने यहां पुल निर्माण करने की योजना बनाई परंतु अब कार्य ठप हो गया है। लोगों ने बताया कि गाड़ियों को निकालने के लिए आपात सड़क बनाई गई है, वह बार-बार असमतल हो जाती है जिस कारण वाहन टूट रहे हैं। उन्होंने विभाग से मांग की है कि शीघ्र इस कार्य को पूरा करें व पुल पर यातायात सुचारु रूप से चलाया जाए।

# मेले के सफल आयोजन के लिए एसडीएम ने किया आभार व्यक्त

अनंत ज्ञान, राजगढ़

एसडीएम राजगढ़ एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय बैसाखी मेला राजकुमार ठाकुर ने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी के सभी सदस्यों, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों, अनेक दानी सज्जनों सहित क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। एसडीएम ने बताया कि मेले में शांति व व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस व स्थानीय लोगों ने बहुत सहयोग रहा है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।



उन्होंने बताया कि यह प्रसन्नता का विषय है कि लोगों की मांग पर प्रदेश सरकार ने इस वर्ष मेले का दर्जा बढ़ाकर राज्य स्तरीय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश व विशेषकर स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया गया है। कलाकारों का चयन सांस्कृतिक उप समिति के सौजन्य किया गया है जिनके द्वारा बाहर से आमंत्रित कलाकारों के अतिरिक्त स्थानीय स्तर के कलाकारों का बेहतरीन ढंग से चयन किया गया था। इसके लिए सांस्कृतिक उपसमिति के अध्यक्ष तहसीलदार उमेश शर्मा सहित सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

मेले में सफाई व्यवस्था, पंडाल में अतिथियों के लिए बैठने की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए नप राजगढ़ और मेले की ग्रांउड व्यवस्था समिति का आभार व्यक्त किया है। मेले में यातायात व्यवस्था, पानी, बिजली की उचित व्यवस्था करने के लिएउन्होंनेसंबंधित विभागों की सराहना की है। सबसे अहम बात यह है कि मेले में आय व्यय का पूरा पारदर्शिता के साथ रिकार्ड रखा गया है। मेले की देनदारियां चुकाने के उपरांत मेले के आय व्यय का पूर्ण ब्यौरा मेला समिति के सदस्यों के समक्ष रखा जाएगा।

# सास की हत्या करने वाली बहू गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नाहन। उपमंडल पांवटा साहिब के माजरा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक बहू ने अपनी सास के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे सास की मौत हो गई। माजरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांव बंगाला बस्ती कटा पत्थर सुरजपुर निवासी मनीषा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मनीषा ने बताया कि बौकड़ी देवी, जो उनकी झोपड़ी के सामने रहती है, उनकी सास बानो देवी के पास आई थी। शिकायत के अनुसार, किसी बात को लेकर बानो देवी और बोकड़ी देवी के बीच बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही हिंसक मारपीट में बदल गई।

इस मारपीट के चलते बानो देवी बेहोश हो गई और जब मनीषा ने उन्हें देखा तो उनकी सांसें नहीं चल रही थीं। मनीषा ने अपनी जेठानी बोकड़ी पर अपनी सास के साथ मारपीट कर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक (सिरमौर) निश्चित सिंह नेगी ने बोकड़ी देवी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# पूर्व इंस्पेक्टर की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट



दाड़लाघाट पंचायत से अलग बनी रौड़ी पंचायत के गांव खाता के पूर्व इंस्पेक्टर तेजराम ठाकुर का शनिवार को निधन हो गया। पुलिस विभाग द्वारा उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पूर्व इंस्पेक्टर तेजराम ठाकुर के निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके परिवार और अन्य लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के दौरान पंचायत रौड़ी, दाड़ला, बरायली सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व इंस्पेक्टर तेजराम ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को याद किया गया। 75 वर्षीय पूर्व इंस्पेक्टर तेजराम ठाकुर एसएचओ के पद से बिलासपुर से सेवानिवृत्त हुए थे। राजकीय सम्मान के दौरान थाना प्रभारी दाड़ला मोती सिंह व उनकी टीम मौजूद रही। विधायक अर्की

▶ गणमान्यों ने कहा-तेजराम ठाकुर की कमी हमेशा खलती रहेगी

संजय अवस्थी, पंचायत दाड़लाघाट के पूर्व उपप्रधान राजेश गुप्ता, पंचायत समिति अध्यक्ष कुनिहार सोमा कौंडल, पंचायत प्रधान रौड़ी रीना शर्मा, प्रधान दाड़ला बंसी राम भाटिया, प्रधान बरायली रीता शर्मा, उपप्रधान रौड़ी जीत राम बिट्टू, उपप्रधान दाड़ला हेमराज ठाकुर, उपप्रधान बरायली कृष्ण चंद भट्टी, पूर्व प्रधान दाड़ला राम कृष्ण शर्मा, पूर्व प्रधान सुरेंद्र शुक्ला, पूर्व उपप्रधान लेखराज चंदेल, पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष जगदीश ठाकुर, व्यापार मंडल दाड़ला के प्रधान वेदप्रकाश शुक्ला, उपप्रधान हेमराज गौतम, प्रेम केशव, बाबू राम शर्मा, नरेश शर्मा, प्रेम ठाकुर, मनोज गौतम, कमलेश गौतम, मोहन ठाकुर, लाला शंकर दास अरोड़ा, राकेश गौतम, हेमराज गौतम, श्याम चौधरी, कमल ठाकुर,प्यारे लाल ठाकुर, हीरा लाल फौजी ने पूर्व इंस्पेक्टर तेजराम ठाकुर के निधन पर शोक जताया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र को एक सच्चे सेवक की कमी महसूस होगी। उनके परिवार के प्रति सभी ने अपनी संवेदना व्यक्त की है।

# लॉरेंस स्कूल सनावर में शमरोड़ स्कूल की छात्रा एकांशी का चयन

अनंत ज्ञान, सोलन

प्राथमिक पाठशाला शमरोड़ सोलन की छात्रा एकांशी का चयन देश के प्रतिष्ठित स्कूल द लॉरेंस सनावर में ऑमेड छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राजकीय केंद्र में हुआ है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत हर वर्ष दो छात्राओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाती है। इस वर्ष भी देश के बड़े-बड़े प्रतिष्ठित विद्यालयों के 200 से अधिक छात्रों ने इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था।

इस विद्यालय में एक सीट हासिल कर सरकारी स्कूल शमरोड़ की छात्रा ने इतिहास रचा है। स्कूल में दाखिला लेने वाली यह एकमात्र सरकारी स्कूल की छात्रा है। यह छात्रा अब पांचवीं से 12वीं तक इसी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करेगी। इससे पाठशाला परिवार व इलाके में खुशी की लहर है। छात्रा के पिता संजय कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए बेटी की इस सफलता का श्रेय पाठशाला के अध्यापक शशिपॉल शर्मा को दिया और बताया कि उन्हें इस छात्रवृत्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

अध्यापक शशि पॉल ने अपने स्तर पर ही छात्रा के लिए आवेदन किया व छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से टेस्ट व साक्षात्कार की तैयारी करवाई, क्योंकि हिंदी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी माध्यम में बातचीत करने में दिक्कत आती है। अध्यापक ने छात्रों की शिक्षा को कंप्यूटर व इंटरनेट से जोड़कर उनके उपलब्धि स्तर व आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिसका सीधा प्रभाव बच्चों के उपलब्धि स्तर में हुई वृद्धि के रूप में स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। गौरतलब है कि पिछले 5 वर्षों से अध्यापक द्वारा चलाई जा रही ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अभी तक 250 से अधिक छात्रों का नवोदय में चयन और 33 छात्रों को स्वर्ण जयंती स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है।

**सेहतमंद** कचनार की सब्जी स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर

# फूलों से लदे कचनार के वृक्ष बढ़ा रहे जंगलों की शोभा

बीआर चौहान, राजगढ़

राजगढ़ क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों फूलों से लदे कचनार के वृक्ष जंगलों की शोभा बढ़ा रहे हैं। कचनार की सब्जी स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर है। आयुर्वेद में कचनार का उपयोग विभिन्न रोगों की दवाई बनाने के लिए किया जाता है।

गौर रहे कि कचनार के वृक्ष जंगलों में स्वतः ही उग होते है जिसमें बसंत ऋतु में लगने वाली पंखुड़ियां व फूल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों के लिए किया जाता है, जो कि विषैले तत्व से रहित व जैविक गुणों से भरपूर है। कचनार, जिसे लोग स्थानीय भाषा में करयालटी भी कहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग सब्जी व रायता बनाने के लिए किया





कचनार के फूल और कलियों के साथ पहाड़ी महिलाएं।

जाता है। कचनार की कलियों का आचार बहुत ही स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधि का काम भी करता है।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विश्वबंधु जोशी के अनुसार कचनार की सब्जी औषधीय गुणों से भरपूर है और कचनार की छाल का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं के बनाने में भी किया जाता है। इनका कहना है कि कचनार की छाल का शरीर के किसी भाग की गांठ को गलाने में सबसे उत्तम औषधी है।

इसके अतिरिक्त रक्त विकार, त्वचा रोग जैसे खाज-खुजली, एक्जीमा, फोड़े-फुंसी के उपचार में इसकी छाल उपयोग में लाई जाती है। पूर्व प्रधान अतर सिंह ठाकुर एवं प्रीतम ठाकुर का कहना है कि इन दिनों गांव में जंगली शुद्ध सब्जियों की बहार आई है जिनमें कचनार, काथी की कोंपलें, रामबाण के गोव्वा, फेगड़े, खड्कों के कोमल पत्ते, खड्डों में उगने वाली छछ इत्यादि जंगली सब्जियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।

इनका कहना है कि बाजार से मिलने वाली सब्जियों में कीटनाशक दवाओं की स्प्रे होने यह सब्जियां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो रही हैं जबकि जंगली सब्जियां पूर्णतया जैविक है और इनके उपयोग से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इनका कहना है कि युवा पीढ़ी को जंगली सब्जियां ज्यादा पसंद नहीं करते हैं परंतु इनके उपयोग से अनेक रोगों से बचाव होता है। (अनंत ज्ञान)

# रोड सेफ्टी क्लब के प्रयासों से 1000 गाड़ियों की सस्ती पार्किंग

अनंत ज्ञान, नाहन



रोड सेफ्टी क्लब की मुहिम के बाद शहर को सस्ती पार्किंग की सुविधा मिल गई है। जहां पहले सरकारी पार्किंग का रेट ₹80 था, अब इसे घटाकर ₹20 कर दिया गया है। रोड सेफ्टी क्लब के कार्यक्रम में विधायक अजय सोलंकी ने शहर की पार्किंग को कमाई की जगह नगर व्यवस्था के तहत लाने का सुझाव दिया। इसके बाद क्लब ने प्रशासन से मंजूरी लेकर सरकारी पार्किंग का शुल्क कम करवाया। अब 2 घंटे की पार्किंग के लिए ₹20 और 12 घंटे के लिए ₹80 का शुल्क रखा गया है।

शहर में 9 सरकारी पार्किंग सुविधाएं हैं, जिनमें 1000 से अधिक वाहन पार्क किए जा सकते हैं। क्लब अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने बताया कि नई पार्किंग बनाने के आयाम भी तलाशे जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से सड़कों पर वाहन खड़ा न करने और पार्किंग का इस्तेमाल करने की अपील की। क्लब की जागरूकता अभियान का असर यह है कि अब अधिकतर लोग दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चौपहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करते हैं।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि रैश ड्राइविंग से बचें ताकि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। क्लब ने कहा कि लंबे समय से सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को चिन्हित कर हटाया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र पाल भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस पहले खुद मर्यादा खीखे : संजीव राणा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के मीडिया प्रभारी संजीव राणा ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि 'जो पार्टी खुद मर्यादा की हर सीमा लांघ चुकी है, वह हमें भाषा की मर्यादा न सिखाए।' राणा ने स्पष्ट कहा, 'चंडीगढ़ कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष लक्की हमें पाठ न पढ़ाएं।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को जब अपने राजनीतिक हित साधने होते हैं, तो वे देश के प्रधानमंत्री तक के लिए अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकते और आज वही कांग्रेस हमें संयम और शिष्टाचार का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रही है। राणा ने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए यह भी कहा कि 'प्रताप सिंह बाजवा ने सार्वजनिक रूप से कहा कि 50 ग्रेनेड पंजाब लाए जा चुके हैं। सवाल यह है कि उन्हें कैसे पता चला कि कितने ग्रेनेड लाए गए, कौन लाया और कहां रखे गए?'

### छात्रों को मिले विश्व स्तरीय शिक्षण सुविधाएं : कटारिया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के परिधीय क्षेत्रों में शैक्षिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ प्रशासन का इंजीनियरिंग विभाग 'भविष्य के लिए तैयार चंडीगढ़ विजन 2030 और उसके बाद' की महत्वाकांक्षी दृष्टि में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा परिकल्पित इस दीर्घकालिक विकासात्मक खाका का उद्देश्य शहर को आधुनिक, समावेशी और भविष्योन्मुखी शिक्षा के केंद्र में बदलना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी क्षेत्रों के छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षण सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त हो। इस दृष्टि के अनुरूप, चंडीगढ़ के सेक्टर-46 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज में नए आईटी ब्लॉक के सफलतापूर्वक पूरा होने के साथ एक प्रमुख मील का पत्थर हासिल हुआ है। इस पहल से पहले, कॉलेज में बीबीए, बीसीए और एमकॉम जैसे आईटी से संबंधित पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों के लिए एक समर्पित स्थान की कमी थी, जिससे उनके लिए उपलब्ध व्यावहारिक प्रशिक्षण और तकनीकी प्रदर्शन का दायरा सीमित हो गया था। इस कमी को समझते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने कैरियर उन्मुख और प्रौद्योगिकी संचालित शिक्षा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एक विशेष आईटी बुनियादी ढांचे के विकास को मंजूरी दी। यह समर्पित आईटी ब्लॉक चंडीगढ़ प्रशासन की न्याय संगत और भविष्योन्मुखी शैक्षिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है और जल्द ही इसका औपचारिक उद्घाटन होने वाला है।

### निगम आयुक्त ने पशु आश्रय स्थलों का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पशुओं के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त ने शहर भर में विभिन्न पशु कल्याण केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त, नगर निगम चंडीगढ़ ने चल रही सेवाओं की समीक्षा करने और पशु देखभाल से संबंधित बुनियादी ढांचे का आकलन करने के लिए कई सुविधाओं का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, आयुक्त ने कुत्तों और पक्षियों सहित घायल पशुओं को प्रदान की जा रही सहायता का मूल्यांकन करने के लिए सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और केंद्र में उपलब्ध सेवाओं और सुविधाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। इसके अलावा, आयुक्त ने रायपुर कलां में गोशाला और पशु जन्म नियंत्रण केंद्र का दौरा किया। उन्होंने उसी क्षेत्र में बनने वाले पशु चिकित्सा अस्पताल का भी निरीक्षण किया। बुनियादी ढांचे को पूरा करने में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए कि अस्पताल जल्द से जल्द संचालन शुरू करने के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित हो। अमित ने औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कैटल पाउंड का भी दौरा किया। उन्होंने वहां रखे गए गायों और बछड़ों के भोजन और सामान्य देखभाल के बारे में जांच की। पशु स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने अधिकारियों को पशु कल्याण पर केंद्रित एक व्यापक योजना का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया, जिसमें घायल और बीमार पशुओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं का प्रावधान शामिल है। आयुक्त ने पशुओं के साथ मानवीय व्यवहार और उनकी भलाई के लिए एमसीसी के समर्पण को दोहराया, और रेखांकित किया कि इस तरह की पहल एक दयालु और जिम्मेदार शहर के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### चमोली में सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली में एक कार गहरी खाई में गिरी है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, घटना खराब मौसम के चलते हुई है। ये सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ है। यह हादसा चमोली के बिरही घाटी में निजमूला गांव के पास शुक्रवार देर रात को हुआ।

### एमडीएमके नेता दुरई ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**चेन्नई।** मरुमलारची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) नेता और इसके संस्थापक वाइको के बेटे दुरई वाइको ने शनिवार को पार्टी के प्रमुख सचिव पद से इस्तीफा दे दिया। बताया जाता है कि पार्टी में आंतरिक कलह की वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। राज्य के तिरुचिरापल्ली से लोकसभा सदस्य दुरई वाइको ने 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की और अपने इस्तीफे के लिए एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया।

### कांगो: नाव दुर्घटना में अब तक 148 की मौत

**किंशासा।** कांगो में नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 50 से बढ़कर 148 हो गई है और 100 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी कांगो में आग लगने के बाद नाव पलट गई, जिससे कम से कम 148 लोग मारे गए और सैकड़ों लापता हो गए। कांगो नदी में हुए हादसे के बाद दर्जनों लोगों को बचा लिया गया। हालांकि, कई बुरी तरह जल गए। नदी आयुक्त कॉम्पेटेंट लोयोको ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि मोटर चालित लकड़ी की नाव में मबंडाका शहर के पास आग लग गई। इसमें लगभग 400 यात्री सवार थे। 'एचबी कोंगोलो' नामक नाव मटनकुमु बंदरगाह से बोलोम्बा क्षेत्र के लिए रवाना हुई थी।

### कनाडा में भारतीय स्टूडेंट की गोली लगने से मौत

**ओंटारियो।** कनाडा के ओंटारियो के हैमिल्टन शहर में भारत से पढ़ाई करने गई एक 21 साल की स्टूडेंट हरसिमरत कौर की गोली लगने से मौत हो गई। वह मोहॉक कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी और बस स्टॉप पर खड़ी थीं, तभी गैंग के बीच हुई फायरिंग में एक गोली उन्हें लग गई। पुलिस के अनुसार हरसिमरत गलती से गोली की चपेट में आ गईं, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। गोलीबारी एक काली मर्सिडीज एसयूवी और सफेद कार के बीच हुई थी। भारत के टोरंटो स्थित वाणिज्य दूतावास ने इस घटना पर दुख जताया है और परिवार को हर संभव मदद देने की बात कही है।

### क्रॉस बॉर्डर ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, 10 धरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने क्रॉस बॉर्डर ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। क्राइम ब्रांच ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इंडिया में ड्रग के बड़े सिंडिकेट को चलाते थे। बड़ी मात्रा में हेरोइन, मोबाइल फोन और डाटा रिकवर किया है।

# एमसीसी ने सेक्टर-26 मंडी से अवैध विक्रेताओं को हटाया

## नगर निगम चंडीगढ़ और मार्केट कमेटी ने मेगा प्रवर्तन अभियान के तहत 43 चालान किए

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



शनिवार को सेक्टर 26 मंडी में प्रवर्तन विंग, नगर निगम चंडीगढ़ और मार्केट कमेटी द्वारा संयुक्त मेगा प्रवर्तन अभियान चलाया गया। मेगा अभियान एमसी संयुक्त आयुक्त सुमीत सिहाग की देख-रेख में चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वाले और मंडी के सुचारु संचालन को बाधित करने वाले अनधिकृत विक्रेताओं को हटाना था।

अभियान के परिणामस्वरूप, क्षेत्र से अवैध वेंडिंग सेटअप को हटा दिया गया, जिससे विक्रेताओं और आगंतुकों दोनों के लिए बेहतर स्वच्छता, यातायात की आवाजाही और सुरक्षा सुनिश्चित हुई। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान, अवैध वेंडिंग और सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे में लिप्त उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ 43 चालान जारी किए गए।

एमसीसी शहर भर के बाजार क्षेत्रों में स्वच्छता, व्यवस्था और उचित विनियमन बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है और सभी विक्रेताओं से स्थापित मानदंडों का पालन करने और उचित प्राधिकरण प्राप्त करने का आग्रह करती है। (अनंत ज्ञान)

# उत्तराखंड में स्थापित होगा फायर सर्विस का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केंद्र : धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पुलिस लाइन, देहरादून में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तृतीय ऑल इंडिया फायर सर्विस गेम्स के दौरान पदक जीतने वाले 7 एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार के डीजीएफएस डिस्क मेडल विजेता 2 अग्निशमन कर्मियों को सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड फायर सर्विस में सम्मिलित 20 नए फायर टैंडरों एवं अग्निशमन वाहनों को जन-जागरूकता हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अग्निशमन कर्मियों द्वारा दिखाए गए करतबों का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भीमताल, द्वाराहाट, गौचर, पुरोला और सहस्त्रधारा में जल्द ही नए फायर स्टेशन खोले जाने, उत्तराखंड में फायर सर्विस का विश्व स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने एवं प्रयागराज में हुए महाकुंभ में ड्यूटी कर अपना कर्तव्य निभाने वाले उत्तराखंड फायर सर्विस के सभी कर्मियों को 10-10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा के जवानों ने उत्तराखंड बनने से अब तक 53 हजार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को आग से बचाया है। 27 हजार से अधिक मनुष्यों एवं लगभग 7 हजार पशुओं का जीवन भी बचाया है। अब महिलाएं भी उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा में फायर फाइटर के रूप में अपना योगदान दे रही हैं, जो सभी को गौरवान्वित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के मार्ग-दर्शन में राज्य सरकार, प्रदेश में अग्निशमन एवं आपात सेवा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत एवं रक्षा उपकरणों के आधुनिकीकरण पर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा के लिए 71 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। वर्तमान में प्रदेश में 18 फायर स्टेशनों का निर्माण एवं फायर इमर्जेंसी से निपटने के लिए विश्वस्तरीय उपकरणों को खरीदने के प्रयास भी जारी हैं। अग्निशमन कर्मियों की सुरक्षा हेतु सरकार ने विश्वस्तरीय गुणवत्ता के फायर सूट भी खरीदे हैं।

# संत शिरोमणि धन्ना भगत की शिक्षाओं का जन-जन तक हो प्रसार : कृष्ण कुमार



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि उचाना में 20 अप्रैल को संत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती पर भव्य आयोजन होगा। इस आयोजन से जन-जन में संत शिरोमणी धन्ना भगत की समरस्ता एवं सेवाभाव की शिक्षाओं के प्रसार को बल मिलेगा। कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को उचाना बस स्टैंड के पास बनाए गए समारोह स्थल का दौरा कर रहे थे।

बेदी ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे जबकि राज्य सभा सांसद सुभाष बराला बतौर संयोजक शिरकत करेंगे। बेदी ने समारोह के सफल आयोजन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व जलपान इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जाए।

20 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम में दाड़न खाप सहित प्रदेशभर की अन्य सामाजिक खापों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, वहीं साधु, संत महात्मा भी शिरोमणि संत धन्ना भगत की जयंती में आमंत्रित किए गए है। उन्होंने जिला जींद की जनता से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की।

## कांग्रेस ने बढ़ाए प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में बढ़ाए गए प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस ने एक बार फिर भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने भाजपा पार्षदों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल इस्तीफा देने की चुनौती दी। कांग्रेस ने रविवार को मनीमाजरा में बड़े विरोध प्रदर्शन का ऐलान भी किया है। लक्की ने कहा कि अगर भाजपा पार्षद वाकई प्रॉपर्टी टैक्स के खिलाफ हैं, तो उन्हें अपने पद छोड़कर ईमानदारी से विरोध जताना चाहिए। उन्होंने चुनौती दी कि भाजपा पार्षद बताएं कि वे अपना इस्तीफा कब और कहां देंगे। लक्की ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ उपमहापौर, उपमहापौर और सभी पार्षद भाजपा से पहले इस्तीफा देकर जनता के साथ अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध करेंगे।



चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा लगाए गए नए प्रॉपर्टी टैक्स को 'जनविरोधी' बताते हुए लक्की ने भाजपा पर प्रशासन से मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही जनता पर 50 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ डालना सरासर अन्याय है। भाजपा ने वादा किया था कि महापौर बनने के बाद केंद्र से फंड दिलाएगी, लेकिन अब जनता की जेब पर सीधा वार किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष लक्की ने भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार पर भी हमला बोला।

# युवा नशा त्याग प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन को करें साकार : कृषि मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संदेश के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों को कवर करते हुए साइक्लोथॉन यात्रा आज पॉलिटेक्निक कॉलेज दामला (यमुनानगर) से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने झंडी दिखाकर यमुनानगर के लिए रवाना किया।

साइक्लोथॉन आगमन पर जिलावासी जोश, उत्साह व उमंग से भरे नजर आए। साइक्लोथॉन यात्रा में लोटा और नमक नागरिकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने, प्रबुद्ध वर्ग और युवाओं ने लोटे में नमक डालकर हरियाणा को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का विजन है, जिसमें युवाओं की अहम भूमिका रहेगी। मंत्री ने युवा शक्ति का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहे और इस सामाजिक कुरीति को जड़ से खत्म करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने के लिए हर घर से हर सदस्य को आगे आकर सरकार की सकारात्मक और सार्थक पहल में आहुति डालते हुए ड्रग फ्री हरियाणा बनाना होगा। नशा मानवता के लिए विनाशकारी है, जिसे हमें पूरी तरह से नकारना चाहिए। हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित यह ड्रग फ्री हरियाणा यात्रा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक व्यापक जन आंदोलन है, जिसमें पूरे हरियाणा के लोग नशे के खिलाफ अपनी आवाज उठा रहे हैं और नशामुक्त हरियाणा बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

## देश-विदेश

# अमेरिका का यमन की तेल बंदरगाह पर हवाई हमले, 70 से अधिक लोगों की मौत

**एजेंसी, दुबई**



यमन के हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले एक अहम तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमले में 70 से अधिक लोग मारे गए और 171 अन्य घायल हो गए। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने यह जानकारी दी।

रास ईसा बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमले के बाद टैंकर ट्रक जलते हुए मलबे में तब्दील हो गए। यह बंदरगाह ईंधन की आपूर्ति का एक प्रमुख केंद्र है और यही से यमन के हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों को ईंधन पहुंचता है। हूती विद्रोहियों ने बताया कि हमले में कम से कम 74 लोग मारे गए और 171 अन्य घायल हो गए। उन्होंने समाचार चैनल पर हमले के बाद की घटनाओं का ग्राफिक फुटेज दिखाया, जिसमें बंदरगाह पर लाशें बिखरी हुई थीं और टैंकर ट्रक टूटे हुए थे। उन्होंने हमले की निंदा करते हुए इसे 'पूरी तरह से अनुचित' करार दिया। अमेरिकी हवाई हमलों में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की घटना अमेरिका की ओर से विद्रोहियों के खिलाफ हमले तेज किए जाने के संकेत देते हैं।

## अजमेर दरगाह में मंदिर के दावे पर सुनवाई 31 मई को

**अजमेर।** अजमेर स्थित दरगाह के गर्भगृह में शिव मंदिर होने के दावे से जुड़ी याचिका पर शनिवार को सुनवाई टाल दी गई। अब इस मामले में अगली सुनवाई 31 मई को होगी। पूर्व में हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से दायर याचिका के तहत सरकारी विभागों को दरगाह में चादर पेश करने से रोकने की मांग करते हुए स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। अल्पसंख्यक मंत्रालय और एएसआई की ओर से जवाब दाखिल किया गया। एडवोकेट योगेंद्र ओझा ने जानकारी दी कि जिला न्यायालय की नई इमारत के उद्घाटन, सुप्रीम कोर्ट से अधिवक्ता के अनुपस्थित रहने और नए प्रार्थना पत्रों के कारण सुनवाई स्थगित करनी पड़ी।

# खुद को नेता के रूप में नहीं देखता सत्य का साधक हूं : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सच्चाई के लिए खड़े होना गांधी-नेहरू की परंपरा रही है तथा वह खुद को नेता के रूप में नहीं देखते, बल्कि सत्य का साधक (सीकर ऑफ ट्रुथ) मानते हैं।

उन्होंने पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के साथ एक पॉडकास्ट में नेहरू की राजनीति, आदर्श, विचार और योगदान के बारे बात की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस संवाद के दौरान अमेरिकी शुल्क से जुड़े विषय का भी उल्लेख किया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झुक गए, जबकि नेहरू और इंदिरा ऐसी परिस्थिति में कभी नहीं झुकते। उन्होंने अपने परिवार के राजनीतिक दर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीति वास्तव में सत्य के लिए होती है। राहुल गांधी का कहना था कि नेहरू ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीय नागरिकों को उत्पीड़न का विरोध करने और अंततः स्वतंत्रता का उदघोष करने का साहस दिया। उनकी सबसे बड़ी विरासत सत्य की उनकी निरंतर खोज में निहित है। एक ऐसा सिद्धांत है जिसने उन सभी चीज़ों को आकार दिया जिनके लिए वे खड़े थे।

## मुंबई के विले पार्ले में 'अवैध' जैन मंदिर गिराया, विरोध

**एजेंसी, मुंबई**

**मुंबई** के विले पार्ले इलाके में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने एक कथित तौर पर अवैध जैन मंदिर को तोड़ दिया है। इसके बाद जैन समुदाय के लोगों ने बीएमसी के खिलाफ-प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।



उन्होंने बीएमसी के के-ईस्ट वार्ड कार्यालय तक विरोध मार्च निकालने की योजना बनाई है। यह मंदिर कंबलिवाड़ी के नेमिनाथ सहकारी आवास सोसायटी में बना था और जैन समुदाय के मुताबिक, यह 1960 के दशक से वहां मौजूद था। मामले में मंदिर के ट्रस्टी अनिल शाह ने बताया कि बीएमसी ने 16 अप्रैल को मंदिर गिरा दिया। उनका दावा है कि पहले बीएमसी से इसकी मरम्मत और पुनर्निर्माण की अनुमति भी ली गई थी।

## अंडरवर्ल्ड डॉन मुथप्पा के बेटे की गोली मारकर हत्या

**रामनगर (कर्नाटक)।** अंडरवर्ल्ड डॉन एन मुथप्पा राय के बेटे को कर्नाटक के रामनगर में बिदादी स्थित उसके घर के पास अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुथप्पा राय की 2020 में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि मुथप्पा राय के बेटे रिकी राय का बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- दुबई कोर्ट का बच्चे पर यात्रा प्रतिबंध लगाना मानवाधिकार का उल्लंघन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने वैवाहिक विवाद मामले में एक नाबालिग बच्चे पर यात्रा प्रतिबंध लगाने संबंधी दुबई की एक कोर्ट के आदेश की आलोचना की है। शीर्ष अदालत ने इसे अत्याचारी और मानवाधिकारों का उल्लंघन करार दिया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने बच्ची के पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवाद में अदालत की ओर से यात्रा प्रतिबंध लगाना वस्तुतः घर में नजरबंद करने के समान है। पिता घाना के नागरिक हैं और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में रहते हैं। पीठ ने 17 अप्रैल को आदेश दिया कि याचिकाकर्ता को अन्य राहतों के साथ मुलाकात का अधिकार देने के सीमित उद्देश्य के लिए नोटिस जारी किया जाए और इसका जवाब 28 अप्रैल तक दिया जाए।

## रांची में भारतीय वायुसेना का 'एयर शो'



**रांची।** भारतीय वायुसेना की प्रतिष्ठित 'सूर्य किरण एरोबैटिक टीम' (एसकेएटी) ने शनिवार सुबह 'नामकुम आर्मी ग्राउंड' में शानदार 'एयर शो' से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह समेत वरिष्ठ रक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। इस कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के एक चरण में छह विमानों ने करीबी संरचना में उड़ान भरी, जबकि दूसरे चरण में इन विमानों ने जमीन से मात्र 100 फुट की ऊंचाई पर करतब दिखाए।

# दुनिया में बजा भारत की दवाओं का डंका एक्सपोर्ट पहली बार 30 अरब के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत का फार्मा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में 30 बिलियन डॉलर को पार कर गया, जिसमें अमेरिका देश के फार्मा निर्यात का एक तिहाई से अधिक हिस्सा रखने वाला प्रमुख बाजार बना हुआ है। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

आधिकारिक व्यापार आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में फार्मा निर्यात 30,467.32 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2024 के 27,851.70 मिलियन डॉलर से 9 प्रतिशत अधिक है।

### 30 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज



**आंकड़ों** के अनुसार, मार्च के महीने में फार्मा निर्यात में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 2,805.71 मिलियन डॉलर से बढ़कर 3,681.51 मिलियन डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2025 में मूल्य के संदर्भ में अमेरिका को निर्यात 14.29 प्रतिशत बढ़कर 8,953.37 मिलियन डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष में भारत के फार्मा निर्यात में टॉप पर रहने वाले दूसरे देशों में यूके, ब्राजील, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका थे।

### 8 से 9 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद

**रिपोर्ट** में कहा था कि घरेलू फार्मास्यूटिकल्स बाजार में वित्त वर्ष 2026 में सालाना आधार पर 8-9 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) की रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2025 के लिए इस क्षेत्र में वृद्धि सालाना आधार पर 7.5-8.0 प्रतिशत होगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के एसोसिएट डायरेक्टर कृष्णनाथ मुंडे ने कहा कि 'इस क्षेत्र में वित्त वर्ष 2024 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023 में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी।

## छत्तीसगढ़ में चोरी के शक में श्रमिकों को दी यातनाएं नाखून उखाड़े, लगाया करंट

**कोरबा (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में चोरी के शक में आइसक्रीम फैक्टरी के दो मजदूरों को उनके मालिक और उसके सहयोगी ने कथित तौर पर यातनाएं दीं। आरोपियों ने श्रमिकों के नाखून उखाड़ दिए और उन्हें बिजली के झटके दिए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के निवासी अभिषेक भांबी और विनोद भांबी को सिविल लाइंस पुलिस थाना क्षेत्र के खपराभट्टी इलाके में छोटू गुर्जर की आइसक्रीम फैक्टरी में काम के लिए एक ठेकेदार के जरिए रखा था। अधिकारी ने बताया कि 14 अप्रैल को गुर्जर और उसके सहयोगी मुकेश शर्मा ने दोनों श्रमिकों पर चोरी का आरोप लगाया। दोनों के कपड़े उतार दिए गए, उन्हें बिजली के झटके दिए गए और उनके नाखून उखाड़ दिए।

## गुड गवर्नेंस वही, जो देश को संविधान के हिसाब से लेकर चले : मायावती

**एजेंसी, लखनऊ**

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि गुड गवर्नेंस वही जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से लेकर चले। इससे जन और देश का हित प्रभावित नहीं होगा।

बसपा प्रमुख ने शनिवार को 'एक्स' पर कहा कि जनगणना और उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुनः आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने आदि के राज्यों व केंद्र के बीच विवाद को राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग करने से जन और देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वैसे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित-उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे-बच्चियां अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर आईटी और स्किल्ड क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं। सरकार इस बात का जरूर ध्यान रखे। भाषा के प्रति नफरत अनुचित। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में भी पार्टी के जनाधार बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार कर ली है। इसको लेकर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा हुई। इसके बाद इन राज्यों में पैर जमाने के लिए पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा-निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प लिया गया है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
निकोलस पूरन
357




पर्पल कैप
नूर अहमद
12



सिक्सर किंग
निकोलस पूरन
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 06 | 05 | 01 | 10 |
| 2. | पंजाब | 07 | 05 | 02 | 10 |
| 3. | गुजरात | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 4. | बेंगलुरु | 07 | 04 | 03 | 08 |
| 5. | लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 08 |
| 6. | कोलकाता | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 7. | मुंबई | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 8. | राजस्थान | 07 | 02 | 05 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय घरेलू हॉकी में अच्छी गहराई और गुणवत्ता है: फुल्टन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शनिवार को कहा कि देश की हॉकी में काफी गहराई है और मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' वाली टीम बनाने के लिए अगले 18 महीने महत्वपूर्ण होंगे। फुल्टन को हाल में समाप्त हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान भारत की क्षेत्रीय प्रतिभा को जानने और समझने का मौका मिला। उन्होंने कहा, ''जब हमने अपनी मजबूती पर जोर दिया तो मैच काफी करीबी रहे। भारतीय हॉकी में काफी गहराई है विशेषकर गोलकीपिंग और कुछ अन्य क्षेत्रों में जिसे देखना बहुत अच्छा था। उन खिलाड़ियों को पहचानना भी उत्साहजनक था, जिन्होंने पहले लीग में भाग नहीं लिया था।'' मुख्य कोच ने क्षेत्रीय टीमों के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि जहां विजेता पंजाब का मजबूत पक्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी था, वहीं शीर्ष चार टीमों ने कुल-मिलाकर अच्छे संतुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ''कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में मजबूत थे।

### नितीश-साची का स्टाइलिश अंदाज

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज नितीश राणा की पत्नी का नाम साची मारवाह है। साची बेहद खूबसूरत हैं और रिश्ते में वह मशहूर एक्टर गोविंदा की भांजी हैं। साची पेशे से एक इंटीरियर डिजाइनर हैं।



### खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदली : राजनाथ सिंह


**एजेंसी, लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि समाज में खेल और खिलाड़ियों को लेकर धारणा बदल चुकी है और आज माता-पिता अपने बच्चों को लिएंडर पेस, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, पीवी सिंधू जैसे खिलाड़ियों के रूप में देखना चाहते हैं। 'खेलोगे कूदोगे होंगे खराब, पढ़ोगे, लिखोगे तो बनोगे नवाब' नामक लोकप्रिय मुहावरे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि एक समय ऐसा माना जाता था कि खेलों में समय लगाना समय की बर्बादी है। लखनऊ के केडी सिंह 'बाबू' स्टेडियम में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज यह सोच बदल गई है और खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदल गई है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए यह बहुत जरूरी है कि खेलों और खिलाड़ियों को ना केवल समाज में महत्व दिया जाए बल्कि उन्हें फलने-फूलने का पूरा मौका भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ शहर अपनी खेल संस्कृति के लिए उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी जाना जाता था। महान हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू, जिनके नाम पर यह स्टेडियम जाना जाता है, ने यहां लंबा समय बिताया था।

## आईपीएल जोश बटलर ने बनाए 97* रन, प्रसिद्ध कृष्णा ने लिए 4 विकेट

# गुजरात ने दिल्ली को 7 विकेट से हराया



शॉट खेलता जोश बटलर।



शॉट खेलता शेरफेन रदरफोर्ड।

**एजेंसी, अहमदबाद**

जोस बटलर के 97 रन की मदद से गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। गुजरात ने सीजन में 5वीं जीत दर्ज की, वहीं दिल्ली को दूसरी ही हार मिली। प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 विकेट लिए। बटलर ने शेरफन रदरफोर्ड के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप भी की।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को गुजरात ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने 8 विकेट खोकर 203 रन बनाए। गुजरात ने 3 ही विकेट के नुकसान पर 20वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। 97 रन बनाने वाले बटलर को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। 20वें ओवर में गुजरात को जीत के लिए 10 रन चाहिए थे। मिचेल स्टार्क बॉलिंग करने आए। राहुल तेवतिया ने पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। गुजरात टाइटंस ने 19वें ओवर में तीसरा विकेट गंवाया। मुकेश कुमार ने ओवर की पांचवीं बॉल हाई फुल टॉस फेंकी, शेरफन रदरफोर्ड लॉन्ग ऑफ पोजिशन पर कैच हो गए। रदरफोर्ड ने 43 रन बनाए, उन्होंने जोस बटलर के साथ तीसरे विकेट के लिए 119 रन की पार्टनरशिप की। जोस बटलर ने 15वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ लगातार 5 चौके लगाए। उन्होंने स्टार्क की शुरुआती 5 गेंदों पर बाउंड्री लगाई और आखिरी गेंद डॉट खेली।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पोरेल क. सिराज ब. अरशद | 18 | 09 | 3/1 |
| नायर क.अरशद ब. कृष्णा | 31 | 18 | 2/2 |
| राहुल पगबाधा कृष्णा | 28 | 14 | 4/1 |
| पटेल क. बटलर ब. कृष्णा | 39 | 32 | 1/2 |
| स्टब्स क. कृष्णा ब. सिराज | 31 | 19 | 2/1 |
| आशुतोष क. महीपाल ब. किशोर | 37 | 19 | 2/3 |
| निगम क. बटलर ब. कृष्णा | 00 | 01 | 0/0 |
| फरेरा क. किशोर ब. ईशांत | 01 | 03 | 0/0 |
| स्टार्क (नाबाद) | 02 | 02 | 0/0 |
| यादव (नाबाद) | 04 | 01 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 12 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **203/8** | | |

**विकेट पतन :** 1-23, 2-58, 3-93, 4-146, 5-173, 6-173, 7-191, 8-199.
**गेंदबाजी :** सिराज 4-0-47-1, अरशद 4-0-46-1, कृष्णा 4-0-41-4, राशिद 4-0-38-0, ईशांत 3-0-19-1, साई किशोर 1-0-9-1.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सुदर्शन क. स्टब्स ब. यादव | 36 | 21 | 5/1 |
| गिल क. रनआउट | 07 | 00 | 1/0 |
| बटलर (नाबाद) | 97 | 54 | 11/4 |
| रदरफोर्ड क. स्टार्क ब. मुकेश | 43 | 34 | 1/3 |
| तवेतिया (नाबाद) | 11 | 03 | 1/1 |
| **अतिरिक्त** | 10 | | |
| **कुल : (19.2 ओवर)** | **3/204** | | |

**विकेट पतन :** 1-14, 2-74, 3-193.
**गेंदबाजी :** स्टार्क 3.2-0-49-0, मुकेश 4-0-18-0, पटेल 2-0-18-0, निगम 4-0-34-0, यादव 4-0-30-1, मोहित 2-0-28-0.

## मार्करम की दमदार पारी से लखनऊ का मजबूत स्कोर



शॉट खेलता एडेन मार्करम।

**एजेंसी, जयपुर**

आईपीएल का 36वां मैच शनिवार को लखनऊ सुपरजायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। राजस्थान से 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू कैप मिली है। वे इंपैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करेंगे।

ओपनर बल्लेबाजी करने आए मिचेल मार्श और मार्करम ने पारी को संभाला। मार्श 6 गेंदों में 4 रन बनाकर जल्दी की चलते बने। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए निकोलस पूरन को मात्र 11 रन पर संदीप ने पगबाधा आउट कर दिया। उसके बाद ऋषभ पंत भी 3 रन बनाकर चलते बने।

समाचार लिखे जाने तक 12 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बना लिए थे। मार्करम (61) रन और आयुश बदोनी (24) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।

## यह चिन्नास्वामी के आम विकेट की तरह नहीं है, हमने सबक भी नहीं लिया : हेजलवुड

**एजेंसी, बेंगलुरु**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि यहां का विकेट चिन्नास्वामी के आम विकेट की तरह नहीं है तथा उनके बल्लेबाजों का पिछले मैचों से सबक नहीं लेने के कारण उन्हें अपने घरेलू मैदान पर लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है।

आरसीबी को शुक्रवार को बारिश से प्रभावित मैच में पंजाब किंग्स से पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले वह अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स से भी हार गया था।

हेजलवुड ने कहा, ''यह चिन्नास्वामी के आम विकेट की तरह नहीं है। निश्चित तौर पर इसमें हमेशा उछाल रहती है लेकिन अब इसमें कम विविधता देखने को मिल रही है।'' इससे पहले आरसीबी के मेंटर (मार्गदर्शक) दिनेश कार्तिक भी यहां की किसकी आलोचना कर चुके हैं। उन्होंने कहा, ''यह हमारी घरेलू मैदान पर लगातार तीसरी हार है। शायद ऐसा इसलिए हुआ कि हमने पिछले दो मैच से जल्दी सबक नहीं सीखा और हमने जितना हो सकता था उतना अभ्यास भी नहीं किया। हम शुरुआती ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए।''

उन्होंने कहा, ''पिछले दो मैच में हमारी गेंदबाजी पहले से बेहतर रही लेकिन हम इतनी जल्दी सुधार नहीं कर पाए जितना हमें करना चाहिए था।'' पंजाब किंग्स के स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने मध्यक्रम के बल्लेबाज नेहल वढेरा की छोटे से लक्ष्य के सामने संयम के साथ बल्लेबाजी करने के लिए सराहना की। वढेरा ने 19 गेंदों में नाबाद 33 रन की पारी खेली।

## चहल आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक : श्रेयस अय्यर

**एजेंसी, बेंगलुरु**



पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने युजवेंद्र चहल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्होंने इस लेग स्पिनर से निजी बातचीत में रन जाने की चिंता करने के बजाय विकेट लेने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। चहल मौजूदा आईपीएल में शुरू में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन उन्होंने अब अपनी लय हासिल कर ली है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के विकेट लेकर पंजाब की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। अय्यर ने कहा, ''मैंने निजी तौर पर चहल से बात की। मैंने उनसे कहा कि आप मैच विजेता हैं और आपको जितना संभव हो हमारे लिए विकेट हासिल करने हैं। आपको रक्षात्मक रवैया अपनाने की जरूरत नहीं है और आप वापसी करने की क्षमता रखते हो। हम एक लेग स्पिनर के तौर पर उनकी इसी बात के लिए प्रशंसा करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''वह आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है, शायद आईपीएल में अब तक का सबसे अच्छा गेंदबाज है। आपको हर समय उसका समर्थन करना होगा।'' बारिश से प्रभावित यह मैच प्रति टीम 14 ओवर का कर दिया गया। आरसीबी की टीम में पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 95 रन बनाए। पंजाब ने 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। अय्यर ने वढेरा के आक्रामक रवैये की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''निश्चित तौर पर आपको एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करे। नेहल का रवैया आज शानदार था। उम्मीद है कि आगे भी वह इसी फॉर्म को बरकरार रखेगा।'' आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने कहा कि उनके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था।

## वापसी की राह पर सौरभ चौधरी उम्मीदों और लक्ष्यों को लेकर चिंतित नहीं



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो साल के अंतराल के बाद वापसी कर रहे भारतीय पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी ने कहा कि वह पदक जीतने, लक्ष्य निर्धारित करने और उम्मीदों को पूरा करने के लिए अपनी नींद गंवाने की जगह कदम दर कदम आगे बढ़ना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह अतीत में भी इन चीजों को लेकर परेशान नहीं थे।

भारतीय निशानेबाजी में सबसे तेजी से उभरते युवा से लेकर खराब फॉर्म के कारण गुमनामी में जाने तक इस 22 साल के निशानेबाज ने कम समय में करियर में बड़ा उतार चढ़ाव देखा है। उन्होंने हाल ही में ब्यूनस आयर्स और लीमा में आईएसएसएफ विश्व कप में क्रमश: कांस्य और स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष स्तर की निशानेबाजी में शानदार वापसी की है।

## पंजाब के खिलाफ आज उतरेगी आरसीबी

**एजेंसी, मुल्लांपुर (पंजाब)**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पंजाब के खिलाफ शुक्रवार को बेंगलुरु में खेले गए मैच में टिम डेविड को छोड़कर आरसीबी का कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और टीम को पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

आरसीबी के पास फिल साल्ट, विराट कोहली, कप्तान रजत पाटीदार और लियाम लिविंगस्टोन जैसे धाकड़ बल्लेबाज हैं, लेकिन उनके पास वापसी करने का बहुत कम समय है। पाटीदार ने बेंगलुरु में पंजाब के हाथों पराजय के लिए बल्लेबाजों की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा, ''विकेट शुरू में बल्लेबाजी के लिए बहुत अनुकूल नहीं था, लेकिन हम एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर अच्छा प्रदर्शन कर सके। साझेदारी निभाना महत्वपूर्ण था, लेकिन हमने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। यह हमारे लिए बहुत बड़ा सबक है।'' आरसीबी अभी अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और अगर उसे शीर्ष चार में जगह बनाए रखनी है तो उसके बल्लेबाजों को जल्द से जल्द अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

आरसीबी विस्फोटक शुरुआत प्रदान करने के लिए साल्ट और कोहली पर भरोसा करेगी और मध्यक्रम में स्थिरता प्रदान करने के लिए पाटीदार, लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा, क्रुणाल पांड्या और डेविड पर जिम्मेदारी होगी। गेंदबाजी के मोर्चे पर, जोश हेज़लवुड और भुवनेश्वर कुमार आक्रमण की अगुवाई करेंगे, लेकिन उन्हें यश दयाल, क्रुणाल और सुयश शर्मा जैसे गेंदबाजों से अधिक सहयोग की जरूरत पड़ेगी। जहां तक पंजाब का सवाल है तो श्रेयस अय्यर की अगुवाई में उसकी टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल साल्ट, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**पंजाब किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, प्याला अविनाश।

## भारतीय टीमों ने ब्रिज विश्व चैंपियनशिप का टिकट कटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने दुबई में एशिया एवं पश्चिम एशिया ब्रिज महासंघ के टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक हासिल किया तथा पदक जीतने वाली टीमों ने अगली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन प्राप्त कर ली। विश्व ब्रिज महासंघ के तत्वावधान में 10 से 18 अप्रैल के बीच आयोजित टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष, महिला और सीनियर टीमों ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मिश्रित टीम ने रजत पदक जीता। चारों भारतीय टीमों ने 20 से 31 अगस्त तक डेनमार्क के हर्निंग में होने वाली 47वीं विश्व ब्रिज चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली 35 देशों की 66 टीमों में भारत भी शामिल होगा। खेल मंत्रालय 2017 से ही भारतीय ब्रिज महासंघ को सहायता दे रहा है। प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए मंत्रालय के वार्षिक कैलेंडर (एसीटीसी) में प्रशिक्षण शिविरों, विदेशी प्रतियोगिता, कोच के खर्च और उपकरणों के अलावा अन्य खर्च शामिल हैं। इसमें सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर स्तर के खिलाड़ी शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में मंत्रालय द्वारा ब्रिज पर औसतन 2.55 करोड़ रुपए प्रति वर्ष खर्च किए गए हैं।

## होशियारपुर के लड़के व सोनीपत की लड़कियां बनी हॉकी विजेता

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में मां यमुना हॉकी क्लब द्वारा आयोजित सातवीं उत्तर भारत हॉकी प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। इसमें पांवटा तसीलदार ऋषभ शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच होशियारपुर टीम के लड़कों और मां यमुना हॉकी स्पोर्ट्स की टीम के बीच हुआ, जिसे होशियारपुर ने 3-2 के मुकाबले से जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजेता टीम को ट्रॉफी व 31 हजार रुपए नकद पुरस्कार व उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी भेंट की गई। दूसरा लड़कियों का फाइनल मैच सोनीपत और शाहाबाद के बीच हुआ, जिसे सोनीपत की लड़कियों ने 3-0 से जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को ट्रॉफी व 31 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान कि गई। दोनों विजेता टीमों को मुख्यातिथि ऋषभ शर्मा द्वारा पुरस्कार दिए गए। इस दौरान मुख्यातिथि ने आयोजकों द्वारा करवाए गए इस आयोजन के लिए उनका धन्यवाद किया।



## आईपीएल मुंबई को जीत की लय बरकरार रखने के लिए रणनीति बदलने की होगी चुनौती

# चेन्नई के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी मुंबई

**एजेंसी, मुंबई**



चेन्नई सुपर किंग्स की खराब फॉर्म इंडियन प्रीमियर लीग के 'क्लासिको (सबसे ज्यादा प्रतिद्वंद्विता वाला मैच)' की चमक को कम कर सकती है, लेकिन मुंबई इंडियंस के लिए रविवार को यहां अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए रणनीति बदलने की चुनौती होगी।

मुंबई ने शुरुआती मैचों की निराशा को पीछे छोड़ते हुए अपने पिछले दो मैचों में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को मात देकर अच्छी वापसी की है। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम तालिका में सातवें पायदान पर है और वह मौजूदा सत्र में जीत की हैट्रिक लगाने के साथ सत्र के अपने पहले मैच में इस टीम से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी। मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में शानदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी को बड़ा स्कोर खड़ा करने का मौका नहीं दिया। उस मैच में पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिली थी, लेकिन चेन्नई के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलना टीम के लिए जोखिम भरा हो सकता है। चेन्नई के पास शानदार लय में चल रहे खब्बू स्पिनर नूर अहमद के अलावा अनुभवी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन का भी विकल्प है। नूर ने सात मैचों में 12 विकेट लिए है, जिसमें मुंबई के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन सफलता शामिल है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**चेन्नई सुपर किंग्सः** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ, आयुष म्हात्रे, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, मथीश पथिराना।